You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-211 ❒ गुरुवार, 04 सितम्बर 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



शहरों में भीड़भीड़ को देखते हुए यातायात की व्यवस्था को सुचारू बनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा है कि इसके लिए प्राथमिकता के आधार पर ठोस कदम उठाने की जरूरत है। नितिन गडकरी

नौसेना का युद्धपोत त्रिकंद 'ब्राइट स्टार' अभ्यास में दिखायेगा अपना जौहर 11

बिहार बंद को सफल बनाने को लेकर एनडीए नेता हुए एकजुट 12

## दीपोत्सव के अवसर पर 1,000 से अधिक ड्रोन से होगा भव्य शो

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी अयोध्या में दीपावली को यादगार बनाने के लिए 'दीपोत्सव 2025' का आयोजन करने जा रही है। इस अवसर पर पर्यटन विभाग द्वारा एक आकर्षक एरियल ड्रोन शो आयोजित किया जाएगा। रामनगरी के आसमान में 1,000 से अधिक रंग-बिरंगे ड्रोन एक साथ उड़ान भरकर भक्ति, अध्यात्म और आधुनिकता का मनोरम झलक प्रस्तुत करेंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि ड्रोन शो दीपोत्सव की आध्यात्मिक भव्यता को और भी आकर्षक बनाएगा। पिछले वर्ष से भव्य दीपोत्सव की तैयारियां की जा रही है। उन्होंने बताया कि अयोध्या में 19 अक्टूबर 2025 को भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर रामनगरी लाखों दीयों की रोशनी से आलोकित होगी। इस आयोजन का उद्देश्य




❒ दीपोत्सव-2025 में दुनिया देखेगी भारत की समृद्ध संस्कृति और नवीन तकनीक का अद्भुत मिलन : जयवीर

भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन की पौराणिक स्मृतियों को जीवंत करना है। इसके तहत पूरे नगर को आकर्षक रोशनी से सजाया जाएगा और सरयू नदी के घाटों पर लाखों दीप प्रज्जवलित किए जाएंगे दीपोत्सव में शोभायात्रा के साथ विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और धार्मिक आयोजन भी होंगे, जो आगंतुकों को मंत्रमुग्ध करेंगे।

मंत्री ने बताया कि अयोध्या में इस बार होने वाले दीपोत्सव में दर्शकों को मनोरंजन के साथ एरियल ड्रोन शो का दिव्य अनुभव मिलेगा। उन्होंने बताया कि लगभग 15 मिनट तक चलने वाले इस शो में 1,000 से अधिक मेड इन इंडिया ड्रोन मेला की पौराणिक एवं आध्यात्मिक गाथा को कलात्मक रूप में प्रस्तुत करेंगे। ड्रोन शो में प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमान जी की धनुर्धारी मुद्राओं का सजीव चित्रण होगा। ड्रोन शो को और आकर्षक बनाने के लिए लेजर लाइट्स, वॉयस ओवर और संगीतमय नैरेशन का विशेष संयोजन किया जाएगा, जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगा।श् ज्ञात कि, दीपोत्सव-2024 में 500 ड्रोन के जरिए भव्य एरियल ड्रोन शो का आयोजन हुआ था, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया था। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार ही ड्रोन शो का आयोजन होगा। प्रभु रामलला के भव्य मंदिर में विराजित होने के बाद दूसरी बार आयोजित होने ● शेष पेज 11 पर

## 2021 के दरोगा भर्ती में शामिल अभ्यर्थियों के निरस्तीकरण आदेश रद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ तीन माह में भर्ती प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश
❒ लखनऊ में एफआईआर दर्ज कराकर परीक्षा के दौरान जेल भेज दिए गए थे कई अभ्यर्थी
❒ प्रदेश के लगभग डेढ़ दर्जन जिलों के सैकड़ों अभ्यर्थियों ने दाखिल की थी याचिका



प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने प्रदेश के लगभग डेढ़ दर्जन जिलों के दरोगा पद के सैकड़ों अभ्यर्थियों के पक्ष में फैसला देते हुए उनकी याचिकाओं को मंजूर कर लिया है। हाईकोर्ट ने सभी याचिकाओं को मंजूर कर सभी याची अभ्यर्थियों के अभ्यर्थन निरस्तीकरण आदेश को रद्द कर दिया है।

उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को परमादेश जारी कर निर्देशित किया है कि वे भर्ती की समस्त प्रक्रिया तीन माह के अन्दर पूरी करायें। कोर्ट ने कहा है कि यह आदेश उन अभ्यर्थियों पर भी लागू होगा जिन्होंने हाईकोर्ट में याचिका नहीं दाखिल की थी एवं जिनका मैटर याचिकाकर्ताओं के समान है। हाईकोर्ट के इस आदेश से राज्य सरकार को बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट में याचिका, मेरठ, बरेली, फिरोजाबाद, आगरा, गोरखपुर, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, कानपुर नगर, वाराणसी, मुजफ्फरनगर, झॉसी, मिर्ज़ापुर, बस्ती, अलीगढ़, फतेहपुर एवं प्रयागराज जिलों के सैकड़ों दरोगा के पद के अभ्यर्थियों ने दाखिल की थी।

यह आदेश न्यायमूर्ति नीरज तिवारी ने याचीगणों के वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल तिवारी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम एवं अधिवक्ता अतिप्रिया गौतम को सुनकर पारित किया। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को मैंडेमस जारी करते हुये निर्देशित किया है कि भर्ती की समस्त प्रक्रिया तीन माह के अन्दर पूरी करायें। कोर्ट ने कहा कि यह आदेश उन अभ्यर्थियों पर भी लागू होगा जिन्होंने हाईकोर्ट में याचिका नहीं दाखिल की थी एवं जिनका मैटर याचिकाकर्ताओं के एक समान है। हाईकोर्ट के इस आदेश से राज्य सरकार को करारा झटका लगा।

याचीगणों ने ग्रुप वाइज अलग-अलग याचिकायें हाईकोर्ट में दाखिल की थी। उनका कहना था कि उन्हें शारीरिक मानक परीक्षा एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा में पुनः बैठने की अनुमति प्रदान की जाय एवं तत्पश्चात उन्हें दरोगाओं के पद पर नियुक्ति प्रदान की जाय। कुछ याचिकाओं में अभ्यर्थी निरस्तीकरण के आदेश को चुनौती दी गयी थी। मामले के अनुसार उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा 9027 पुलिस उपनिरीक्षकों के पदों की भर्ती के लिये विज्ञापन 24 फरवरी 2021 को निकाला गया था। चयन प्रक्रिया में ऑनलाइन लिखित परीक्षा, अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षा तथा चिकित्सा परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य था। सभी याचीगणों ने ऑनलाइन लिखित परीक्षा उत्तीर्ण कर ली थी एवं सभी के ऑनलाइन लिखित परीक्षा में कट ऑफ मेरिट ● शेष पेज 11 पर

### जातीय रैलियों को रोकने के उपाय में केंद्र और राज्य सरकार से जवाब तलब

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने जातीय रैलियों पर रोक के मामले में केंद्र व राज्य सरकार से पूछा है कि दोनों सरकारें जातीय रैलियां रोकने को क्या उपाय कर रही हैं। अदालत ने दोनों को जवाब दाखिल करने का समय देकर अगली सुनवाई अक्तूबर के दूसरे सप्ताह में नियत की है। पहले कोर्ट ने केंद्र सरकार को मामले में जवाब पेश करने का मौका दिया था। साथ ही कोर्ट ने याची को भी पिछले 10 साल में राजनीतिक दलों द्वारा आयोजित की गई जातीय रैलियों का ब्योरा नए हलफनामे पर दाखिल करने को कहा था। न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ल की खंडपीठ ने बुधवार को यह आदेश स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव की जनहित याचिका पर दिया। पहले, इस मामले में कोर्ट ने पक्षकारों केंद्र व राज्य सरकार समेत केंद्रीय निर्वाचन ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### राहुल गांधी पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश पर फैसला सुरक्षित

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी की पुनरीक्षण याचिका पर बुधवार को सुनवाई पूरी कर आदेश सुरक्षित रख लिया। अंतिम फैसला आने तक वाराणसी को विशेष अदालत का फैसला स्थगित रहेगा। यह आदेश न्यायमूर्ति समीर जैन की अदालत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की पुनरीक्षण याचिका पर दिया है। मामला राहुल गांधी के अमेरिका में दिए गए एक बयान से जुड़ा है, जिस पर वाराणसी के नागेश्वर मिश्रा ने आपत्ति उठाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की थी।

### केदारनाथ रोपवे परियोजना निर्माण समझौते पर हस्ताक्षर

**नयी दिल्ली।** उत्तराखंड सरकार तथा केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के राष्ट्रीय राजमार्ग लॉजिस्टिक्स एवं निर्माण लिमिटेड-एनएचएलएमएल ने देश के सबसे बड़े केदारनाथ तथा अन्य रोपवे की स्थापना संबंधी समझौते पर बुधवार को हस्ताक्षर किये। उत्तराखंड में समझौते के तहत एनएचएलएमएल को केदारनाथ रोपवे, हेमकुंड साहिब रोपवे तथा नैनीताल रोपवे का निर्माण करना है। इस समझौते का उद्देश्य उत्तराखंड में करीब 7000 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से देश की सबसे बड़ी रोपवे परियोजना की स्थापना करना है। देश की इस सबसे बड़ी रोपवे परियोजना पर हस्ताक्षर करने के दौरान सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री, अजय टम्टा, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, एनएचएआई और एनएचएलएमए के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थिति थे।

## जैसी मनोदशा होगी वैसा विकास होगा

### 2047 तक यूपी बनेगा विकसित प्रदेश, बीते आठ वर्षों में उत्साह में बदली निराशा : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता का आह्वान करते हुए कहा कि भारत और यूपी का भविष्य कैसा हो, यह हमें तय करना है। हमें अपने युवाओं को तैयार करना है, क्योंकि हम जिस मनोदशा में जिएंगे, उसी दिशा में आगे बढ़ेंगे। हमें कैसा भारत और उत्तर प्रदेश चाहिए, यह हमारे विजन में होना चाहिए। सीएम योगी लोक भवन सभागार में ''समर्थ उत्तर प्रदेश - विकसित उत्तर प्रदेश @2047'' अभियान के शुभारंभ के अवसर पर कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'समर्थ उत्तर प्रदेश' पोर्टल का शुभारंभ किया। यह पोर्टल प्रदेशवासियों को अपने सुझाव देने का मंच प्रदान करेगा, जो 12 प्रमुख सेक्टरों- कृषि, पशुधन संरक्षण, औद्योगिक विकास, आईटी-टेक्नोलॉजी, पर्यटन, नगर व ग्राम्य विकास, आधारभूत संरचना, संतुलित विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा व सुशासन- पर केंद्रित विजन डॉक्यूमेंट का हिस्सा बनेंगे। विजन डॉक्यूमेंट ''अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति और जीवन शक्ति'' थीम पर आधारित है। कार्यशाला में प्रशासन, पुलिस, वन सेवा, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों से सेवानिवृत्त 400 से अधिक अधिकारियों और प्रबुद्धजनों ने हिस्सा लिया।



### एआई साइबर सिक्योरिटी और सस्टेनेबिलिटी के मंथन से भारत बनेगा विकसित राष्ट्र : योगी आदित्यनाथ

**कानपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कहा कि आज इंडस्ट्री और अकादमिक संस्थानों के सहयोग का मुद्दा केवल शोध और नवाचार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सीधे-सीधे आम नागरिक के जीवन स्तर, वैश्विक चुनौतियों और सतत विकास से जुड़ा हुआ है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्योरिटी और सस्टेनेबिलिटी जैसे विषयों पर मंथन भारत को न केवल आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाएगा, बल्कि तकनीक और विकास का वैश्विक केंद्र स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर के 'समन्वय' से उद्योग-अकादमिक जुड़ाव कार्यक्रम का बुधवार को उद्घाटन करते हुए ● शेष पेज 11 पर

कार्यशाला को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प अभियान के क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार निरंतर प्रयत्नशील है। इस अभियान में 25 करोड़ जनता को भागीदार बनाना है। आप सभी प्रबुद्धजनों का सहयोग युवाओं को जागरूक करने और आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण होगा। रिटायर्ड होने का मतलब टायर्ड होना नहीं है। आपका अनुभव इस अभियान को गति देगा। उन्होंने पीएम मोदी के नेतृत्व में देश की प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि 16वीं-17वीं शताब्दी में भारत वैश्विक जीडीपी में 25% हिस्सा रखता था, जो 1947 तक 2% रह गया। 2014 में भारत 11वीं अर्थव्यवस्था था, लेकिन आज चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है ● शेष पेज 11 पर

## पाक-अफगानिस्तान-बांग्लादेश से 2024 तक आए अल्पसंख्यक भारत में रह सकेंगे

एजेंसी

❒ पहले 2014 तक आए लोगों को परमिशन थी, सीएए के तहत केंद्र का फैसला, नेपाल-भूटान के नागरिकों को वीजा की जरूरत नहीं




नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने बुधवार को अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से 31 दिसंबर 2024 तक भारत आए वहां के अल्पसंख्यकों को राहत दी है। अब ये शरणार्थी (हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई) बिना पासपोर्ट के भारत में रह सकेंगे।

केंद्र ने नागरिकता संशोधन कानून के तहत पासपोर्ट नियमों में बदलाव किया है। गृह मंत्रालय ने आदेश जारी कर बताया कि इन समुदायों के लोग अगर वैध पासपोर्ट या दस्तावेजों के साथ भी आए थे और उनकी वैधता खत्म हो चुकी है, तब भी उन्हें रहने की छूट मिलेगी। पहले 2014 तक आए लोगों को परमिशन थी। केंद्र सरकार ने 11 मार्च 2024 को देशभर में सीएए लागू किया था। सीएए के तहत इसी साल मई में पहली बार 14 लोगों को भारत की नागरिकता दी गई थी। केंद्र ने आज के आदेश में साफ किया कि नेपाल और भूटान के नागरिकों को भारत आने-जाने या यहां रहने के लिए पासपोर्ट और वीजा की जरूरत नहीं होगी, बशर्ते वे भारत में सीमा मार्ग से प्रवेश करें। यह व्यवस्था पहले की तरह ही जारी रहेगी।

हालांकि, अगर कोई नेपाली या भूटानी नागरिक चीन, मकाऊ, हॉन्गकॉन्ग या पाकिस्तान से भारत आता है, तो उसके पास मान्य पासपोर्ट होना अनिवार्य होगा। भारतीय नागरिकों को भी नेपाल या भूटान की सीमा से भारत आने-जाने के लिए पासपोर्ट या वीजा की आवश्यकता ● शेष पेज 11 पर

### नायब तहसीलदार ने गोली मारकर की आत्महत्या

बिजनौर। उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में सदर तहसील में तैनात नायब तहसीलदार ने अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक से लेकर तमाम अफसर मौके पर पहुंचे और पुलिस शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नायब तहसीलदार राजकुमार सिंह (42वर्ष) ने अपने सरकारी आवास पर बुधवार को सुबह अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पत्नी ने गोली की आवाज सुनकर कमरा खोलने का प्रयास किया तो वह अंदर से बंद था। उधर कॉलोनी में गोली की आवाज सुनकर अफरा तफरी मच गई। गेट खोलकर किसी तरह गंभीर हालत में नायब तहसीलदार राजकुमार को निजी ● शेष पेज 11 पर

## वाहन चेकिंग के दौरान पकड़ा गया फर्जी आईएएस, 6 वाहन बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ के वजीरगंज थानान्तर्गत कारगिल पार्क के पास बुधवार को चलाये जा रहे वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने एक फर्जी आईएएस अधिकारी को पकड़ा है। पकड़े गए फर्जी आईएएस अधिकारी के पाश से पुलिस ने 6 वाहन के अलावा काले रंग के कार्ड होल्डर मे रखे आठ अदद विभिन्न बैक आदि से सम्बन्धित कार्ड सहित भारी संख्या में कूटरचित दस्तावेज बरामद किए हैं।

वजीरगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि वजीरगंज पुलिस टीम द्वारा कारगिल पार्क के निकट चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान एक वाहन नं. यूपी 16 डीपी 2828 को रोका गया तो वाहन के पीछे सीट पर बैठे व्यक्ति द्वारा गाडी के शीशा को डाउन कर रोब दिखाते हुए बताया गया कि मैं आईएएस अधिकारी हूँ। साथ ही व्यक्ति द्वारा अपना पहचान पत्र व विजिटिंग कार्ड भी दिखाया गया। बातचीत के दौरान पुलिस ने गाडी में झांककर देखा गया तो पाया कि गाड़ी के अन्दर दो अदद लाल नीली बत्ती लाईट रखी है। जिस पर संदेह होने पर पुलिस ने पूछताछ की तो उक्त व्यक्ति ने सशंकित होकर अपनी सफाई देने लगा। संदिग्धता परिलक्षित होने पर गहनता से पूछताछ करने पर ● शेष पेज 11 पर

## भारत और जर्मनी द्विपक्षीय व्यापार सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत बनाने पर सहमत

एजेंसी

नयी दिल्ली। दुनिया में आर्थिक अस्थिरता तथा राजनीतिक अनिश्चितता की चुनौती के बीच भारत और जर्मनी ने विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को प्रगाढ़ बनाने, द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने और हिन्द प्रशांत क्षेत्र सहित विश्व में नियम आधारित व्यवस्था बनाने पर जोर दिया है।

जर्मनी ने यूरोपीय संघ के साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौते का भी पुरजोर समर्थन करने के साथ-साथ आतंकवाद पर भी भारत के दृष्टिकोण को साझा करते हुए कहा है कि आत्मरक्षा के अधिकार के मामले में वह भारत के साथ खड़ा है। जर्मनी ने भारत को तेजी से बढती अर्थव्यवस्था बताते हुए कहा है कि भारत का दुनिया में विशेष और रणनीतिक महत्व है। दोनों देशों ने रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत बनाने तथा इसके विस्तार पर सहमति व्यक्ति की। उन्होंने यूक्रेन-रूस संघर्ष के बातचीत से समाधान



की अपनी प्रतिबद्धता भी दोहरायी। विदेश मंत्री डॉ.एस जयशंकर ने भारत यात्रा पर आये जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वाडेफुल के साथ वार्ता के बाद बुधवार को यहां संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने के लिए जर्मनी के विदेश मंत्री के अत्यंत खुले, रचनात्मक और सकारात्मक दृष्टिकोण का स्वागत करता है।

उन्होंने कहा कि आर्थिक अस्थिरता और राजनीतिक अनिश्चितता की दोहरी चुनौतियों के बीच परामर्श और परस्पर सहयोग पर आधारित रणनीतिक स्वायत्तता वाला बहुध्रुवीय विश्व समय की जरूरत है। उन्होंने कहा, हम दुनिया को आर्थिक अस्थिरता और राजनीतिक अनिश्चितता की दोहरी चुनौतियों का सामना करते हुए देख रहे हैं। हमारा मानना है कि रणनीतिक स्वायत्तता वाला एक बहुध्रुवीय विश्व, प्रमुख सदस्य देशों के बीच गहन परामर्श और सहयोग के माध्यम से ही सर्वोत्तम व्यवस्था बना सकता है। श्री वाडेफुल ने कहा कि दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग मजबूत होने से दोनों की अर्थव्यवस्थाओं को ● शेष पेज 11 पर

केंद्रीय गृह मंत्री ने 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' को सफलतापूर्वक अंजाम देने वाले जवानों को किया सम्मानित

## जब तक सारे नक्सली समाप्त न हो जाएं तब तक हम चैन से नहीं बैठेंगे : शाह

एजेंसी

नई दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि जब तक सभी नक्सली आत्मसमर्पण न कर दें, पकड़े न जाएं या समाप्त न हो जाएं, तब तक हम चैन से नहीं बैठेंगे। उन्होंने कहा कि 31 मार्च, 2026 तक देश को नक्सलमुक्त बनाना मोदी सरकार का संकल्प है।

अमित शाह ने नई दिल्ली में अपने आवास पर छत्तीसगढ़ के बस्तर स्थित कर्रेगुट्टालु पहाड़ी पर 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' को सफलतापूर्वक अंजाम देने वाले सीआरपीएफ, छत्तीसगढ़ पुलिस, डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और कोबरा बल के जवानों से भेंट की और उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी मौजूद थे।



उन्होंने कहा कि कर्रेगुट्टालु की दुर्गम पहाड़ियों पर लगातार 19 दिनों तक चले सबसे बड़े नक्सल-विरोधी अभियान में बिना हताहत हुए 30 से अधिक नक्सलियों को मार कर वीर जवानों ने ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की। नक्सल विरोधी अभियानों के इतिहास में हमारे सुरक्षाबलों की बहादुरी स्वर्णिम अक्षरों में लिखी जाएगी। शाह ने वीर जवानों को बधाई देते हुए कहा कि 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' नक्सल विरोधी अभियानों के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगा। उन्होंने कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों, भीषण गर्मी और हर कदम पर आईईडी के खतरों के बावजूद सुरक्षाबलों ने पराक्रम दिखाकर नक्सलियों का बेस कैंप और उनकी सप्लाई चेन नष्ट की है। गृह मंत्री ने स्पष्ट किया कि मोदी सरकार का लक्ष्य देश को नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त करना है। उन्होंने कहा, ल्लजब तक सभी नक्सली आत्मसमर्पण न कर दें, पकड़े न जाएं या समाप्त न हो जाएं, तब तक चैन से नहीं बैठेंगे। 31 मार्च, 2026 तक भारत को नक्सलमुक्त बना दिया जाएगा। शाह ने कहा कि नक्सलियों ने दशकों तक देश के पिछड़े इलाकों को विकास से वंचित रखा, स्कूल और अस्पताल ● शेष पेज 11 पर

# यूपीएसआईएफएस व एनएडीटी मिलकर चलाएंगे कौशल प्रशिक्षण

## दोनों संस्थानों के बीच एमओयू हुआ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस, लखनऊ के संस्थापक निदेशक डॉ जी. के. गोस्वामी तथा डॉ. नील जैन (आईआरएस) एडिशनल डायरेक्टर जनरल क्षेत्रीय परिसर लखनऊ के बीच आज निदेशक कार्यालय यूपीएसआईएफएस, लखनऊ में समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षरित किया गया।

इस अवसर संस्थान संस्थापक निदेशक यूपीएसआईएफएस, लखनऊ ने कहा कि नेशनल एकेडमी ऑफ़ डायरेक्ट टैक्स लखनऊ के साथ हमारा यह एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन है। समझौता कि शर्तो को स्वीकार कर दोनों संस्थान अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रशिक्षण और बौद्धिक क्षमता निर्माण पर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि इस समझौता ज्ञापन का मुख्य उद्देश्य यूपीएसआईएफएस और एनएडीटी, आरसी, लखनऊ के बीच एक संस्थागत संबंध को बढ़ावा देना है ताकि शैक्षणिक क्षेत्रों में संभावित सहयोग के लिए रास्ते तलाशे जा सकें और प्रौद्योगिकी, सॉफ्ट कौशल के क्षेत्रों में हितधारकों के प्रशिक्षण का व्यापक रूप से पता लगाया जा सके। दोनों संस्थाओं द्वारा कराधान, वित्त, जांच, प्रशासन, प्रबंधन, फोरेंसिक, डिजिटल



सुरक्षा और साइबर फोरेंसिक और अन्य कार्यात्मक और व्यवहार संबंधी दक्षताएं को और अधिक विकसित करने पर बल दिया जायेगा।

इस अवसर पर श्री नील जैन (आईआरएस) एडिशनल डायरेक्टर जनरल लखनऊ ने कहा कि इस एम्ओयू ने दो महत्वपूर्ण संस्थाओ को एक प्लेटफार्म पर मिलकर कार्य करने का अवसर प्रदान दिया है। निश्चित रूप से दोनों संस्थाए मिलकर व्यवसायिक दक्षता की दिशा में सकारात्मक पहल करेंगी जिससे राष्ट्र निर्माण में हम सभी का एक अच्छा सहयोग हो सकेगा। उन्होंने कहा कि यूपीएसआईएफएस और एनएडीटी, आरसी, लखनऊ दोनों जहां भी संभव होगा, संयुक्त कार्यों के प्रशिक्षण और कार्यान्वयन के उद्देश्य से संकाय साझा कर उद्देश्य को पूर्ण करेंगे। उन्होंने इस संयुक्त समझौता के लिए संस्थापक निदेशक डॉ जीके गोस्वामी का आभार जताया। इस अवसर पर अपर निदेशक गोस्वामी ने डॉ. नील जैन (आईआरएस) एडिशनल डायरेक्टर जनरल क्षेत्रीय परिसर लखनऊ को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम मे संयुक्त निदेशक अन्विक्षा शर्मा(आईआरएस) ,उप निदेशक श्री चिरंजिब मुखर्जी, प्रसाशनिक अधिकारी अतुल यादव, सहायक रजिस्ट्रार सीएम सिंह, श्रुतिदास गुप्ता, डॉ सपना शर्मा , डॉ प्रीती, जनसंपर्क अधिकारी श्री संतोष तिवारी, प्रतिसार निरीक्षक बृजेश सिंह सहित संस्थान के शैक्षणिक संवर्ग के संकाय उपस्थित रहे।

# अनंत नगर योजना से जुड़ने वाली सड़क होगी चौड़ी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण अब अनंत नगर योजना को बेहतर सड़क सुविधा देने जा रहा है। कानपुर रोड से अनंत नगर योजना तक जाने वाली सड़क अब और चौड़ी बनाई जायेगी। इसके लिए लगभग 35 करोड़ रुपये की लागत से सड़क चौड़ीकरण, डिवाइडर, आरसीसी नाली और ट्रेंच का काम कराया जाएगा। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बुधवार को योजना का दौरा कर काम की स्थिति देखी और अधिकारियों को ज़रूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नादरगंज औद्योगिक क्षेत्र में ट्रक-ट्रेलर जैसे भारी वाहनों की आवाजाही से सड़क जल्दी खराब हो जाती है और बारिश में परेशानी और बढ़ जाती है। इस कारण जिन जगहों पर पानी भरता है, वहां आरसीसी सड़क बनाई जाएगी। योजना के तहत कानपुर रोड से नादरगंज इंडस्ट्रियल एरिया में 24 मीटर चौड़ी सड़क बनेगी। इसके अलावा नादरगंज मोड़ से



अमौसी पुल और किसान पथ से समदा पुलिस चौकी तक करीब 2 किलोमीटर लंबी 18 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण और चौड़ीकरण किया जाएगा। उपाध्यक्ष ने अधिकारियों से कहा कि यूपीसीडा और लोक निर्माण विभाग से जल्द मंजूरी लेकर काम शुरू किया जाए। योजना के सेक्टर-6 में 220 केवीए सब-स्टेशन लगभग 9.89 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जाएगा। साथ ही पार्कों के विकास के लिए टेंडर भी जारी कर दिया गया है। योजना की 12 मीटर चौड़ी सड़कों पर स्ट्रीट लाइट लगाने की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। मुख्य अभियंता नवनीत शर्मा ने बताया कि सेक्टर-4 और 5 में 18 और 24 मीटर चौड़ी सड़क, सीवर लाइन और नाली बनाने का काम संतोषजनक पाया गया है। उपाध्यक्ष ने कहा कि निर्माणाधीन सड़कों में जो रुकावटें आ रही हैं, उन्हें तुरंत दूर किया जाए। दौरे के दौरान जोनल अधिकारी विपिन कुमार शिवहरे, एसडीएम विराग करवरिया, अभियंता संजीव कुमार गुप्ता, अभियंता मनोज सागर समेत कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट को मिला नया न्यायमूर्ति, अधिवक्ता अरुण कुमार ने ली शपथ



**प्रयागराज** । जिले में स्थित इलाहाबाद हाईकोर्ट को आज एक नया न्यायमूर्ति मिला। वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण कुमार ने आज न्यायमूर्ति पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह सुबह 10 बजे हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली के न्याय कक्ष में आयोजित किया गया। मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली ने अरुण कुमार को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के इस मौके पर हाईकोर्ट के कई न्यायमूर्ति, वरिष्ठ अधिवक्ता और न्यायालय के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अरुण कुमार की नियुक्ति से न्यायपालिका को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद है। उनके अनुभव और विधि ज्ञान से न्यायिक प्रक्रिया को मजबूती मिलने की संभावना है।

### हिस्ट्रीशीटर के साथ बर्थडे पार्टी मनाना पड़ा महंगा, प्रयागराज के दो सिपाही निलंबित

प्रयागराज । जिले के धूमनगंज थाने में तैनात दो सिपाहियों को एक हिस्ट्रीशीटर के साथ जन्मदिन की पार्टी मनाना महंगा पड़ गया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें दोनों सिपाही एक हिस्ट्रीशीटर के साथ केक काटते और जश्न मनाते नजर आए। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। वीडियो में देखा गया कि दोनों सिपाही—एक सफ़ेद शर्ट और दूसरा काली टीशर्ट में—हिस्ट्रीशीटर के साथ बैठे हैं। केक काटा जा रहा है और बैकग्राउंड में पुलिस की वर्दियां लटकी हुई दिखाई दे रही हैं। यह वीडियो कथित रूप से उस हिस्ट्रीशीटर के इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी पोस्ट किया गया था। सोशल मीडिया पर वीडियो के वायरल होते ही वरिष्ठ अधिकारियों ने संज्ञान लिया। डीसीपी नगर अभिषेक भारती ने दोनों सिपाहियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया और मामले की विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियां, जो पुलिस की साख को नुकसान पहुंचाती हैं, किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। जांच में यह भी देखा जाएगा कि यह पार्टी थाने में हुई थी या किसी अन्य निजी स्थान पर। फिलहाल दोनों सिपाही निलंबित हैं और जांच जारी है। पुलिस विभाग इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आगे की कार्रवाई की तैयारी कर रहा है।

### संभावित बाढ़ को लेकर प्रशासन अलर्ट

प्रयागराज। चम्बल नदी का जलस्तर 4 सितम्बर को दोपहर 11 बजे पिनाहट पर 123 मीटर पहुँचने का अनुमान जताया गया है। इस बढ़ते जलस्तर से प्रयागराज में यमुना नदी का स्तर तेजी से बढ़ने की आशंका है। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ने संभावित बाढ़ को देखते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने और आवश्यक तैयारियां युद्धस्तर पर पूरी करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने राहत और बचाव कार्यों की तैयारियों की समीक्षा भी शुरू कर दी है। लोगों से अपील की गई है कि वे नदी किनारे सतर्क रहें और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें।

### नगर निगम कि सामान्य बैठक में शहर के विकास पर होगा मंथन

लखनऊ। नगर निगम लखनऊ मुख्यालय में स्थित त्रिलोक नाथ हाल में आज सुबह 11 बजे से सामान्य बैठक शुरू होने जा रहीं है। महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में शहर के विकास और नागरिक सुविधाओं से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इनमें खासकर सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट, कर वसूली, अवैध अतिक्रमण हटाने और आगामी त्योहारों की तैयारियां शामिल हैं। बैठक में सभी पार्षदों और विभागाध्यक्षों की मौजूदगी अनिवार्य रहेगी ताकि वार्ड स्तर पर आने वाली समस्याओं और सुझावों पर विस्तार से विचार किया जा सके।

### मूर्तियों के विसर्जन के लिए वाराणसी नगर निगम ने 'ग्रीन प्लान' लागू किया

**वाराणसी।** दुर्गा पूजा के बाद मूर्तियों के विसर्जन के लिए वाराणसी नगर निगम ने 'ग्रीन प्लान' लागू किया है। अब ऐतिहासिक कुंडों और तालाबों में प्रतिमाएं नहीं उतरेंगी, बल्कि अस्थायी तालाबों में विसर्जन होगा। नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने विगत दिनांक–28 अगस्त को समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से नागरिकों से अपील की थी कि वे पर्यावरण और धरोहर बचाने के इस प्रयास में सहयोग दें और विसर्जन स्थलों के लिए अपने सुझाव भेजें। नगर आयुक्त के अपील पर 9 नागरिकों ने अपने सुझाव भेजे, जिसमें विद्यानन्द शर्मा द्वारा सगरा तालाब माधोपुरा में, इशान मेहरोत्रा ने गोलगड्डा के आगे नुआव पोखरा में कुण्ड बनाकर, उमेश कुमार मौर्या ने बेनियाबाग तालाब का नाम सुझाया, मनीश गुप्ता ने मोती झील महमूरगंज, सत्यम सिंह ने सुझाव दिया कि मूर्ति विसर्जन पश्चिम बंगाल के तर्ज पर, मूर्तियों को क्रेन द्वारा गंगा में विसर्जन करने के तत्पश्चात क्रेन से वापिस निकाल लिया जाए, जिससे पर्यावरण को नुकसान नही होगा, धर्मेन्द्र सिंह टिंकू ने दुर्गाकुण्ड के सामने दयाल टावर के बगल में खाली भूमि पर तथा इन्ही के द्वारा पद्मश्री चौराहे के पास कुरूक्षेत्रा के तालाब में, अजय सिंह ने कमौली तालाब चिरईगॉव में तथा हरीश शर्मा ने गंगा नदी के नस पार अस्थायी कुण्ड बनाकर मूर्ति विसर्जन करने हेतु सुझाव दिया गया है। मा0 महापौर श्री अशोक कुमार तिवारी ने नागरिकों से अपील की है कि शहर के प्राचीन कुंड संस्कृति और इतिहास की धरोहर हैं। इनका सौंदर्यीकरण कर इन्हें सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी नागरिकों की भी है। विसर्जन से फैलने वाली गंदगी और जलीय जीवों को होने वाले नुकसान को देखते हुए निगम ने अपील की है कि लोग इन तालाबों और कुंडों में प्रतिमा विसर्जन न करें। इसके लिए उपयुक्त वैकल्पिक स्थल बताए जा सकते नगर निगम, वाराणसी द्वारा संकुलधारा कुण्ड के पास वैकल्पिक व्यवस्था पूर्ण कर ली गयी है। नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और समितियों से कहा है कि वे अपने–अपने क्षेत्रों में उपयुक्त स्थल का नाम, जीपीएस लोकेशन और फोटो व्हाट्सएप नंबर 8601872688 पर भेज सकते हैं। नगर आयुक्त अक्षत वर्मा का कहना है कि दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन बिना असुविधा और पर्यावरणीय क्षति के कराया जाएगा। नागरिक अपने सुझाव अवश्य भेजें, ताकि सभी के सहयोग से इस परंपरा को सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से निभाया जा सके।



# नगराम क्षेत्र के पटाखा व्यवसायियों के यहां जांच पड़ताल शुरू

**गुडम्बा हादसे के बाद एसीपी मोहनलालगंज ने नगराम पुलिस संग पटाखा लाइसेंस धारियों के घरों-प्रतिष्ठानों पर की छापेमारी, नियम तोड़ने वालों को चेतावनी**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम। लखनऊ ,गुडंब्बा के बेहटा में बीते रविवार को हुए भीषण पटाखा विस्फोट ने पूरे इलाके को दहला दिया था। इस दर्दनाक हादसे में छह लोगों की मौत हो गई थी, जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना के बाद प्रशासन अलर्ट हो गया है और अवैध पटाखा भंडारण व निर्माण पर शिकंजा कसने के लिए सघन अभियान शुरू कर दिया गया है।

इसी क्रम में बुधवार को मोहनलालगंज एसीपी रजनीश वर्मा ने नगराम एसओ विवेक चौधरी व पुलिस टीम के साथ नगराम क्षेत्र में पटाखा लाइसेंसधारियों के घरों और प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई निर्धारित स्थानों के अलावा अन्य जगहों पर पटाखों के निर्माण और भंडारण को रोकने के लिए की गई।एसीपी ने तलाशी अभियान के दौरान सभी लाइसेंसधारियों को स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि कोई भी पटाखा व्यवसाई नियमों का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के मुताबिक नगराम इलाके में लगभग सात पटाखा लाइसेंसधारी हैं। यहां से न केवल नगराम व निगोहां,मोहनलालगंज क्षेत्र, बल्कि आसपास के गांवों के अलावा बाराबंकी व रायबरेली जैसे अन्य जिलों तक भी पटाखों की सप्लाई की जाती है। ऐसे में पुलिस ने कड़े रुख अपनाते हुए सभी पर निगरानी बढ़ा दी है।एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि नगराम कस्बा सहित अन्य क्षेत्रों में लाइसेंसधारियों के घरों और प्रतिष्ठानों पर तलाशी अभियान चलाया गया है। उन्होंने साफ कहा कि निर्धारित स्थानों को छोड़कर कहीं भी पटाखों का निर्माण या भंडारण किया गया, तो संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।पुलिस का यह अभियान क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने और किसी भी संभावित हादसे को रोकने के लिए चलाया जा रहा है।

# अतिक्रमण हटाने का अभियान तेज फिर भी सड़कें खाली नहीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नगर निगम ने बुधवार को शहर में बड़े स्तर पर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। महापौर सुषमा खर्कवाल के निर्देश और नगर आयुक्त गौरव कुमार के आदेश पर चले इस अभियान में कई जोनों में कार्रवाई की गई। अभियान का मकसद सड़कों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कर लोगों को सुगम यातायात उपलब्ध कराना है। जिसके चलते जोन-1 के नरही तिकोनिया पार्क और कालीदास मार्ग से 1090 चौराहे तक अभियान चलाकर अवैध निर्माण और अस्थायी कब्जे हटाए गए। साथ ही जोन-2 के मोतीनगर, पान दरीबा और चारबाग क्षेत्र में गंदगी, अतिक्रमण और पॉलीथिन पर कार्रवाई की गई। 6 लोगों के चालान में 8,000 रूपये और 3 चालान में 12,000 रूपये का जुर्माना वसूला गया। वहीं जोन-5 के कृष्णानगर मेट्रो स्टेशन से विजय नगर मोड़ तक कार्रवाई कर कई काउंटर, गुमटीयां, ठेले आदि हटाए गए। इसके अलावा जोन-6 में चौक चौराहे से कोनेश्वर चौराहे तक ठेले और अस्थायी दुकानें आदि हटाई गईं। कई सामान जब्त किए गए और 2,500 रूपये का जुर्माना भी वसूला गया। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कहा कि अतिक्रमण और गंदगी फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। प्रतिबंधित प्लास्टिक पर भी सख्ती से निगरानी रखी जाएगी।

### फिर भी क्यों नहीं खत्म हो रहा अतिक्रमण

नगर निगम बार-बार अतिक्रमण विरोधी अभियान चला रहा है, जुर्माना भी वसूला जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद शहर से अतिक्रमण पूरी तरह से खत्म नहीं हो पा रहा है। सवाल उठता है कि आखिर इसकी असली वजह क्या है? स्थानीय लोगों का कहना है कि अभियान के बाद कुछ दिन सड़कें खाली रहती हैं, लेकिन जैसे ही अभियान ढीला पड़ता है, कब्जाधारी दोबारा लौट आते हैं। कई बार कार्रवाई केवल चिह्नित इलाकों तक ही सीमित रह जाती है, जिससे बाकी जगहों पर अतिक्रमण जस का तस बना रहता है। वहीं कुछ लोग बार-बार होने वाले राजनीतिक और सामाजिक दबाव को भी एक बड़ी वजह मान रहे है।

# जिलाधिकारी से ग्राम पंचायत डिघारी में मनरेगा घोटाले की शिकायत, जांच टीम गठित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां , लखनऊ । विकासखंड मोहनलालगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत डिघारी में मनरेगा कार्यों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का मामला उजागर हुआ है। आरोप है कि ग्राम पंचायत में दर्जनों लोगों के नाम फर्जी तरीके से शामिल कर बिना काम कराए ही भुगतान कर दिया गया। इतना ही नहीं, अधिकारियों ने शिकायत के बावजूद भ्रष्टाचारियों को बचाने का प्रयास किया और जांच को ठंडे बस्ते में डाल दिया।डिघारी निवासी योगेन्द्र कुमार शुक्ला ने जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि वर्ष 2023-24 में ग्राम पंचायत में मनरेगा योजना के तहत भारी अनियमितताएं की गईं। शिकायत में कहा गया है कि रोजगार सेवक सुनील कुमार ने अपने निजी चालक सुशील कुमार का नाम ''सुशीला'' दर्शाकर लगभग 85 दिन की फर्जी हाजिरी लगाई। इसी तरह रामसेवक, जो जल निगम की पानी टंकी पर 24 घंटे चौकीदारी करते हैं, को मनरेगा श्रमिक बताकर 41 दिन का भुगतान दिखाया गया। इतना ही नहीं, रोजगार सेवक ने अपने चाचा गुरु प्रसाद का नाम दर्ज कर, जो कि टीएचआर यूनिट में चौकीदार हैं, उन्हें भी 29 दिन की फर्जी हाजिरी लगाकर लाभ दिलाया।शिकायतकर्ता के मुताबिक, ऐसे करीब एक दर्जन से अधिक नामों पर फर्जी भुगतान किया गया और लाखों रुपये का गबन हुआ। ग्रामीणों ने इस संबंध में मुख्यमंत्री पोर्टल और तहसील दिवस में शिकायत दर्ज कराई।शिकायत पर जांच के लिए पहुंचे कार्यक्रम अधिकारी उदय राज शर्मा ने भी आरोपियों का बचाव करने की कोशिश की। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारी ने कुछ श्रमिकों से सादे कागज पर हस्ताक्षर व अंगूठा लगवाकर भ्रष्टाचारियों के पक्ष में रिपोर्ट लगा दी। जबकि, हकीकत यह है कि ''सुशीला पत्नी सुशील कुमार'' नाम से कोई महिला श्रमिक है ही नहीं। दरअसल, सुशीला नाम से दर्ज यह व्यक्ति वास्तव में रोजगार सेवक का निजी ड्राइवर है। जिलाधिकारी विशाख जी ने कहा कि ग्राम पंचायत डिघारी में मनरेगा योजना से जुड़ी शिकायत गंभीर है। मामले की पुनः जांच के आदेश दिए गए हैं। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और यदि भुगतान फर्जी पाया गया तो वसूली के साथ-साथ कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी।मोहनलालगंज खंड विकास अधिकारी ने बताया कि ल्लग्राम पंचायत डिघारी की शिकायत उच्च अधिकारियों के संज्ञान में है। जांच टीम गठित कर दी गई है। आरोपियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी और भ्रष्टाचार सिद्ध होने पर कड़ी कार्रवाई होगी।

# अतिक्रमण और कूड़े का ढेर से घिरा महिला हॉस्पिटल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरावं (प्रयागराज ) कस्बा कोराव बहादुर शाह नगर में लगभग 06 बेड का स्वाथ्य विभाग द्वारा जनता के हित को देखते हुए महिला अस्पताल भवन का निर्माण करवाया गया था कुछ वर्षो तक संचालन भी हुआ था लेकिन जबसे सीएचसी कोराव अलग भवन बना तबसे महिला अस्पताल बन्द हो गया उक्त भवन जर्जर हो चुका है झाड़ झंखाड़ से अतिक्रमण गंदगी कूड़े से घिरा हुआ है कुछ समय पहले जिले से स्वाथ्य टीम आकर निरीक्षण कर वापस लौट गई थी लेकिन आज तक सूरत नही बदली जस का तस है इसी भवन के आसपास चारो तरफ वाहन खड़ा करके कब्जा किये हुए शाम को अराजकतत्व आकर मौज मस्ती करते है सामाजिक कार्यकर्ता पंडित महेंद्र प्रसाद शुक्ल ने जिलाधिकारी प्रयागराज का ध्यान आकृष्ट कराते हुए महिला अस्पताल को ठीक कराने व संचालन की माँग की है बहादुर शाह नगर के रहने वाले अजय प्रकाश केशरी उर्फ डब्बू ने बताया कि जब तक महिला अस्पताल चालू था गर्भवती महिलाओं को इलाज में काफी सहूलियत मिलता ।

> भवन जर्जर होने के कारण संचालन करना सही नही है जिले व प्रदेश स्तर पर नया भवन बनाये जाने के लिए रिपोर्ट भेजा गया है साथ ही सीएमओ साहब द्वारा टीम भेजकर निरीक्षण कराया जा चुका है बजट आने , नया भवन निर्माण होने के उपरांत उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार आगे का कार्य किया जाएगा
>
> **केबी सिह**
> **अधीक्षक, सीएचसी कोराव प्रयागराज**

# स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार, फर्जी नर्सिंग होम चला रहे मौत का धंधा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । जिले का स्वास्थ्य विभाग भ्रष्टाचार की गहराइयों में डूबा हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, जिले में कई फर्जी नर्सिंग होम सीएमओ कार्यालय की मिलीभगत से बेधड़क संचालित हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि इन अवैध संस्थानों से हर महीने स्वास्थ्य विभाग को मोटी रकम नजराने के तौर पर दी जाती है, जिसके बदले में विभाग कोई कार्रवाई नहीं करता।

शंकरगढ़ और नारीबारी क्षेत्र में ऐसे कई नर्सिंग होम चल रहे हैं, जिनके पास न तो जरूरी लाइसेंस हैं और न ही प्रशिक्षित स्टाफ। इसके बावजूद इन पर किसी तरह की रोक नहीं लगाई जा रही। हैरानी की बात यह है कि विभाग को पूरी जानकारी होने के बावजूद आंखें मूंदे बैठा है। इन फर्जी अस्पतालों में इलाज के नाम पर मरीजों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। आए दिन गलत इलाज, अनुभवहीन कर्मियों और बिना संसाधनों के इलाज के चलते लोगों की जान जा रही है, लेकिन विभाग चुप है। स्थानीय लोगों और जागरूक नागरिकों ने कई बार इस पर आवाज उठाई है, लेकिन हर बार मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। सूत्रों का दावा है कि इन फर्जी नर्सिंग होम्स से जुड़े लोगों की ऊंचे पदों पर भी पकड़ है, जिससे इन पर कार्रवाई नहीं हो पाती। यह पूरा मामला सिर्फ लापरवाही का नहीं, बल्कि एक संगठित भ्रष्ट तंत्र का हिस्सा प्रतीत होता है, जो आम जनता की जान के बदले मोटा मुनाफा कमा रहा है। अब देखना यह है कि क्या प्रशासन इस पर संज्ञान लेता है या फिर एक और मौत का इंतज़ार करता है।




# ध्यान हटाने के लिए केतकी सिंह ने की अशोभनीय टिप्पणी : नेहा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। समाजवादी पार्टी की महिला सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. नेहा यादव के नेतृत्व में भाजपा विधायक केतकी सिंह के गैर-जिम्मेदाराना, असंवेदनशील और मुद्दों से भटकाने वाले बयानों के खिलाफ राजधानी लखनऊ में गुलिस्ता कालोनी स्थित उनके आवास पर ज़ोरदार प्रदर्शन किया गया। डॉ. नेहा यादव ने कहा कि हमारे नेता अखिलेश यादव पर कोई भी अभद्र टिप्पणी करेगा तो समाजवादी चुप नहीं बैठेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार नौकरी, रोजगार, शिक्षा और महिला सुरक्षा जैसे गंभीर मुद्दों पर पूरी तरह असफल रही है। जनता के सवालों से ध्यान हटाने के लिए केतकी सिंह जैसी भाजपा विधायक अशोभनीय टिप्पणियाँ करती हैं, जो न केवल निंदनीय हैं बल्कि जनता का भी अपमान है। डॉ. नेहा यादव स्पष्ट किया कि जब तक भाजपा सरकार युवाओं को रोजगार, बेटियों को सुरक्षा और छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं देती, समाजवादी पार्टी इस लड़ाई को सड़क से सदन तक जारी रखेगी। 2027 में जनता भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंककर समाजवादी सरकार बनाने का काम करेगी। प्रदर्शन में संजना पटेल, रिंकी शीला और जान्हवी सिंह सक्रिय रूप से शामिल रहीं। प्रदर्शनकारियों से मुलाकात करने समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह, मीडिया पैनलिस्ट फखरूल हसन चांद, जिलाध्यक्ष जयसिंह जयंत, भारत यादव, पायल किन्नर, पूजा यादव बुंदेलखंडी, राजबाला रावत, शर्मीला महाराज, लता जायसवार, सलमा, दीपा यादव, अर्चना रावत, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता सभा राष्ट्रीय सचिव समाजवादी पार्टी प्रदीप यादव और अधिवक्ता सभा जिलाध्यक्ष अंजनी प्रसाद अधिवक्ताओं की पूरी टीम के साथ मिलने पहुंचे।

# खाद संकट को लेकर सपा का प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। वर्तमान सरकार द्वारा किसानों पर किये जा रहे अत्याचार एवं शोषण के खिलाफ किसानों एवं खाद बीज दुकानदारों के समर्थन में मोहनलालगंज सांसद आर के चौधरी, जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' एवं जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान के नेतृत्व में जिला कार्यालय 6, लाजपत राय भवन, कैसरबाग, लखनऊ से चलकर जिला कलेक्ट्रेट पर एक दिवसीय धरना दिया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान ने किया।



इस मौके पर जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' ने कहा कि भाजपा सरकार के राज में रसायनिक खादों विशेषकर यूरिया एवं डीएपी का पूरे उत्तर प्रदेष में भीषण संकट पैदा कर दिया गया है, जिससे किसान हतास एवं तबाह हो रहा है। पूरी की पूरी खरीफ की फसल विशेषकर धान, मक्का, बाजरा एवं सब्जियों की खेती खाद न मिलने के कारण बर्बाद हो चुकी है, साथ ही रवि की फसल की तैयारी के लिए भी गेहूं, आलू व अन्य सब्जियों के किसान चिन्ताग्रस्त हो गये हैं। स्थिति यह है कि सरकारी गोदाम पर खाद उपलब्ध नहीं है। रोज हजारों किसान सरकारी समितियों के चक्कत लगा रहे हैं। खाद मिलने के बदले उन पीड़ितों को पुलिस की लाठियां मिलती हैं। जिससे पूरे उत्तर प्रदेश का किसान बदहाल, निराश एवं हताश है। खाद एवं बीज के प्राइवेट दुकानदारों का जिला कृषि अधिकारी एवं उनके गुर्गों द्वारा उत्पीड़न करके धन उगाही का काम किया जा रहा है। इस ज्ञापन के माध्यम से समाजवादी पार्टी यह मांग करती है कि अतिशीघ्र खाद उपलब्ध करायी जाये एवं खाद की कमी के जिम्मेदार कृषि अधिकारियों पर प्रशासन द्वारा कठोर कार्यवाही कर उन्हें दण्डित किया जाये।

इस अवसर पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय सचिव चौधरी जगदीप सिंह यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला सभा जूही सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता फखरूल हसन चांद, पूर्व विधायक राजेन्द्र यादव, अम्ब्रीश सिंह पुष्कर, पूर्व मंत्री सलाउद्दीन सिद्दीकी, वरिष्ठ नेता भारत यादव, प्रदेश सचिव महताब सिंह यादव, त्रिवेणी प्रसाद पाल, विजय सिंह यादव, दिनेश सिंह, वीर बहादुर सिंह, अमरपाल सिंह, सरोज यादव, वसी अहमद खान, मयाराम वर्मा, रामसमुझ रावत, रामगोपाल यादव, अकरम उर्फ बब्बू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय बहादुर यादव, प्रदेश अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ कर्नल शरद शरण सिंह, पूर्व महानगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित के साथ हजारों पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवक की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर, संवाददाता। सरोजनी नगर इलाके मे बुधवार की दोपहर एक तेज रफ्तार गैस भरे कैप्सूल ( टैंकर ) ने स्कूटी सवार युवक को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा थाना क्षेत्र के गिंदन खेड़ा नहर के पास करीब 3 बजे हुआ।यहां गिन्दन खेड़ा नहर के पास बुधवार दोपहर करीब तीन बजे सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति अंकित द्विवेदी (35) की मौत हो गई। टी एस मिश्रा अस्पताल का कर्मचारी अंकित द्विवेदी अपनी स्कूटी से से गिंदन खेड़ा जाने वाली रोड पर जा रहा था। अमौसी गैस प्लांट कि गैस कैप्सूल गाड़ी ने स्कूटी सवार अंकित को कुचल दिया हादसा होते ही मौके पर भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने आश्रित परिवार को मुआवजा देने व जर्जर सड़क का निर्माण किए जाने की माँग को लेकर मृतक की




डेड बॉडी रोड पर रखकर करीब डेढ़ घंटे तक प्रदर्शन किया। इसके बाद पहुंचे एसीपी विकास कुमार पाण्डेय ने लोगों को समझा बुझा कर प्रदर्शन समाप्त कराया। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बताते हैं कि मृतक गोंडा जिले के बनगाँव का रहने वाला था।वह यहां टीएस मिश्रा अस्पताल में काम करता था और अस्पताल के सामने ही किराए का मकान लेकर परिवार के साथ रहता था। मृतक के परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं।

# बलरामपुर चिकित्सालय परिसर मे मनया गया 40 वा नेत्रदान पखवार दिवस...



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । 40वा राष्ट्रीय नेत्रदान पखवारा'' आज बलरामपुर चिकित्सालय परिसर मे मनाया गया। इस पखवारे मे दृष्टि हीनता, दृष्टि रोग से सम्बन्धित इलाज और सुरक्षा पर जागरूक करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया और नेत्रदान करने पर सहयोग करने का अनुरोध किया गया इस नेत्रदान से कम कम तीन व्यक्तियो के जीवन रोशनी मिल सकती है इस अवसर पर बलरामपुर हॉस्पिटल के निर्देशका डॉक्टर कविता आर्या व सी एम एस डॉक्टर हिमांशु चतुर्वेदी,वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉक्टर संजीव गुप्ता डॉक्टर संजय तिब्बतिया डॉक्टर आकंक्षा डॉक्टर निधि एवं नेत्र परीक्षण प्रभारी ममता श्रीवास्तव नेत्र परीक्षण अधिकारी अमृता पाटिल सरला यादव कर्मचारीगण जितेन्द्र कुमार दिनेश कुमार दाऊद खान आदि उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव न लड़ने वाले पंजीकृत राजनैतिक दलों की सुनवाई की

लखनऊ। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने प्रदेश के पते पर पंजीकृत ऐसे राजनैतिक दल जो विगत छः वर्षो से प्रत्यक्ष रूप से लोक सभा एवं विधान सभा के चुनाव में प्रतिभाग नहीं कर रहें थे उनके प्रतिनिधियों के साथ बुधवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में सुनवाई की। उन्होंने प्रत्येक दल द्वारा प्रस्तुत किए गए अंशदान रिपोर्ट,वार्षिक लेखा परीक्षण (ऑडिट) रिपोर्ट एवं निर्वाचन व्यय विवरण जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों का गहन परीक्षण किया और सभी दलों के मोबाइल नंबर,पंजीकरण संख्या,वर्तमान पता व ईमेल की भी जांच की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा ऐसे दलों के प्रतिनिधियों को अपना प्रत्यावेदन,शपथपत्र एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों के साथ सुनवाई के दौरान कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे। उन्होने सुनवाई के लिए प्रदेश के पते पर पंजीकृत 121 राजनैतिक दलों को कारण बताओं नोटिस जारी किया था, इसमें से 03 सितम्बर को 51 राजनैतिक दलों को सुनवाई के लिए बुलाया गया था ।

# गरीब परिवारों पर टूटा बारिश का कहर, भाजपा नेता नवीन मिश्रा ने बढ़ाया मदद का हाथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां , लखनऊ । मोहनलालगंज विकासखंड के बैरीसालपुर गांव में हो रही लगातार बारिश से दो गरीब परिवारों की खुशियों पर पानी फिर गया। बीती सोमवार की देर रात अचानक दिलावर और उसके छोटे भाई अनवर का कच्चा मकान भरभरा कर ढह गया। हादसे के वक्त घरों में परिवार मौजूद थे लेकिन गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि दोनों भाइयों का मकान और गृहस्थी मलबे में दबकर पूरी तरह नष्ट हो गई । हादसे की जानकारी मिलते ही बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के मंडल महामंत्री एवं युवा समाजसेवी नवीन मिश्रा पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचे। उन्होंने मौके पर पहुंचकर आर्थिक सहायता प्रदान की और भरोसा दिलाया कि हर संभव मदद के लिए वे परिवार के साथ खड़े हैं। नवीन मिश्रा ने कहा कि ऐसे मुश्किल समय में पीड़ित परिवारों को



तत्काल राहत पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। मकान टूटने से परिवार बेघर हो गए हैं, लेकिन सहयोग और सरकारी योजनाओं की मदद से जल्द ही इन्हें फिर से बसाने का प्रयास किया जाएगा , बताया जाता है कि दिलावर पेंटिंग का कार्य करता है जबकि उसका भाई अनवर मजदूरी कर किसी तरह परिवार का भरण-पोषण करता है। दोनों भाई एक ही मकान की अलग-अलग कोठरियों में रहते थे। अब हादसे के बाद दोनों परिवार मोहल्ले में शरण लेकर किसी तरह गुजारा करने को मजबूर हैं।इधर, घटना की जानकारी पर लेखपाल भी मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लेकर पीड़ित परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश से लगातार कच्चे मकान जर्जर हो रहे हैं और कई परिवार दहशत में हैं। लोगों का कहना है कि शासन-प्रशासन को प्रभावित परिवारों की तुरंत मदद करनी चाहिए ताकि वे फिर से अपने पैरों पर खड़े हो सकें।

# प्रदेश सचिव अनमोल तिवारी के नेतृत्व में हुई बैठक, कई किसानों ने ली सदस्यता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । मोहनलालगंज के कनकहा ग्राम सभा में जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव के नेतृत्व में भाकियू (लोकतांत्रिक) की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में प्रदेश सचिव अनमोल तिवारी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। बैठक में ग्रामीणों और किसानों की भारी भागीदारी देखने को मिली। इस दौरान दर्जनभर से अधिक लोगों ने भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक की सदस्यता ग्रहण कर संगठन को और मजबूत करने का संकल्प लिया। सदस्यता ग्रहण करने वालों में पूर्व प्रधान मंसाराम रावत, हरिओम सिंह, उमेश यादव, दिनेश गौतम, रामचरन, मोहित गुप्ता, सूरज गौतम, मनोज सैनी, कमलेश यादव,



बृजेश, आशीष समेत कई लोग शामिल रहे। प्रदेश सचिव अनमोल तिवारी के पहुंचने पर किसानों और ग्रामीणों ने फूलमालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया। बैठक के दौरान आवारा पशुओं से होने वाली फसल बर्बादी, समय पर खाद उपलब्ध न होने, तथा अन्य स्थानीय किसान समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

अनमोल तिवारी ने किसानों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि यूनियन हमेशा किसानों के अधिकारों की लड़ाई लड़ने के लिए तत्पर रहेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में खाद की समस्या सबसे गंभीर है। पूरे क्षेत्र का किसान खाद के अभाव में परेशान है। इस समस्या को दूर करने के लिए यूनियन लगातार खाद वितरण केंद्रों का दौरा कर रही है ताकि समय पर किसानों को खाद उपलब्ध कराया जा सके।उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक का उद्देश्य केवल आंदोलन करना नहीं बल्कि किसानों की समस्याओं का समाधान खोजना भी है। संगठन हर छोटे-बड़े मुद्दे पर किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा।इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री समर यादव, पिंटू, रामभरोसे सहित बड़ी संख्या में किसान व ग्रामीण मौजूद रहे। बैठक के अंत में संगठन को मजबूत करने और किसानों के हितों की रक्षा के लिए सभी ने एकजुट होकर आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

# वरुण विहार में बनेगा 300 एकड़ का लॉजिस्टिक पार्क

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ का नक्शा बदलने जा रही है लखनऊ विकास प्राधिकरण की महत्वाकांक्षी वरूण विहार योजना। आगरा एक्सप्रेस-वे और किसान पथ से सीधे जुड़ने वाली इस योजना में 300 एकड़ में लॉजिस्टिक पार्क/ट्रांसपोर्ट नगर और 15 हजार से अधिक भूखण्ड विकसित किए जाएंगे। इससे जहां तीन लाख से अधिक लोगों को आवासीय सुविधा मिलेगी, वहीं रोजगार और निवेश के नए अवसर भी सृजित होंगे। एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बुधवार को योजना का निरीक्षण किया और भूमि जुटाव की रफ्तार तेज करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने दोना गांव स्थित साइट ऑफिस पर अधिकारियों और अभियंताओं के साथ बैठक की तथा किसानों से संवाद भी किया। उपाध्यक्ष ने बताया कि योजना कुल 5610 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित की जाएगी। इसके लिए सदर और सरोजनीनगर



तहसील के कई गांवों कि भूमि चिन्हित की गई है। जिसमे भलिया, आदमपुर इन्दवारा, बहरू, जलियामऊ, मदारपुर, इब्राहिमगंज, नकटौरा, गहलवारा, तेजकृष्ण खेड़ा, रेवरी, सकरा और दोना शामिल हैं। योजना में पर्यावरण और मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए लगभग 800 एकड़ क्षेत्र में ग्रीन बेल्ट, पार्क और वॉटर बॉडीज विकसित की जाएंगी। यहां एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का गोल्फ कोर्स और सेंट्रल पार्क भी प्रस्तावित है। वरूण विहार योजना में कुल 25 सेक्टर होंगे। इनमें अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप ग्रिड सड़कें, भूमिगत केबल लाइन और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल होगा। इसके अलावा सुगम यातायात के लिए एक आईएसबीटी (इंटर स्टेट बस टर्मिनल) भी बनाया जाएगा। उपाध्यक्ष ने बताया कि किसानों की सहमति के आधार पर भूमि क्रय प्रक्रिया चल रही है। निरीक्षण के दौरान किसानों ने उत्साह दिखाते हुए भूमि देने की सहमति प्रदान की।

# लखनऊ में होगा नवोदय विद्यालय सेवानिवृत्त शिक्षक एवं कर्मचारी सम्मान समारोह




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नवोदय विद्यालय सेवानिवृत्त शिक्षक एवं कर्मचारी सम्मान समारोह 2025 की विस्तृत जानकारी हेतु बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ के प्रांगण में एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में वेद प्रकाश राय, अनिल दीप आनंद, हरिशंकर गुप्ता,डॉ. राजश्री पांडेय, प्रज्ञा पांडेय, डॉ. नित्या वर्मा, डॉ. अनुराग मिश्रा सहित कई पूर्ववर्ती छात्र उपस्थित रहे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि नवोदय विद्यालय के गौरवशाली इतिहास में पहली बार सेवानिवृत्त शिक्षक एवं कर्मचारी सम्मान समारोह 2025 का आयोजन 7 सितम्बर को होटल लिनेज, गोमती नगर, लखनऊ में किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर नवोदय विद्यालय के सेवानिवृत्त डिप्टी कमिश्नर, असिस्टेंट कमिश्नर, प्राचार्य, पीजीटी-टीजीटी शिक्षक एवं कर्मचारीगण को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन में देश-विदेश में विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाने वाले 100 से अधिक पूर्व छात्र छात्राएँ भी उपस्थित रहेंगे, जो प्रशासनिक सेवा, सामाजिक सेवा, शिक्षा, चिकित्सा, अभियंत्रण, व्यवसाय एवं कला-साहित्य आदि में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं।

सम्मान समारोह में इनकी होगी विशेष मौजूदगी प्रेम कुमार गौतम(आईजी, एटीएस उत्तर प्रदेश), सूर्यपाल गंगवार(आईएएस सचिव, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश), राजशेखर रेड्डी(आईएएस प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश ग्रामीण जल निगम), बबलू कुमार(ऋष्ट) (डीआईजी जॉइंट कमिश्नर लॉ एंड ऑर्डर लखनऊ), विपिन जैन(विशेष सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश) प्रशांत कुमार(निदेशक समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश), रईस अख्तर(आईपीएस), विजय कुमार(विशेष सचिव कार्मिक विभाग, उत्तर प्रदेश) अमोल मुकुट(ऋष्ट) (एसीपी बक्शी का तालाब), विकास पांडेय(एसीपी कृष्णा नगर), राजकुमार सिंह(एसीपी चौक), अनिल सागर(एसडीएम), पवन कुमार(एसडीएम), प्रो. डॉ. वीरेंद्र प्रसाद, (केजीएमयू) प्रो. डॉ. अविनाश कुमार (केजीएमयू) श्रीकांत मिश्रा (निदेशक अमरावती ग्रुप लखनऊ)के सहित अनेक अन्य गणमान्य पूर्व छात्रो को आमंत्रित किया गया है।

# सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग : डीपीएस एल्डिको ने जीती बास्केटबॉल चैंपियनशिप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा युवाओं को खेल प्रतिभा निखारने के अवसर, मंच एवं सम्मान देने की दृष्टि से सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को लीग के सातवें चरण के तहत इंटर-स्कूल बॉयज़ एवं गर्ल्स बास्केटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल वृन्दावन योजना स्थित एसकेडी अकादमी के कोर्ट में खेला गया।

गर्ल्स एवं बॉयज़ दोनों ही वर्गों में डीपीएस एल्डिको की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेठ ए.आर. जयपुरिया स्कूल को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की।

सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने विजेता डीपीएस एल्डिको टीमों




(बॉयज एवं गर्ल्स) को ?25,000 तथा उपविजेता टीमों सेठ ए.आर. जयपुरिया स्कूल की टीमों को ?11,000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की। साथ ही प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के रूप में बॉयज़ वर्ग से ईशान सिंह (डीपीएस) और गर्ल्स वर्ग से अनुष्का पांडा (डीपीएस) को ?5,000 की नगद राशि व विशेष शील्ड देकर सम्मानित किया। सभी खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए गए।

इस अवसर पर एसकेडी अकैडमी के संस्थापक एस.के.डी. सिंह, निदेशक मनीष सिंह, डीपीएस एल्डिको की प्रिंसिपल मनीषा अंतवल, भाजपा नेता शिव शंकर सिंह शंकरी, रमा शंकर त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख सुनील रावत, शैलेन्द्र सिंह, सुमन सिंह राठौर, पार्षद कौशलेंद्र द्विवेदी, संजीव अवस्थी, पार्षद के. एन. सिंह, मनोज रावत, लवकुश रावत, शिव कुमार सिंह चच्चू, रीना उपाध्याय, राजन मिश्रा, पप्पू पांडे, रज्जन सिंह, शेर अली ख़ान, सोनू माली, जितेंद्र सिंह, सरला सिंह, रीतू सिंह, अनीता त्रिपाठी अन्नू, जानकी अधिकारी, माधवी देवी, अपर्णा भारती, अर्चना बोहरा, पवन सिंह, राजू बाजपेयी, राजेश चावला, हिमाशू शुक्ला, कुशुम भत्रा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद् व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# साहित्य सृजन संस्थान, बिसवां द्वारा तहसीलदार बिसवां की उपस्थिति में बच्चों को निशुल्क वितरित की गयी पाठ्य पुस्तकें

## 'सृजन पुस्तकालय' में हाई स्कूल इंटर के छात्र छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, स्टेशनरी एवं स्कूल बैग उपलब्ध कराया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां, सीतापुर। शैक्षिक, सामाजिक, साहित्यिक सरोकारों को समर्पित अ. भा. संस्था 'साहित्य सृजन संस्थान' द्वारा क्षेत्र बच्चों के शैक्षिक विकास के लिए बिसवां में निकट पशु चिकित्सालय, तहसील रोड पर स्थापित 'सृजन पुस्तकालय' में ( हाई स्कूल इंटर के छात्र छात्राओं को) निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, स्टेशनरी एवं स्कूल बैग उपलब्ध कराया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तहसीलदार बिसवां, उमाशंकर त्रिपाठी उपस्थित रहे। संस्थान द्वारा उन्हें अंगवस्त्र, स्मृतिचिह्न एवं साहित्यिक पुस्तकें प्रदान कर सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि की मौजूदगी में बदालपुरवा बिसवा निवासी कृष्णा देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज में कक्षा 10 की छात्रा मीनू को समाजसेवी सौरभ बंसल के हाथों उनकी पाठ्यक्रम की पुस्तकें, स्टेशनरी और स्कूल बैग प्रदान किया गया। और कृष्णा देवी गर्ल्स कॉलेज में कक्षा 12 की छात्रा जुवेरिया इस्लाम को समाजसेवी उबैद बदर के हाथों उनकी पाठ्यक्रम की पुस्तकें, स्टेशनरी और स्कूल बैग उपलब्ध कराया गया।इसी क्रम में कुछ अन्य बच्चों को भी उनकी स्कूल किट वितरित की गई।इस अवसर उमाशंकर त्रिपाठी जी ने अपने संबोधन में कहा कि पुस्तकालय ज्ञानार्जन, शोध और अन्वेषण का महत्वपूर्ण स्थल होते हैं। पुस्तकालय सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हैं और एक प्रबुद्ध पाठक वर्ग का निर्माण करते हैं। यही प्रबुद्ध पाठक वर्ग जिम्मेदार नागरिक की भूमिका में समाज की दिशा और दशा तय करता है। सृजन पुस्तकालय का यह प्रयास सराहनीय है। हमारी शुभकामनाएं और भरपूर सहयोग संस्थान को सदैव सुलभ रहेगा।संस्थान के संस्थापक/अध्यक्ष साहित्यकार संदीप मिश्र सरस ने बताया कि संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष क्षेत्र के मेधावी जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को निःशुल्क स्कूल बुक किट उपलब्ध कराई जाती है। ये बच्चे अपनी मेधा के बल पर सफलता अर्जित करके बिसवां का नाम पूरी दुनिया में जब रोशन करेंगे तो हमारे संस्थान का संकल्प सार्थक हो जाएगा।कार्यक्रम में कृष्णा देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य लक्ष्मी देवी, उप प्रधानाचार्य उषा अवस्थी, श्री राम चंपा देवी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राकेश शुक्ल, गंगा स्वरूप मिश्र, गोलू शुक्ला, मनोज गुप्त एडवोकेट एवं बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।उल्लेखनीय है कि पुस्तकालय में विभिन्न भाषाओं की साहित्यिक, ऐतिहासिक, वैज्ञानिक, दार्शनिक पुस्तकों के साथ-साथ पर्याप्त कंपटीशन बुक्स की व्यवस्था है। प्रतिवर्ष विभिन्न महाविद्यालयों के अन्यान्य शोध छात्र छात्राएं पुस्तकालय द्वारा उपलब्ध पुस्तकों से अपने लघु शोध प्रबंध तैयार करते हैं।सृजन पुस्तकालय द्वारा समय-समय पर बच्चों को विभिन्न स्कूल, कोचिंग सेंटर में एडमिशन एवं छूट का सहयोग दिलाया जाता है और छात्र-छात्राओं के लिए मोटिवेशनल क्लासेस एवं करियर काउंसलिंग के प्रोग्राम आयोजित किए जाते हैं। अब पुस्तकालय में कंप्यूटर प्रशिक्षण की भी व्यवस्था संचालित हो गई है।

## कटान के बाद बाढ़ का कहर घरों में घुसने लगा पानी, भयभीत ग्रामीण

बेहटा,सीतापुर। पिछले वर्ष शारदा नदी ने बसंतापुर में बने नदी की सुरक्षा हेतु स्टेट निर्माण परियोजना का 150 मीटर तटबंध धराशाई कर दिया तटबंध कटते ही एक साथ पानी निकलना शुरू हो गया जिससे बसंतापुर सहित दर्जनों गांवों को तबाही का मंजर झेलना पड़ा किसानों की फसलें भी बर्बाद हुई जिसका कोई भी मुआवजा अभी तक नहीं मिल पाया था जिसके जख्म अभी भरे नहीं थे की नदी ने फ़िर से 100 मीटर परियोजना को आगोश में ले लिया वैसे तो सिंचाई विभाग द्वारा बचाव कार्य तो किया गया लेकिन समय रहते नदी में पानी आने से पूर्व कोई ठोस कार्य नहीं किया गया नतीजन इस बार स्टेट निर्माण परियोजना का 250 मीटर भाग से वेग से निकलता हुआ पानी किसानों की फसलें बर्बाद करते हुए घरों में पानी घुसना प्रारम्भ हो चुका है आज दो दिन से लगातार जल स्तर बढ़ने के बाद तहसीलदार मनीष कुमार त्रिपाठी सहित क्षेत्रीय लेखपाल मुकेश कुमार व सिंचाई विभाग की टीम ने दौरा किया श्री त्रिपाठी ने सारे गांव में दौरा किया लोगों तक पहुंचे उनके दुख दर्द साझा करते हुए बताया कि और पानी बढ़ने व किसी प्रकार की सहायता के लिए लेखपाल को अवगत कराए शासन स्तर से हर संभव सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी ।

# शस्त्र लाइसेंसों की पारदर्शी जांच के लिये जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में शस्त्र लाइसेंसों की पारदर्शी एवं निष्पक्ष जांच व सत्यापन हेतु गठित जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान उन्होंने निर्देश दिये कि सभी उपजिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी शस्त्र लाइसेसों की पारदर्शी एवं निष्पक्ष जांच कर आख्या प्रस्तुत करें। अवैध शस्त्रों निर्माण, विक्रय आदि पर प्रभावी नियंत्रण हेतु त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, इसके लिये गोपनीय सूचनाओं के आधार पर भी कार्यवाही की जाये। अवैध शस्त्रों से संबंधित लम्बित अभियोजन मामलों में भी प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने दिये।
जिलाधिकारी ने कहा कि सभी शस्त्र लाइसेंस धारक नियमों का पालन सुनिश्चित करें तथा प्रतिबंधित कार्य यथा हर्ष फायरिंग आदि न करें। किसी भी प्रकार के विस्फोटक का अवैध भण्डारण न किया जाये। उन्होंने इस संबंध में व्यापक जन जागरूकता अभियान संचालित कराने के भी निर्देश दिये। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी सदर धामनी एम दास सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्राम सीतारसोई की लावारिस भूमि मामले की सुनवाई 11 सितम्बर को

सीतापुर । उपजिलाधिकारी सिधौली ने बताया कि पत्रावली वाद संख्या टी 202510640504507 अन्तर्गत धारा 115 उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 ग्राम सीतारसोई परगना बाडी बमुकदमा सरकार बनाम कढिले मेरे न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें सुनवाई हेतु नियत तिथि 11.09.2025 है। तहसीलदार सिधौली की आख्यानुसार वाद भूमि गाटा संख्या 307 मि0 रकबा 0.443 हे0, गाटा संख्या 572 रकबा 0.038 हे0, 718 रकबा 0.076 हे0, 766 रकबा 0.303 हे0, 802 रकबा 0.790 हे0, 842 रकबा 0.076 हे0 स्थित ग्राम सीतारसोंई परगना बाडी तहसील सिधौली के खातेदार कढिले पुत्र अंगने निवासी सीतारसोई के नाम राजस्व अभिलेखो में दर्ज है।

# पीईटी-2025 की शांतिपूर्ण व सफल आयोजन के लिये केंद्र व्यवस्थापकों व अधिकारियों का प्रशिक्षण सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित होने वाली प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 को सुचितापूर्ण, सकुशल एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराए जाने दृष्टिगत जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सभी केंद्र व्यवस्थापकों, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं अन्य सम्बंधित अधिकारियों का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 आगामी दिनांक 06 व 07 सितम्बर, 2025 को प्रत्येक दिन दो पालियों में (कुल 4 पालियों में) जनपद के 12 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित किया जाना प्रस्तावित है, जिसके लिए जनपद में कुल 21600 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं।??प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी को निर्देश दिए कि वह परीक्षा के सम्बन्ध में उपलब्ध कराई गयी बुकलेट में दिए गए दिशा निर्देशों एवं परीक्षा प्रक्रिया का भली-भांति अध्ययन कर लें तथा निर्धारित ड्यूटी स्थल पर समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि ड्यूटी में तैनात किये जाने वाले सभी कक्ष निरीक्षकों का बेहतर प्रशिक्षण सुनिश्चित कराया जाये। परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाय। प्रवेश के समय परीक्षार्थियों नियमानुसार जांच की जाय। परीक्षा कक्षों में प्रकाश की समुचित व्यवस्था की जाय। परीक्षार्थियों की सुविधा के दृष्टिगत आवश्यक प्रबन्ध भी सुनिश्चित किए जाय।??जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा के आयोजन के सम्बन्ध में शासन अत्यंत गंभीर है। माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा स्वयं इसकी समीक्षा की गयी है, इसलिए इसमें किसी भी स्तर में कोई भी लापरवाही न की जाय। ड्यूटी में तैनात किए गए सभी अधिकारी पूरी गंभीरता के साथ दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें। किसी भी समस्या अथवा संशय की स्थिति तत्काल उच्चाधिकारियों को संज्ञानित कराते हुए मार्गदर्शन प्राप्त किया जाय। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही करने वालों अथवा गड़बड़ी का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। ??जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि बाहर से आने वाले एवं जनपद से बाहर जाने वाले अभ्यर्थियों के आवागमन में कोई असुविधा हो, इसके लिये समुचित प्रबंध किये जायें। बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन पर हेल्पडेस्क एवं मेडिकल टीमों की तैनाती की जाये। हेल्पडेस्क पर पुलिस एवं राजस्व विभाग के कर्मचारियों की तैनाती की जाये। सभी संबंधित मार्गों पर यातायात सुचारू रूप से चले, इसके लिये समुचित प्रबंध सुनिश्चित किये जायें। ??प्रशिक्षण के दौरान सभी को संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गयी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी, आयोग के समन्वीय पर्यवेक्षक आदि उपस्थित रहे।

## वृद्धावस्था पेंशनरों का सघन सत्यापन 10 सितम्बर तक कराए जाने के निर्देश

सीतापुर । जिला समाज कल्याण अधिकारी मोती लाल ने बताया है कि जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय पत्र दिनांक 29 अगस्त, 2025 के द्वारा राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रथम किश्त में भुगतानित पेंशनरों का सघन सत्यापन दिनांक 10.09.2025 तक कराये जाने हेतु समस्त उपजिलाधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी /समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत सीतापुर को निर्देशित किया गया है। राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रथम किश्त में भुगतानित पेंशनरों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 10.09.2025 तक अपने संबंधित सहायक/ग्राम विकास अ धि क ा र ी (स0क0)/प्रधान/सभासद/विकासखण्ड कार्यालय/नगर पालिका/नगर पंचायत कार्यालय से सम्पर्क स्थापित करते हुए अपना सत्यापन करा सकते है जिससे वृद्धावस्था पेंशन की धनराशि सुचारू रूप से खाते में अंतरित होती रहे।

# आयुष्मान कार्ड लाभार्थियों के लिए बना वरदान, हो रहा नेत्र रोगों का उपचार

## चिकित्सा शिविर में 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों के लिए निःशुल्क पंजीकरण, 5 लाख तक का मिलेगा इलाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर-खीरी। विकास खण्ड सदर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान के सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर अमित बाजपेई के मार्गदर्शन में मोतीपुर गांव में एक चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया जिसमें 70 साल से ऊपर आयु वर्ग के बुजुर्गों एवं गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लाभार्थियों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए गए। जिनकी उम्र 70 साल से अधिक है और आयुष्मान सूची में उनका नाम नहीं है वो सीधे सीएचसी से संपर्क अपना आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनवा सकता है। इसी तरह जो लोग बीपीएल कार्ड धारक हैं और आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं वो भी अपने कार्ड बनवा सकते हैं आंख अस्पताल सीतापुर की स्वास्थ्य टीम जिला मुख्यालय से आकर शिविर में आए दर्जनों मरीजों का नेत्र परीक्षण कर दवा वितरित की गई।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान अधीक्षक डॉ अमित बाजपेई ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा आम जनमानस के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के दृष्टिगत जनहित में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य रक्षा हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान के चिकित्सकगण एवं पैरामेडिकल स्टाफ सतत प्रयत्नशील हैं।

# बाढ़ग्रस्त इलाकों में ट्रैक्टर से पहुंचे एसडीएम सदर

## एसडीएम सदर अश्विनी कुमार बाढ़ पीड़ितों का लिया हाल, बांटे 8,000 फूड पैकेट्स

कैनविज टाइम्स संवाददाता





लखीमपुर खीरी। शारदा नदी में आई बाढ़ ने नकहा विकासखंड और फूलबेहड़ ब्लॉक के कई गांवों को अपनी चपेट में ले लिया है। नदी का पानी ग्रामीण इलाकों में घुस जाने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सबसे अधिक प्रभावित मंगलपुरवा और पिपरा गांव बताए जा रहे हैं, जहां बाढ़ का पानी घरों व खेतों तक पहुंच गया है। गंभीर हालात की जानकारी मिलने पर सदर एसडीएम अश्विनी कुमार सिंह खुद ट्रैक्टर से बाढ़ग्रस्त इलाकों का दौरा करने पहुंचे। उन्होंने प्रभावित परिवारों से उनकी समस्याएं जानीं और ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि प्रशासन पूरी तरह उनके साथ खड़ा है। मौके पर ही एसडीएम ने बाढ़ पीड़ितों को लंच पैकेट बांटे और संबंधित अधिकारियों को राहत व बचाव कार्य तेज करने के निर्देश दिए। प्रशासन की ओर से बताया गया है कि शारदानगर और खमरिया क्षेत्रों में लगभग 8,000 फूड पैकेट्स तैयार किए जा रहे हैं। जिन्हें युद्ध स्तर पर बाढ़ प्रभावित गांवों में पहुंचाया जाएगा। इसके साथ ही नावों और ट्रैक्टरों की मदद से ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने का कार्य लगातार चल रहा है। एसडीएम अश्विनी कुमार सिंह ने कहा कि 'सरकार और प्रशासन की प्राथमिकता है कि बाढ़ पीड़ितों तक हर संभव मदद समय पर पहुंचे। किसी भी परिवार को भूखा नहीं रहना पड़ेगा।' ग्रामीणों ने एसडीएम की मौके पर मौजूदगी और राहत सामग्री वितरण को सकारात्मक कदम बताया, मगर कई इलाकों के लोगों का कहना है कि अभी भी कुछ गांवों तक मदद पहुंचने की जरूरत है। स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग और पुलिस टीमें लगातार अलर्ट पर हैं। जिला प्रशासन का दावा है कि हालात पर बारीकी से नजर रखी जा रही है और हर बाढ़ग्रस्त परिवार को सुरक्षित ठिकाने और भोजन मुहैया कराया जाएगा।

# थरिया गांव में लगा विधिक साक्षरता शिविर, 150 ग्रामीण हुए लाभान्वित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर बुधवार को ग्राम थरिया, थाना नीमगांव, तहसील मितौली में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वीरेन्द्र नाथ पाण्डेय, तहसीलदार मितौली व प्राधिकरण के कर्मचारीगण मौजूद रहे। शिविर में ग्रामीणों को निःशुल्क विधिक सहायता, मध्यस्थता के माध्यम से वादों का निस्तारण, राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों के सुलह-समझौते से निस्तारण, प्री-लिटिगेशन वादों, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 एवं नागरिकों के विधिक अधिकारों की जानकारी दी गई।तहसीलदार मितौली ने सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं और ग्रामीणों के अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की। शिविर से लगभग 150 नागरिक लाभान्वित हुए। ग्रामीणों ने इसे उपयोगी बताते हुए ऐसे शिविर नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की।

## गांव में संचारी रोग निवारण के तहत कैंप लगाकर लोगों को वितरित की गई दवाई

बेहटा सीतापुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तंबौर के तहत 2 सितंबर बुधवार को बसंतापुर गांव में कैंप लगाकर लोगों को दवाइयां वितरण की गई वैसे बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र होने व लगातार वारिश होने के कारण मच्छरों का अत्यधिक संख्या में पनपना स्वाभाविक है जिससे लोगों में बुखार,सिरदर्द बदनदर्द के साथ कुछ लोगों में जड़ा लगाकर बुखार आने की समस्या पाई गई जड़ा लगकर बुखार आने वाले लोगों का रक्त परीक्षण कर दवाई वितरित की गई सैकड़ों की संख्या में लोगों ने दवाई ली इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तंबौर से उपेन्द्र कुमार, एल टी हिमांशु सिंह एल टी हरिओम शुक्ला अमित कुमार व सूरज वर्मा टीम सहित उपस्थित रहे।

## जहांगीराबाद के आसिफ ने मॉडलिंग शो में जीता अवॉर्ड



बिसवां, सीतापुर । जहांगीराबाद के निवासी आसिफ अशरफी अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाकर लोगों के बीच लगातार चर्चा में बने रहते हैं। कभी गरीबों की मददगार के रूप में तो कभी एक समाजसेवी के रूप में दिखाई देने वाले आसिफ ने अब मॉडलिंग की दुनिया में भी अपनी अलग पहचान बनाई है।हाल ही में लखनऊ के गोमतीनगर स्थित सिनेपोलिस मॉल में आयोजित रनवे फैशन वीक में भाग लेकर आसिफ ने अवॉर्ड जीतकर न केवल अपनी प्रतिभा साबित की, बल्कि अपने क्षेत्र का नाम भी रोशन किया।मॉडलिंग शो में सफलता मिलने के बाद क्षेत्रीय लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई और समर्थकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। बातचीत में आसिफ ने बताया कि– ल्लमेरा मकसद हमेशा अलग-अलग वर्गों के बीच रहकर उनकी सोच और अनुभव से जुड़ना है। इसी सोच ने मुझे इस शो तक पहुँचाया और आज यह अवॉर्ड मेरे क्षेत्र की जनता को समर्पित है।ङ्कआसिफ की यह उपलब्धि जहांगीराबाद ही नहीं, पूरे जनपद के लिए गर्व का विषय बन गई है।

## बिजली विभाग की लापरवाही के चलते, झुलसा बालक



लखीमपुर खीरी। बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही के चलते ट्रांसफार्मर की चपेट में आने से एक बालक झुलसकर घायल हो गया है।जनपद लखीमपुर खीरी के ब्लॉक पसगवां क्षेत्र के ग्राम मोहिद्दीनपुर निवासी शोहित पुत्र धर्मेंद्र बुधवार की सुबह घर से निकलकर खेलने गया था बही गांव के पास जमीन पर रखे बिजली के ट्रांसफार्मर की चपेट में आने से शोहित झुलसकर बुरी तरह से घायल हो गया परिजनों ने तत्काल डायल 108 एम्बुलेंस को सूचना दी मगर एक घंटे से अधिक बीत जाने के बाद भी एम्बुलेंस मौके पर नहीं पहुंची जिसके बाद मजबूरी में शोहित के पिता धर्मेंद्र अपने बेटे को एक ऑटो में लेकर सीएचसी पसगवां पहुंचे जहां उसका इलाज चल रहा है और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है इस दौरान बिजली विभाग की भी बड़ी लापरवाही देखने को मिल रही है इस ट्रांसफार्मर को न तो इंसुलेटेड जाली से ढका गया था और न ही कोई चेतावनी संकेत बोर्ड लगा हुआ है साथ ही इसके आस आस बहुत सारे खुले तार भी पड़े नजर आ रहे थे हादसे की सूचना मिलने के बाद बिजली विभाग ने तुरंत ट्रांसफार्मर के चारों और जाली लगवा दी है यदि ट्रांसफार्मर को पहले से ही ढका गया होता तो शायद यह हादसा न होता।

## सर्वेश्वरी समूह कुष्ठ सेवा आश्रम द्वारा 130 लोगों को निःशुल्क बांटी गई मच्छरदानी

महराजगंज,रायबरेली। चंदापुर राजमहल मे श्री सर्वेश्वरी समूह कुष्ठ सेवा आश्रम शाखा मुंशीगंज द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान बारिश के मौसम में लोगों को मच्छरों से बचाव के लिए करीब 130 वृद्ध दिव्यांग एवं निर्धन ग्रामीणों में निशुल्क मच्छरदानी व फलदार पौधे बांटे गए। आपको बता दे कि,बुधवार को राजमहल चंदापुर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अघोरेश्वर महाप्रभु गुरुपद संभव राम के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि चंदापुर स्टेट के छोटे राजा हर्षेंद्र सिंह ने कार्यक्रम के उपरांत राजमहल के बगल बनी नवीन सीएचसी परिसर में पौधरोपण भी किया। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में बृद्ध लोगों को रोगो से बचाव के लिए समूह द्वारा मच्छरदानी व पर्यावरण के बचाव के लिए फलदार पौधो का वितरण किया गया है। श्री सर्वेश्वरी समूह का यह प्रयास सराहनीय है।

# हैदराबाद गांव में सनसनीखेज घटना पति-पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोला गोकर्णनाथ-खीरी। थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम हैदराबाद में बुधवार को प्रात दिल दहला देने वाली एक घटना उस समय सामने आई जब संदिग्ध अवस्था में पति-पत्नी के अलग-अलग स्थानो पर मृत अवस्था में शव पाए जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम हैदराबाद निवासी बहादुर (55 वर्ष) और उनकी पत्नी सुनीला देवी (50 वर्ष) अपने घर में बुधवार की सुबह जब वह देर तक नहीं उठे, तो पड़ोस में रहने वाले राज बहादुर के बड़े भाई राम बहादुर ने अपने बेटे मोनू को भेजकर देखने को कहा। मोनू ने जब घर के अंदर जाकर देखा तो राज बहादुर का शव भूसे वाले कमरे में रस्सी के सहारे कुंडे से लटका हुआ था। जब वह ऊपर गया तो सुनीला देवी का शव चारपाई पर मृत अवस्था में पड़ा मिला। मृतक राज बहादुर दूध और भैंस खरीद-फरोख्त का काम करता था और परिवार के पास चार बीघा जमीन थी। मृतक अपने चार भाइयों में तीसरे नंबर के थे। इस घटना की सूचना प्राप्त होने पर तुरंत थानाध्यक्ष सुनील मलिक अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना स्थल की जांच पड़ताल करने के उपरांत अपर पुलिस पुलिस ने मौका मुआइना किया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया है, जो घटना स्थल से साक्ष्य इकट्ठा कर रही है। फिलहाल, यह जांच की जा रही है कि दंपति की मौत का कारण आत्महत्या था या किसी ने दोनों की हत्या की है। इधर, मृतक राज बहादुर की सास रूपा देवी ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी और दामाद की हत्या की गई है। इस घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है और लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। पुलिस अब घटना के हर पहलू पर ध्यान दे रही है और जांच पड़ताल कर रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

# डीएम ने की जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक

## डीएम की पहल पर 14 अक्टूबर को होगा बेटियों को समर्पित खेल इवेंट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । खेल प्रतिभाओं को निखारने और जिले को खेलों में पहचान दिलाने की तैयारी तेज हो गई है। बुधवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने कहा कि खेल प्रतिभाओं को मंच और संसाधन देना ही अब प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी कड़ी में 14 अक्टूबर को बेटियों को समर्पित भव्य खेल आयोजन किया जाएगा। ताइक्वांडो, कबड्डी, चेस जैसे खेलों की बढ़ती आवश्यकता को देखते हुए इन खेलों के कोच उपलब्ध कराने हेतु मुख्यालय से पत्राचार किया जाए। साथ ही उपक्रीड़ा अधिकारी को निर्देश दिए कि इन खेलों में रुचि रखने वाले युवाओं, खिलाड़ियों को सूचीबद्ध कर प्रोत्साहन की दिशा में कार्य करें। स्टेडियम निर्माण कार्यों का नियमित अनुश्रवण कर शीघ्र पूर्ण कराया जाए।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, आधुनिक सुविधाएं और उचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि खिलाड़ियों की जरूरतों को प्राथमिकता से पूरा किया जाए, ताकि जिले की प्रतिभाएं प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें।बैठक में स्टेडियम में प्रतियोगिताओं के दौरान वायरलेस साउंड सिस्टम, मेज-कुर्सी व बेंच-डायस की उपलब्धता पर चर्चा हुई। साथ ही स्वीमिंग पूल के संचालन हेतु कोच व जीवन रक्षक, जिम ट्रेनर मानदेय प्रशिक्षक रखने का प्रस्ताव भी रखा गया। खिलाड़ियों के लिए आवश्यक खेल उपकरण उपलब्ध कराने और समिति के कोष को मजबूत बनाने पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, प्रशिक्षु आईएएस मनीषा, उप क्रीड़ा अधिकारी मो.इरफान, बीएससी प्रवीण तिवारी, जीआईसी के प्रधानाचार्य सहित विभिन्न खेलों के कोच मौजूद रहे।*डीएम की पहल पर 14 अक्टूबर को होगा बेटियों को समर्पित खेल इवेंट*जिले में खेल प्रतिभाओं को संवारने और बेटियों को विशेष मंच देने के लिए जिला प्रशासन बड़ी पहल करने जा रहा है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने निर्देश दिए कि 14 अक्टूबर को बेटियों को समर्पित भव्य खेल इवेंट आयोजित होगा। डीएम ने अधिकारियों को तैयारी समय रहते पूरी करने के निर्देश देते हुए कहा कि कार्यक्रम की रूपरेखा आकर्षक और प्रभावी हो।

# डीएम ने परीक्षा की विशेष तैयारियों को लेकर दिए निर्देश

**6 एवं 07 सितम्बर को होगी प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025**

**इस परीक्षा में लगभग 39,360 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे, जिनके लिए जिले में 24 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2025 का आयोजन जनपद बदायूँ में दिनांक 06 व 07 सितम्बर 2025 को किया जाएगा। परीक्षा दो पालियों में सम्पन्न होगी। प्रथम पाली प्रातः 10:00 से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 03:00 से 05:00 बजे तक। इस परीक्षा में लगभग 39,360 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे, जिनके लिए जिले में 24 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। जिलाधिकारी अवनीश राय ने कहा कि परीक्षा के लिए मौसम को दृष्टिगत रखते हुए सभी तैयारियां की जाएं, जिससे अभ्यर्थियों को कोई दिककत न हो, साथ में उनके सामान के रखने की भी उचित व्यवस्था रहे। केन्द्र व्यवस्थापक इसका विशेष ध्यान रखें। परीक्षा केन्द्र में प्रकाश व्यवस्था का खास ख्याल रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिए परीक्षा को शांतिपूर्वक व व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सभी तैयारियाँ समय से पूर्ण की जाएं। परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई, प्रकाश, सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएँ एवं विद्युत आपूर्ति की विशेष व्यवस्था की जाएं। परीक्षा के दिन केन्द्रों के आस-पास विशेष सफाई अभियान चलाया जाए।उन्होंने रेलवे स्टेशन व रोडवेज बस स्टैण्ड पर अभ्यर्थियों की भारी भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जा रही है। अभ्यर्थियों को यात्रा में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए रेलवे प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं। स्टेशन पर निरन्तर उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से यात्रियों को सूचना उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर एम्बुलेंस व प्राथमिक उपचार की व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया है। जिला अस्पताल व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आपात स्थिति हेतु विशेष तैयारियाँ रखी गई हैं। विद्युत विभाग को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए हैं। साथ ही पेयजल आपूर्ति सुचारू रखने हेतु जल संस्थान को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। पुलिस विभाग द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा प्रबन्धों को मजबूत किया गया है। परीक्षा केन्द्रों पर भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती की गई है। यातायात पुलिस को अभ्यर्थियों के आगमन व वापसी के दौरान विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में लगभग 25,000 से अधिक की भीड अन्य जनपदों से बदायूँ आना सम्भावित है। ऐसे में प्रशासन ने आवास, यातायात और सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया है। सभी अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे समय से परीक्षा केन्द्र पर पहुँचे और आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

परीक्षा केन्द्र पर मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या अन्य प्रतिबन्धित सामग्री लाना पूर्णतः निषिद्ध है।उन्होंने बताया कि जनपद के बीआरबी मॉडल इण्टर कॉलेज, ब्लूमिंगडेल स्कूल, डीपॉल स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, फ्लोरेंस नाइटिंगल स्कूल, गिंदो देवी महिला महाविद्यालय, एचपी इंटरनेशनल स्कूल, हा0सि0 इस्लामियां इण्टर कॉलेज, केदार नाथ महिला इण्टर कॉलेज, लॉर्ड कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल, महार्षि विद्या मंदिर, मदर ऐथेना स्कूल, एन0एम0एस0एन0 दास पीजी कॉलेज ब्लॉक ए, एन0एम0एस0एन0 दास पीजी कॉलेज ब्लॉक बी, नगर पालिका कन्या इण्टर कॉलेज, पी0एम0 श्री राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज, पी0एम0 श्री राजकीय इण्टर कॉलेज, राजाराम महिला इण्टर कॉलेज, राजकीय महाविद्यालय आवास विकास, श्री कृष्णा इण्टर कॉलेज ब्लॉक ए, श्री कृष्णा इण्टर कॉलेज ब्लॉक बी, सिंगलर गर्ल्स इण्टर कॉलेज, टिथोनस इण्टरनेशनल स्कूल, जीलॉट पब्लिक स्कूल अन्य शामिल है।

## संविदा कर्मियों से परिसर खाली कराने में हाफ रहा स्वास्थ्य विभाग

बदायूँ। कल कैनविज टाइम्स में दो संविदा कर्मियों (जिनमें से एक हेल्प डेस्क कर्मचारी जबकि दूसरा मेल स्टाफ नर्स है) द्वारा कब्जा गए लॉन्ड्री हाउस की खबर को प्रकाशित किया था। बताते चलें कि नवागत सीएमएस डॉक्टर शोभा अग्रवाल तेज तर्रार अधिकारियों में गिनी जाती हैं। उन्होंने चार्ज संभालते ही दिनांक 4 तथा 18 अगस्त 2025 को दिए पत्र द्वारा दोनों ही संविदा कर्मचारियों को निर्देशित किया था कि लॉन्ड्री हाउस खाली नहीं करने पर वेतन रोकने व अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। संबंधित प्रकरण से मुख्य चिकित्सा अधिकारी को भी अवगत करा दिया गया था फिर भी अभी तक सीएमओ द्वारा कोई भी दंडात्मक कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई है। जबकि उक्त परिसर सीएमओ कार्यालय से चंद कदम की दूरी पर ही स्थित है। सोचने वाली बात यही है कि जब स्वास्थ्य विभाग को अपने ही विभागीय संविदा कर्मचारियों द्वारा कब्जाए गए परिसर को खाली कराने में तारे नज़रं आ रहे है तो किसी नियमित कर्मचारी द्वारा कब्जा किए जाने की दशा में तो उस परिसर को खाली कराने के विषय में सोचना भी स्वप्न सरीखा होता। फ़िलहाल दोनों ही कर्मचारी बेखौफ होकर परिसर मे बिना किसी खर्च के मुफ्त में रह रहे हैं। उन दोनों को न तो सीएमएस का डर है और न ही सीएमओ का खौफ। इससे स्पष्ट होता है कि दोनों पर किसी बड़े राजनेता का पंजा है।

## कोर्ट फीस हेतु ई-स्टाम्प के प्रयोग को बढ़ावा देने के निर्देश

बदायूँ। जिला स्टाम्प अधिकारी डॉ0 वैभव शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आयुक्त स्टाम्प, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र के अन्तर्गत स्टाम्प उ0प्र0 विधान सभा की प्राक्कलन समिति की बैठक 24 मार्च 2025 में मा0 समिति द्वारा कोर्ट फीस को ई-स्टाम्प के माध्यम से अपने अपने जनपदों में अवस्थित सभी न्यायालयों की बार एसोसिएशन एवं अन्य माध्यमों से कोर्ट फीस ई-स्टाम्पों का प्रयोग बढाने हेतु समुचित प्रचार-प्रसार किये जाने के निर्देश दिये गये है।उन्होंने बताया कि इसके अनुपालन में जनपद की समस्त बार एसोसिएशन , समस्त उपजिलाधिकारियों, समस्त तहसीलदारां व समस्त उप निबन्धकों से अपेक्षा की गई है कि वह अपने अपने क्षेत्रान्तर्गत कोर्ट फीस ई-स्टापों के प्रयोग को बढावा देने हेतु ई-स्टाम्प बैण्डरों एवं दस्तावेज लेखकों के माध्यम से अधिकाधिक प्रयोग सुनिश्चित कराएं।

## गंगा से बाढ़ ग्रस्त गांव का डीएम एसएसपी ने किया निरीक्षण

अनूपशहर। डीएम श्रुति व एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ गंगा किनारे बसे गांव पहुंचकर ग्रामीणों से वार्ता कर बाढ के हालात व फसलों की क्षति का सर्वे कराकर रिपोर्ट प्रेषित करने का निर्देश दिया। बुधवार को जिलाधिकारी श्रुति एवं एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांव बच्ची खेड़ा, तोरई, सिरौरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गंगा का पानी गांव के समीप तक आने के बारे में ग्रामीणों द्वारा बताया गया। किसानों ने बताया कि गंगा किनारे के खेतों में पानी भरने से फसलों को भारी नुकसान हो गया। किसानों ने फसलों की क्षतिपूर्ति की मांग की। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से वार्ता करते हुए एसडीएम प्रियंका गोयल को निर्देश दिए कि वह गंगा किनारे के खेतों में पानी भरने से फसलों को हुए नुकसान का सर्वे कराकर रिपोर्ट भेजे। लगातार बरसात होने से गंगा का जल स्तर बढ़ रहा है, जिससे आबादी वाले क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति न बने उसके लिए पूर्व से ही बाढ़ की रोकथाम के लिए तैयारियां कर ली जाएं। गंगा में कटान वाले स्थानों को चिन्हित करते हुए कटान रोकने के कार्य कराए जाए। निरंतर गंगा किनारे क्षेत्र का भ्रमण करते हुए स्थिति पर नजर बनाए रखें। इस अवसर पर एसडीएम प्रियंका गोयल, सीओ रामकरण सिंह, तहसीलदार संजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

## गणेश प्रतिमाओं का पूजन के बाद गंगा में किया विसर्जन

अनूपशहर। नगर के व क्षेत्र में एक सप्ताह तक श्री गणेश पूजन के बाद श्रद्धालुओं ने जोर-शोर के साथ श्री गणेश जी की भव्य शोभायात्रा निकालकर गंगा किनारे बनाए गए कुंड में प्रतिमाओं का विसर्जन किया।बुधवार को नगर में दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने श्री गणेश जी की प्रतिमा को गाने, बाजे के साथ लाकर गंगा किनारे प्रशासन द्वारा बनाए गए कुंड में विसर्जन किया। श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष के साथ शोभायात्रा निकाली। कई स्थानों पर मटकी लगाकर फोड़ने का कार्यक्रम भी किया गया। धूमधाम के गाजे, बाजे के साथ गणपति बप्पा की शोभा यात्रा निकालकर रंग, गुलाल उड़ते हुए जश्न मनाकर भगवान गणेश जी को अगले दिन के लिए विदाई दी। दिन में लगातार बरसात होने के कारण श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना भी करना पड़ा।

## अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का स्थापना दिवस समारोह सम्पन्न, चयनित हुए नये पदाधिकारी

सम्भल। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने अपने 32वें स्थापना दिवस को पूरे देशभर में धूमधाम से मनाया, जनपद सम्भल में भी भव्य आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर न केवल स्थापना दिवस का जश्न मनाया गया, बल्कि व्यापारियों के बीच एकता और विस्तार को मजबूत करने के लिए बड़े स्तर पर संगठन विस्तार भी किया गया। यह आयोजन सम्भल के व्यापारी समुदाय के लिए एक नई ऊर्जा का संचार करने वाला साबित हुआ, जहां स्थानीय स्तर पर नई नेतृत्व व्यवस्था का ऐलान किया गया। प्रदेश संगठन मंत्री प्रेम ग्रोवर ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। गौरीशंकर चौधरी को जिला चेयरमैन, मोहम्मद कासिम को जिला संयोजक तथा शाकिर हुसैन को सम्भल तहसील का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इन नई नियुक्तियों से संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी, जो व्यापारियों की समस्याओं के समाधान और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। गौरीशंकर चौधरी ने नियुक्ति के बाद कहा, ''यह सम्मान न केवल मेरा है, बल्कि सम्भल के समस्त व्यापारी भाइयों का है। हम संगठन को और मजबूत बनाकर व्यापारियों के हितों की रक्षा करेंगे।''इस भव्य समारोह में प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी, जिला संगठन मंत्री उमेश वार्ष्णेय, जिला उपाध्यक्ष वसीम सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# पानी भरे गड्ढे में पलटी निजी बस, महिला की मौत

**जिले के दातागंज कोतवाली क्षेत्र के डहरपुर गांव के हुए हादसे में 12 यात्री घायल घायल हो गये जिन्हें एंबुलेंस से अस्पताल में भर्ती कराया गया**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। दातागंज क्षेत्र में सवारियों से भरी निजी बस अनियंत्रित होकर पानी भरी खंती में पलट गई। हादसे में एक महिला की मौत हो गई। 12 यात्री घायल हुए हैं। दातागंज कोतवाली क्षेत्र में डहरपुर गांव के पास बुधवार दोपहर बड़ा हादसा हो गया। तेज रफ्तार निजी बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पानी भरी खंती में पलट गई। हादसा होते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि 12 यात्री घायल हुए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, निजी बस दातागंज से बदायूं की ओर जा रही थी। डहरपुर गांव के पास बस अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खंती में पलट गई। खंती में पानी भरा होने से यात्री फंस गए। चीख-पुकार मचने पर आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। राहगीर भी रुक गए। लोगों ने काफी मशक्कत के बाद लोगों को बस से बाहर निकाला। तेज रफ्तार बनी हादसे की वजह कुछ ही देर में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंच गए और बचाव कार्य तेज किया गया। घायलों को एंबुलेंस से नजदीकी अस्पताल भेजा गया है। जहां एक महिला को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस मृतका की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। हादसे की वजह तेज रफ्तार बताई जा रही है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

# डीपीबीएस कालेज में सलाद सज्जा प्रतियोगिता आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अनूपशहर। डीपीबीएस में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अंतर्गत सलाद सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बुधवार को डीपीबीएस कालेज में सलाद सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य जी के सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह सप्ताह 1 -7 सितंबर तक सेलिब्रेट किया जाता है। इस वर्ष की थीम ईट राइट फार ए बेटर लाइफ (बेहतर जीवन के लिए सही खानपान अपनाएं) है। इसका उद्देश्य लोगों को संतुलित आहार, सही खानपान की आदतें अपनाने, कुपोषण रोकने और जीवनशैली संबंधी बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक करना है। गृह विज्ञान की विभाग अध्यक्ष डा. मोहिनी गुप्ता ने कहा कि आजकल बच्चे जंक फूड और बाहर का खाना पसंद करते हैं। जिससे कम आयु में शारीरिक क्षमता क्षीण हो रही है। उन्होंने कहा कि हमारे पारंपरिक भोजन जैसे दाल, चावल, सब्जी और रोटी में लगभग सभी जरूरी पोषक तत्व मिल जाते हैं। अगर साथ में मौसमी फल और सलाद भी शामिल किया जाए तो आहार संतुलित हो जाता है। गृह विज्ञान की प्रवक्ता सृष्टि शर्मा ने कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मस्तिष्क के लिए संतुलित आहार अनिवार्य है। उन्होंने शिशु अवस्था से लेकर किशोरावस्था, गर्भावस्था और वृद्धावस्था तक सभी के लिए संतुलित पोषण जरूरी बताया। निर्णायक मंडल में प्रो. चंद्रावती, प्रो. ऋषि अग्रवाल, डा.जागृति सिंह रही। दीक्षा प्रथम, सुनैना, दिव्यांशी द्वितीय और छवि गोयल, प्रियांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । इस मौके पर प्रो. पीके त्यागी, प्रो. सीमांत दुबे, यजवेन्द्र कुमार, डा. लक्ष्मण सिंह, डा. तरुण श्रीवास्तव, डा. घनेंद्र बंसल आदि उपस्थित रहे।

# लाभार्थियों को प्रत्येक दशा में शत-प्रतिशत निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न कराएं वितरण : एडीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जिला स्तरीय सतर्कता समिति एवं सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी के अन्तर्गत खाद्यान्न के प्रेषण एवं प्राप्ति तथा खाद्यान्न के परिवहन आदि में आने वाली समस्याओं के निराकरण हेतु बैठक का आयोजित की गई। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा जनपद में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया तथा सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी के अन्तर्गत खाद्यान्न के प्रेषण एवं प्राप्ति तथा खाद्यान्न के परिवहन आदि में आने वाली समस्याओं के निराकरण के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में सम्बन्धित को निर्देशित किया गया कि वह प्रत्येक दशा में लाभार्थियों को शत-प्रतिशत निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न का वितरण करायें तथा उक्त व्यवस्था में जहां भी लीकेज की सम्भावना हो उसे खत्म किया जाये तथा विसंगतियों को दूर किया जाये ताकि शासन की मंशानुरूप पारदर्शी वितरण व्यवस्था को सुदढतापुर्वक लागू किया जा सकें। बैठक में उपस्थित परिवहन ठेकेदारों को निर्देशित किया गया कि वह अनुमन्य वाहनों का उपयोग करते हुये उचितदर दुकानों तक निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न पहुंचवायें इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। इस अवसर पर डा0 मोहन झा, ए0सी0एम0ओ0, वीरेन्द्र कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सुशील कुमार, डी0पी0ओ0, मण्डलायुक्त के स्तर से नामित मा0 सदस्य के0बी0गुप्ता एवं अजय पाराशरी सहित, समस्त आपूर्ति स्टाफ, विपणन शाखा से प्रेषण प्रभारी, उचितदर विक्रेताओं के प्रतिनिधि एवं समस्त सिंगल स्टेज परिवहन ठेकेदार उपस्थित रहे।

# सीडीओ की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

**बैठक में निदेशक, महिला कल्याण विभाग लखनऊ के पत्र के अनुपालन में मिशन वात्सल्य योजनान्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं व गतिविधियों पर विचार-विमर्श किया गया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मिशन वात्सल्य के अन्तर्गत जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की द्वितीय त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में निदेशक, महिला कल्याण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र के अनुपालन में मिशन वात्सल्य योजनान्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं व गतिविधियों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड एवं सामान्य), स्पॉन्सरशिप, दत्तक ग्रहण इकाई, बाल विवाह रोकथाम, चाइल्डलाइन-1098, पीएम केयर, बाल तस्करी, बाल श्रम उन्मूलन, बाल भिक्षावृत्ति, वार्षिक कार्ययोजना तथा सेवा प्रदाता एजेंसियों से सम्बन्धित विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) के अन्तर्गत 97 लाभार्थियों तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अन्तर्गत 329 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में बाल विवाह की कुल 27 सूचनाएँ प्राप्त हुईं, जिन्हें जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, थाना प्रभारी एएचटीयू, बाल कल्याण अधिकारी, पुलिस एवं चाइल्डलाइन के संयुक्त प्रयासों से रोका गया तथा सम्बन्धित अधिकारियों के समन्वय से उनका निस्तारण किया गया। इसके अतिरिक्त स्पॉन्सरशिप योजना के अन्तर्गत 139 बच्चों को लाभ प्रदान किया गया।सीडीओ ने निर्देशित किया कि बाल संरक्षण सम्बन्धी जागरूकता कार्यक्रम अधिक प्रभावी ढंग से संचालित किए जाएँ। समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों को ब्लॉक स्तर पर बाल संरक्षण समिति की बैठकें आयोजित कर उसकी सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने 1098 चाइल्डलाइन से प्राप्त शिकायतों का गंभीरता से निस्तारण करने, किशोर न्याय बोर्ड एवं बाल कल्याण समिति में लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण कराने पर बल दिया। मिशन शक्ति अम्ब्रेला योजना के तहत ल्लहब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेनङ्क योजना सहित भारत सरकार पोषित योजनाओं का अधिक से अधिक किशोरियों व महिलाओं तक लाभ पहुँचाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि योजनाओं के अन्तर्गत ल्लसंबलल्ल एवं ल्लसामर्थ्यल्ल पर कार्य करते हुए महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना हमारा साझा लक्ष्य होना चाहिए। वन स्टॉप सेंटर की मैनेजर ने ऑफिस हेतु विभिन्न सामग्री न होने की बात कही तो सीडीओ ने सामग्री की लिस्ट उपलब्ध कराने को कहा।

## किसान के विरोध पर जेई ने की अभद्र भाषा का प्रयोग

कुढ़फतेहगढ़/ चन्दौसी। तहसील चन्दौसी अन्तर्गत थाना कुढफतेहगढ क्षेत्र में डारनी स्थित बिजलीघर पर तैनात जेई पर उसके निजी नलकूप से दूसरे किसान का कनेक्शन जबरदस्ती जोड़ने का विरोध करने पर जेई द्बारा किसान बिनोद कुमार निवासी भगतपुर पहली से अभद्र भाषा का प्रयोग करने तथा देख लेने की धमकी देने पर किसान द्बारा थाना कुढफतेहगढ में अबर अभियंता संजय शर्मा के खिलाफ तहरीर दी है तथा आईजीआरएस पर शिकायत की है। किसान बिनोद कुमार पुत्र करनपाल निवासी भगतपुर पहली के पिता के नाम निजी नलकूप है जो कि पूर्ण जमा योजना के अंतर्गत एचटी लाइन का कनेक्शन कराया था। पूरे स्टीमेट का पैसा जमा कर नलकूप लगा था। अब जेई संजय शर्मा ने किसान बिनोद कुमार की बिना सहमति के गांव के ही एक दूसरे किसान से मोटी रकम लेकर कनेक्शन जारी कर दिया। अनैतिक रुप से कनेक्शन जोड़ने का विरोध करने पर जेई द्बारा किसान बिनोद कुमार से अभद्र भाषा का प्रयोग कर नलकूप नहीं चलने देने की धमकी दी गई। जिसकी शिकायत आईजीआरएस तथा थाना कुढफतेहगढ में की गई है।

## एडीएम ने की कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा

रायबरेली। अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अमृता सिंह व अपर जिलाधिकारी (प्र) सिद्धार्थ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व वसूली संबंधी बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विद्युत, बाट माप, परिवहन, आबकारी, वाणिज्य, नगर निकाय, सिंचाई, वन, व्यापार कर, खनन, मण्डी, स्टाम्प सहित विभिन्न विभागों की वसूली प्रगति की समीक्षा की गई।एडीएम (वित्त) ने कम प्रगति वाले विभागों व्यापार कर,स्टाम्प,परिवहन आदि को राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी विभाग अपने निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करें और समयबद्ध कार्यवाही पर विशेष ध्यान दें। बैठक में एडीएम ने कहा कि राजस्व वसूली लक्ष्य के सापेक्ष कराना सुनिश्चित करें। अतः अधिकारीगण लक्ष्य प्राप्ति के लिए ठोस कदम उठाएं और विभागीय समन्वय को मजबूत करें।बैठक में उन्होंने ने कहा कि आईजीआरएस में आ रही शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराए। शिकायतों का निस्तारण सतही स्तर पर ना किया जाए। शिकायतकर्ताओं का फिडबैक भी लिया जाए।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई नागरिक सुरक्षा कोर की बैठक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में जिलाधिकारी/नियंत्रक नागरिक सुरक्षा बदायूं अवनीश राय की अध्यक्षता में नागरिक सुरक्षा कोर के गठन के सम्बन्ध में एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें बरेली से आए सहायक नियंत्रक नागरिक सुरक्षा पंकज कुदेशिया ने नागरिक सुरक्षा कोर के गठन पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नागरिक सुरक्षा युद्ध एवं आपदा जैसी परिस्थितियों से निपटने हेतु प्रदेश के 15 जिलों में कार्यरत है तथा शीघ्र ही शेष 60 जिलों में भी इसका गठन किया जा रहा है। इस व्यवस्था के अंतर्गत 12 आपातकालीन सेवाएँ स्थापित की जाती हैं, जिनमें से 11 सेवाएँ विभिन्न राजकीय विभागों द्वारा संचालित होती हैं, जबकि एक सेवा पूर्णतया अवैतनिक होती है, जिसे ल्लवार्डन सेवाल्ल कहा जाता है। उन्होंने बताया कि वार्डन सेवा आम नागरिकों एवं जिला पुलिस प्रशासन के बीच एक सेतु का कार्य करती है। इसमें नगर क्षेत्र से विभिन्न रैंक पर स्वयंसेवकों की भर्ती की जाती है। यह लोग पूर्णतया निःशुल्क समाज एवं राष्ट्र की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। किसी भी क्षेत्र से सम्बन्ध रखने वाले नागरिक, चाहे वे व्यवसायी हों या किसी सरकारी व गैर-सरकारी सेवा में हों, वार्डन सेवा में आवेदन कर सकते हैं। चयन उपरांत उन्हें विभिन्न रैंक प्रदान किए जाते हैं तथा आवश्यकता पड़ने पर उनकी सेवाएँ नागरिक हित में ली जाती हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने विभाग के गठन की आवश्यकता एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए नगर में कार्यालय आवंटन हेतु आवश्यक कार्यवाही करने तथा प्राप्त 23 आवेदनों के आधार पर वार्डन सेवा की नियुक्तियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश सिटी मजिस्ट्रेट को दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 ब्रजेश सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार पाल सहित अन्य अधिकारी श्याम कृष्णा, अंजय अग्रवाल एवं सुनील गुप्ता उपस्थित रहे।

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत साइबर हाइजीन विषय पर कार्यशाला आयोजित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली । राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) रायबरेली में ल्लसतर्कता जागरूकता सप्ताहङ्क के अंतर्गत ल्लसाइबर हाइजीनङ्क विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस वर्ष का संदेश ल्लसतर्कता : हमारी साझा ज़िम्मेदारीङ्क के अंतर्गत इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों, संकायों तथा संस्थान से जुड़े लोगों को साइबर अपराधों से सचेत करना था।वरिष्ठ निरीक्षक श्री विंध्य विनय सिंह यादव ने छात्रों को फिशिंग, मॉर्फिंग, कैटफिशिंग जैसे विभिन्न साइबर अपराधों के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध निरंतर बढ़ रहे हैं और इनके प्रति जागरूक रहना हम सभी की जिम्मेदारी है। उपनिरीक्षक प्रशांत पवार ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि इन अपराधों से बचाव के कौन-कौन से उपाय अपनाए जा सकते हैं। उन्होंने यह भी समझाया कि न केवल छात्रों और अध्यापकों के लिए बल्कि उनके परिवारों और परिचितों के लिए भी साइबर सुरक्षा को अपनाना क्यों आवश्यक है। निफ्ट रायबरेली की निदेशक, प्रोफ़ेसर डॉ. जोनाली डी. बाजपेयी ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ छात्रों को न केवल शैक्षणिक दृष्टि से बल्कि जीवन कौशल के रूप में भी सजग बनाती हैं।संयुक्त निदेशक अमितवा चौधरी ने कहा कि डिजिटल युग में साइबर सतर्कता हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है और हम सभी को मिलकर सुरक्षित साइबर वातावरण बनाने की दिशा में कार्य करना चाहिए।कैम्पस अकादमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण श्रीवास्तव ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि संस्थान इस तरह की गतिविधियों को लगातार आयोजित करता रहेगा ताकि विद्यार्थियों की जागरूकता और सहभागिता बढ़े।

## बेदखली सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे चार बेटे जिनका नाम मुस्तकीम उर्फ मुकीम, मो0 मुरसलीम, सलीम व मो0 आसिफ है। मेरा बड़ा बेटा मुस्तकीम उर्फ मुकीम आवारा एवं अपराधी किस्म का व्यक्ति है। वह दिल्ली व अन्य स्थानों पर रहकर आवारागर्दी एवं आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देता है। मेरा व मेरे अन्य पुत्रों से मुस्तकीम उर्फ मुकीम का कोई लेना-देना नहीं है। अतः मैं उक्त मुस्तकीम उर्फ मुकीम को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ और यह भी घोषणा करता हूँ कि मेरा व मेरे अन्य पुत्रों से मुस्तकीम उर्फ मुकीम से कोई वास्ता नहीं रहेगा और ना ही उसके द्वारा किए गए किसी भी लेन-देन की कोई जिम्मेदारी होगी। वह जो भी कृत्य करता है उसके लिए वह स्वयं ही जिम्मेदार होगा।

प्रार्थी,
वकील अहमद पुत्र श्री इब्राहीम
निवासी ग्राम ककराला व थाना
अलापुर बदायूं

# उत्थान आडिटोरियम में आयोजित हुआ 'पंचायत एडवॉसमेन्ट इंडेक्स प्रशिक्षण कार्यक्रम

**सतत विकास लक्ष्य (एस.डी.जी.) संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित 17 परस्पर जुड़े हुए लक्ष्य हैं, जिन्हें 2030 तक हासिल किया जाना है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । पंचायतों के समग्र प्रदर्शन को बेहतर ढंग से प्रस्तुत किये जाने के उद्देश्य से 'पंचायत एडवॉसमेन्ट इंडेक्स (पीएआई) अन्तर्गत उत्थान आडिटोरियम बहराइच में जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र व अन्य अधिकारियों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया।

सतत विकास लक्ष्य (एस.डी.जी.) संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित 17 परस्पर जुड़े हुए लक्ष्य हैं, जिन्हें 2030 तक हासिल किया जाना है। जिसका उद्देश्य सभी के लिए गरीबी खत्म करना, पर्यावरण की रक्षा करना और सभी के लिए शांति और समृद्धि सुनिश्चित करना है।पीएआई के महत्व पर प्रकाश डालते हुए रिसोर्स पर्सन डीपीआरसी श्रावस्ती बृजेश पाण्डेय द्वारा बताया गया कि पंचायत उन्नति सूचकांक (पीएआई) ग्राम पंचायतों के लिए विकासात्मक प्रगति का मूल्यांकन करने में सहायक होगा। पीएआई पर उपलब्ध डेटा संचालित शासन को बढ़ावा देने, प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ स्थानीय नियोजन को सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के राष्ट्रीय उद्देश्यों के साथ संरेखित करने में एक रणनीतिक साधन के रूप में कार्य करेगा।यह मूल्यांकन स्थानीययकृत सतत विकास लक्ष्यों (एलएसडीजी) के 09 विषयों के आधार पर किया गया है। विषयगत और समग्र स्कोर पोर्टल पीएआई डाट जीओवी पर उपलब्ध है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है कि सभी सम्बन्धित अधिकारियो एवं कर्मचारियों को पीएआई पोर्टल को भरने की जानकारी उपलब्ध करा दी जाय। पीएआई पर उपलब्ध डाटा समस्त ग्रामों को संतृप्त करने हेतु कार्ययोजना तैयार करने में जनपद स्तरीय अधिकारियों के लिए मददगार होगा। इस अवसर पर डीएफओ बहराइच राम सिंह यादव, डीडीओ राज कुमार, सीएमओ डॉ संजय कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वानन्द, सीवीओ डॉ. राजेश उपाध्याय, डीसीओ आनन्द शुक्ला, जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## चमकाने के बहाने महिलाओं के गहने लेकर फरार होने वाले दो टप्पेबाज गिरफ्तार

गोरखपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत परमेश्वरपुर में एक महिला को झांसे में लेकर जेवर चमकाने के बहाने सोने का मंगलसूत्र, नथुनी और कान का झाला लेकर फरार हो गए थे। परमेश्वरपुर निवासिनी पीड़ित महिला खुशबू पत्नी धीरेन्द्र की तहरीर पर थाना पुलिस ने 1 सितंबर दिन सोमवार को दो अज्ञात युवक भीख मांगते हुए हमारे घर आये हमने 100 रुपए उनको दिए, उनमें से एक युवक ने थोड़ी सी मिट्टी उठाकर रुद्राक्ष बनाया और बोला कि अपना सोना के जेवर लाइए चमका कर नया कर दूंगा। जब हमने अपना गहना ले आई तो वह लोग गहना साफ करने लगे, तभी एक युवक ने पानी मांगा तो मैंने घर में पानी लेने गई, पानी लेकर जब हम आई तो देखी कि दोनों अज्ञात युवक हमरा सभी जेवर चुरा कर लेकर भाग गए। पुलिस ने दोनों अज्ञात युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर टप्पेबाज युवकों की तलाश में जुटी हुई थी कि बुधवार को भोर में गस्त पर थानाध्यक्ष मदन मोहन मिश्र मय फोर्स के साथ निकले थे कि सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के रानीपुर मोड़ के पास बिना नम्बर प्लेट के मोटरसाइकिल के साथ दो युवक खड़े हैं , घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिए।

# दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार चोरी की बेलोरो बरामद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधी क्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर आनन्द कुमार राय के नेतृत्व में कोतवाली नगर पुलिस टीम के द्वारा दो शा तिर चोर उस्मान खान पुत्र सफी मोहम्मद व फैज अहमद उर्फ कोइली पुत्र तुफैल अहमद को खैरा भवानी मोड़ विमौर के पास से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की एक महिन्द्रा बोलेरो पिकअप बरामद की गयी।एक सितम्बरको जाहिद अली पुत्र वली मोहम्मद निवासी विष्णुपुरी कालोनी सिविल लाइन गोण्डा द्वारा कोतवाली नगर में लिखित तहरीर दी गयी किएक सितम्बर को रात में उनकी महिन्द्रा पिकप सं0 ठ्ध्43द्व6583 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चो री कर ली गयी,वादी की तहरीर पर थाना को0 नगर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ था।तीन सितम्बर को कोतवाली नगर पु लिस टीम के द्वारा घटना कारित करने वाले दो व्यक्तियों को खैरा भवानी मोड़ विमौर के पास से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की एक महिन्द्रा बोलेरो पिकअप बरामद किया है।

# बाढ़ प्रभावित गाँवों में राहत सामग्री का किया गया वितरण

**डीएम के निर्देश पर शिविर लगाकर बाढ़ प्रभावित परिवारों को खाद्य सामग्री, पीने का पानी,दवाइयां, मच्छर दानी,सैनिटरी किट,जलरोधी तिरपाल व आवश्यक दैनिक उपयोग की वस्तुएं वितरित की गईं**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देशानुसार तहसील तरबगंज के अंतर्गत आने वाले बाढ़ प्रभावित ग्राम बहादुरपुर में बाढ़ राहत सा मग्री किट का वितरण किया गया।

हाल ही में सरयू नदी के जलस्तर में कुछ वृद्धि के कारण क्षेत्र में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई थी, जिस से ग्रामीणों के दैनिक जीवन पर गंभीर प्रभाव पड़ा है। प्रशासन द्वारा समय रहते सक्रियता दि खाते हुए राहत कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में आज ग्राम बहादुरपुर में वि शेष शिविर लगाकर बाढ़ प्रभावित परिवारों को खाद्य सामग्री, पीने का पानी,दवाइयां, मच्छर दानी,सैनिटरी किट,जलरोधी तिरपाल व आवश्यक दैनिक उपयोग की वस्तुएं वितरित की गईं। राहत सामग्री वितरण के दौरान उपजिला धिकारी तरबगंज,खंड विकास अधिकारी, तहसीलदार तथा अन्य राजस्व व पंचायत विभाग के अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा राहत सामग्री के वितरण की मॉनिटरिंग स्वयं की गई ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हर जरूरतमंद परिवार तक सहायता पहुँचे।जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन ने कहा कि प्रशासन बाढ़ से प्रभावित प्रत्येक व्यक्ति के साथ है और हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि ग्रामीणों की सुरक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी किसी भी समस्या को प्राथमिकता पर निस्तारि त किया जाए।

## चिकित्सक चयन के लिये साक्षात्कार 8 व 9 सितम्बर को

बहराइच । राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत जनपद-बहराइच में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के तहत रिक्त संविदा चिकित्सकों (एम.बी.बी.एस./दन्त शल्यक एवं आयुष चिकित्सकों) के पद पर चयन हेतु 08 व 09 सितम्बर 2025 को विकास भवन सभागार में साक्षात्कार आयोजित होगा। साक्षात्कार के लिए पात्र एवं अपात्र पाए गये अभ्यर्थियों की सूची एनआईसी की वेबसाइट तथा कार्यालय मुख्य चिकित्सा बहराइच के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है।यह जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि 08 सितम्बर को प्रातः 10:30 बजे से अपरान्ह 03:00 बजे तक समस्त कार्यक्रम अन्तर्गत एम.बी.बी.एस. चिकित्सकों तथा अपरान्ह 03:30 बजे से अपरान्ह 05:00 बजे तक दन्त शल्यक का साक्षात्कार होगा। इसी प्रकार 09 सितम्बर को प्रातः 10:30 बजे से अपरान्ह 04:00 बजे तक मैनस्ट्रीमिंग ऑफ आयुष चिकित्सकों का तथा अपरान्ह 04:15 बजे से अपरान्ह 05:00 बजे तक आयुष चिकित्सक (आर.बी.एस.के.) पद हेतु साक्षात्कार होगा।

# धैर्य व कठिन परिश्रम से आत्मनिर्भरता के लिए मिसाल बनी ज्योति देवी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच । जनपद के विकास खण्ड फखरपुर की ग्राम पंचायत टेण्डवा अल्पीमिश्र में गठित आदर्श प्रेरणा स्वयं सहायता समूह की सदस्य श्रीमती ज्योति देवी ने समूह से रू. 70,000 की धनराशि ऋण लेकर फॉस्ट फूड का कार्य प्रारम्भ किया गया। जहाँ इस महिला ने जिन्दगी की तमाम बाधा को पार करते हुए अपने घर की आर्थिक हालात को बदलते हुए नयी सामाजिक पहचान बनाई। आदर्श प्रेरणा स्वयं सहायता समूह की सदस्य श्रीमती ज्योति देवी आज समूह ही नहीं दूसरी महिलाओं के लिए प्रेरणा एवं आदर्श स्रोत हैं। धैर्य से किया परेशानी का सामनाखेती बारी कम होने के कारण एवं गाँव में कोई रोजी-रोजगार न होने के कारण श्रीमती ज्योति देवी को हमेशा आर्थिक संकटों का सामना करना पड़ता था। बच्चों के लिए भोजन एवं स्कूल की व्यवस्था करना मुश्किल था। तभी आजीविका मिशन द्वारा 2016 में गाँव में समूह बनाये जाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा था जिसमें श्रीमती ज्योति देवी ने सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने न स्वयं बल्कि अपने आस पास की गरीब महिलाओं को समूह से जोड़ने में महती भूमिका निभाई।समूह से ऋण लेकर प्रारम्भ किया फास्ट फूड स्टॉलसशक्तीकरण का उदाहरण पेश करने वाली श्रीमती ज्योति देवी के चेहरे पर आज मुस्कान है। आज सफल गृहणी होने के साथ साथ सफल व्यवसायी भी हैं। स्वःरोजगार की तरफ इनका रुझान 2017 में प्रारम्भ हुआ लेकिन स्वःरोजगार की तरफ इनका विशेष रूझान तब गया जब बी-2 बाजार की स्थापना हुई। बी-2 बाजार एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जहाँ जनपद बहराइच अन्तर्गत कार्यरत सभी स्वयं सहायता समूह जनपद स्तर पर आकर अपने उत्पादों की बिक्री कर सकते हैं जिसके लिए उन्हें कोई भी किराया आदि का खर्च वहन नहीं करना होता है।आत्म विश्वास ने बदली तस्वीर, बनी आत्मनिर्भरश्रीमती ज्योति देवी का पूरा परिवार आज खुश हैं। गाँव में उनकी एक अलग पहचान है। स्टॉल से उन्हें प्रतिमाह लगभग रू. 10 से 15 हज़ार की आमदनी हो जाती है जिससे वो अपने परिवार का पालन पोषण अच्छे ढंग से कर पा रही है। जीवन में आये सकारात्मक परिवर्तन के लिए श्रीमती ज्योति देवी उ.प्र. राज्य आजीविका मिशन को उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए कोटि कोटि धन्यवाद देती हैं।

# सी.सी.टी.वी. कैमरों के लिए स्थापित कन्ट्रोल रूम का डीएम ने किया निरीक्षण

**कैमरों को क्रियाशील बनाये रखने के दिये गये निर्देश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा यातायात के दृष्टिगत नगर क्षेत्र अन्तर्गत नगर पालिका परिषद बहराइच द्वारा प्रमुख 09 स्थानों पर स्थापित किये गये 31 सी.सी.टी.वी. कैमरों तथा यातायात पुलिस द्वारा 28 प्रमुख स्थानों पर लगाये गये सी.सी.टी.वी. कैमरों की क्रियाशीलता का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जलकल कार्यालय तथा पुलिस लाईन में स्थापित कन्ट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया। यातायात पुलिस द्वारा पुलिस लाईन में स्थापित सी.सी.टी.वी. कन्ट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान यातायात निरीक्षक राम प्रकाश ने जिलाधिकारी को कैमरों के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी प्रदान की। डीएम ने कहा कि कानून एवं शान्ति बनाये रखने में सी.सी.टी.वी. कैमरों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने निर्देश दिया कि यदि अन्य स्थानों पर भी कैमरों की आवश्यकता हो तो उसके लिए प्रस्ताव उपलब्ध करा दें। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद बहराइच द्वारा स्थापित सी.सी.टी.वी. कैमरों के लिए जलकल कार्यालय में स्थापित कन्ट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान अधि.अधि. नगर पालिका परिषद बहराइच प्रमिता सिंह ने डीएम श्री त्रिपाठी को आवश्यक जानकारी उपलब्ध करायी। डीएम ने निर्देश दिया कि सतत निगरानी रखते हुए कैमरों की क्रियाशीलता को बनाये रखें।

# जीआरपी सिपाही सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) गोंडा में तैनात आरक्षी सुधाकर खरवार को उनके उत्कृष्ट कार्य पर अपर पुलिस महानिदेशक (रेलवे) प्रकाश डी.ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मा नित किया है।यह जानकारी देते हुए थाना जीआरपी के निरीक्षक बांकेलाल ने बताया कि आरक्षी सुधाकर ने मनकापुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन संख्या 15209 के प्रस्थान के दौरान एक नाबालिक बालिका को गिरकर घायल होने से बचाया था। जिसकी लोगों द्वारा काफी सराहना की गई। आरक्षी के इस उत्कृष्ट कार्य पर पुलिस महानिदेशक (रेलवे) लखनऊ द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

# पूर्व लिपिक स्वयं प्रकाश शुक्ला समेत तीन पर मुकदमा दर्ज

**अरोपरियों ने नौकरी दिलाने का झांसादेकर पीड़ित से हड़पे दस लाख रूपये**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। जिले में एडेड जूनियर स्कूलों में शिक्षक की नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी और फर्जी वाड़ा किए जाने का एक और मामला सामने आया है। जहां एसपी विनीत जायसवाल के निर्देश पर बालक भगवान कॉलेज के पूर्व चर्चित लिपिक स्वयं प्रकाश शुक्ला और दो अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है। इससे पहले भी नौकरी लगवाने के नाम पर ही ठगी को लेकर स्वयं प्रकाश शुक्ला के खिलाफ जिले के दो थानों में भी मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। पीड़ित रमेश कुमार मौर्य ने बताया कि स्वयं प्रकाश शुक्ला ने एडेड जूनियर स्कूल में शिक्षक की नौकरी दिलाने का वादा किया था। 2018 में रमेश ने अपने ड्राइवर उमाशंकर जायसवाल की मदद से स्वयं प्रकाश को 6 ला ख रुपए दिए। शेष चार लाख रुपए लेखाधिकारी अवधेश शुक्ला के खाते में जमा कराए गए। रमेश ने कर्ज लेकर और पत्नी के गहने बेचकर यह राशि जुटाई थी। आरोपियों ने दो महीने में नौकरी दिलाने का वादा किया था। नौकरी न मि लने पर पैसे ब्याज सहित लौटाने की बात कही थी। लंबे समय तक न तो नौकरी मिली और न ही पैसे वापस हुए। शिकायत के बाद स्वयं प्रकाश ने सुलहनामे में दस लाख रुपए लेने की बात स्वीकार की। उन्होंने अब तक केवल चार लाख रुपए किस्तों में लौटाए हैं। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने कई अन्य बेरोजगार युवाओं से भी इसी तरह धोखाधड़ी की है।पुलिस ने जां च शुरू कर दी है और जल्द ही आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।वही गोंडा पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि नग र कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ है पूरे मामले की जांच कराई जा रही है जांच के आधार पर पूरे मामले में विधि कार्रवाई की जाएगी।इससे पहले भी स्वयं प्रकाश शुक्ला के खिलाफ जिले के अलग-अलग दो थानों में मुकदमे में दर्ज हो चुके हैं उसकी भी जांच की जा रही है।

## गोरखपुर में डेंगू से बचाव के लिए ग्राम पंचायतों में चल रहा विशेष जन जागरूकता अभियान



गोरखपुर। गोरखपुर में डेंगू से बचाव को लेकर जिला पंचायत राज विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों में 1 सितंबर से 15 सितंबर तक एक विशेष जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है समस्त विकासखंड के ग्राम पंचायतों में रोस्टर के तहत सचिव व ग्राम प्रधानों द्वारा ग्रामीणों से जन जागरूकता बैठक के माध्यम से डेंगू से बचाव के अहम जानकारी दी जा रही है इसके साथ ही सभी ग्राम पंचायतों मे एंटी लार्वा का छिड़काव व फागिंग का कार्य भी कराया जा रहा हैमुख्य विकास अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी ने कहां की डेंगू से बचाव को लेकर जन जागरूकता बैठक लारवा का छिड़काव फॉगिंग कार्य को लेकर समस्त विकासखंड के बीडीओ द्वारा सचिवों को अवगत कराया गया है आम जनमानस से मेरी भी अपील है कि,अपने आसपास कहीं भी पानी इकट्ठा न होने दे यदि सार्वजनिक जगह पानी इकट्ठा होता है तो आप इसकी शिकायत जरूर करे उसका निस्तारण त्वरित किया जाएगा क्योंकि पानी का इकट्ठा होना ही डेंगू का कारण बनता है।

# वन्य जीव सक्रियता वाले क्षेत्रों में निगरानी कर रहे हैं सात गश्ती दल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच राम सिंह यादव ने बताया कि यह निर्णय बीते समय में ग्रामीणों पर हुए वन्य जीव केहमले को देखते हुए लिया गया है**

बहराइच । प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच राम सिंह यादव ने बताया कि वन प्रभाग, बहराइच के बहराइच रेंज के विकास खण्ड महसी अन्तर्गत 28 अगस्त 2025 को ग्राम-बम्भौरी के बदनपुरवा, ग्राम सिसैया चूडामणि व मोतीपुरवा एवं ग्राम-गलकारा अहिरनपुरवा में अज्ञात वन्य जीव द्वारा ग्रामवासियों पर किये गये हमले के दृष्टिगत बहराइच वन प्रभाग स्तर से 07 गश्ती दलों का गठन किया गया है जो दिवस/रात्रि वन्य जीव सक्रियता क्षेत्रों में गश्त की कार्यवाही की जा रही है। इसके अतिरिक्त वन्य जीव सकियता वाले क्षेत्रों में 02 थर्मल ड्रोन/ड्रोन कैमरों के माध्यम से वन्य जीव को खोजने की कार्यवाही की जा रही है। गश्ती दलों द्वारा संवेदनशील स्थलों पर 05 कैमरा ट्रैपस तथा हमले से प्रभावित ग्रामों में सोलर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किये गये हैं ताकि वन्य जीव की पहचान सुनिश्चित करते हुए उसे सुरक्षित रेस्क्यू किया जा सके।डीएफओ श्री यादव ने बताया कि गश्ती टीमों द्वारा पैदल चलकर सक्रिय वन्य जीव को चिन्हित किये जाने एवं पगमार्क खोजने की कार्यवाही की जा रही है। अन्वेषण से प्राप्त पगचिन्हों से यह स्पष्ट हो रहा है कि उक्त वन्य जीव भेड़िया की श्रेणी में नहीं है। उन्होंने बताया कि जन जागरूता टीमों द्वारा ग्रामवासियों को हिंसक वन्य जीवों से बचाव हेतु लगातार जागरूक किया जा रहा है। जनजागरूकता के तहत प्रभावित क्षेत्रों में ग्रामवासियों को रात्रि में अपने घरों के अन्दर दरवाजा बन्द करके स्वयं एवं बच्चों को सुरक्षित सुलाने हेतु आग्रह किया जा रहा है। गश्ती टीमों द्वारा वन्य जीव के हमलों से प्रभावित ग्रामों के बाहरी क्षेत्रों में पटाखों को दगाकर वन्य जीव को रोकने की कार्यवाहियों की जा रही है। डीएफओ ने बताया कि वन, पुलिस एवं जिला प्रशासन के समन्वय से हिंसक जीव के हमले से प्रभावित क्षेत्र में दिवारात्रि की जा रही गश्त के परिणाम स्वरूप कोई भी अप्रिय घटना घटित नहीं होने पायी है।

# बीडीओ ने गैर हाजिर रहे एक दर्जन कर्मचारियों से मांगा स्पष्टीकरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। मुजेहना ब्लॉक में मनमाने समय से आने अथवा ड्यूटी टाइम पर गैर हाजिर रहने वालो पर मंगलवार को खंड विकास अधिकारी ने हंट र चलाते हुए गैर हाजिर मिले करीब एक दर्ज दर्जन कर्मचारियों की गैर हाजिरी लगा कर स्प ष्टीकरण की नोटिस जारी कर दी है।अनुपस्थि मिले कर्मचारियों में एडीओ आईएसबी रमेश कुमार,जेई एम.आई पी.के सिंह,एडीओ एजी राम प्रकाश,लेखाकार राम शंकर, जायसवाल, स्थापना बाबू मोहम्मद अम्मार, कनिष्ठ लिपिक रविकांत यादव,ग्राम विकास अधिकारी/समाज कल्याण अधिकारी कुमारी संजू वर्मा,ग्रापत्र वाहक त्रिलोकी नाथ तिवारी, एपीओ संजय पाल सहायक लेखाकार पशुपति नाथ त्रिपाठी, ब्लाक क्वार्डिनेटर विनोद कुमार शर्मा, ब्लाक टी.ए अमन प्रताप सिंह टीए,चंद्र मणि मिश्रा, कृष्णा कुमार गुप्ता टी.ए, मो आरिफ खान, टी.ए अंकुर मिश्र टी.ए कंप्यूटर आपरेटर रेहान इरफान अहमद,बीएम एम विमल प्रकाश,कुल दीप सिंह की अनुपस्थिति दर्ज कर स्पष्टीकरण के लिए नोटिस जारी कर दी है।ये कार्रवाई सु बह साढ़े दस बजे के करीब की गई मौके पर ब्लॉक में एडीओ पंचायत परमात्मादीन, चौकी दार सुजीत कुमार,बी.एम.एम अभय सिंह उप स्थित मिले।

# 25 लाख हड़पने के बाद भी जमीन रजिस्ट्री न करने पर दर्ज हुआ मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**गोरखपुर के खजनी थाना क्षेत्र का मामला**

गोरखपुर । खजनी थाना के छपिया निवासी काली प्रसाद सिंह द्वारा आजाद नगर सेक्टर नंबर 2 गोरखनाथ निवासी सुनील कुमार सिंह पुत्र वीरेंद्र सिंह पर रुपए लेने के बाद भी जमीन देने में आना कानी करने पर सुनील सिंह के खिलाफ खजनी थाना में मुकदमा दर्ज कर कराया गया है।काली प्रसाद सिंह ने बताया कि वर्ष 2023 में सुनील सिंह शहर के बशारतपुर में जमीन बेचने की बात तय हुई है।जिसका 25 लाख एडवांस दिया गया। आरटीजीएस द्वारा सुनील सिंह के खाते में तीन बार में क्रमशः पांच लाख, पांच लाख और साढ़े चार लाख और दस लाख रुपए नगद सहित कुल 25 लाख रुपए का एडवांस काली प्रसाद सिंह द्वारा कर दिया गया।अब काली प्रसाद सिंह द्वारा सुनील सिंह से जमीन रजिस्ट्री करने के लिए कहा जाने लगा।जिस पर सुनील सिंह द्वारा जमीन रजिस्ट्री करने से मुकरने लगे। कई बार काली प्रसाद सिंह द्वारा कहने के बाद भी सुनील सिंह द्वारा जमीन रजिस्ट्री नहीं की गई।साथ ही सुनील सिंह द्वारा काली प्रसाद सिंह को जान से मारने की धमकी भी दी जाने लगा।तब भयवश काली प्रसाद सिंह द्वारा मुख्यमंत्री कार्यालय पर शिकायत करते हुए अपना पैसा वापस दिलाने की मांग की गई।मुख्यमंत्री कार्यालय में दिए गए पत्र को संज्ञान में लेते हुए सुनील सिंह के ऊपर खजनी थाना में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत घर-घर कूड़ा संग्रहण करेगा नगर पालिका: चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।नगर पालिका और सोशियोवाइटल नेटवर्क फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत घर-घर कूड़ा संग्रहण एवं प्रसंस्करण हेतु कार्यक्रम की शुरुआत कर दी है इस योजना के तहत नगर के कुल 10 वार्डों में संचालित किया जाएगा और एम.आर.एफ. प्लांट का संचालन भी किया जाएगा कुशल ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली का मुख्य उद्देश्य कूड़े-करकट से अधिकतम मात्रा में उपयोगी संसाधन प्राप्त करना और ऊर्जा का उत्पादन करना है ताकि कम-से-कम मात्रा में अपशिष्ट पदार्थों को लैंडफिल क्षेत्र में फेंकना पड़े। इसका कारण यह है कि लैंडफिल में फेंके जाने वाले कूड़े का भारी खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। एक तो इसके लिए काफी जमीन की आवश्यकता होती है जो लगातार कम होती जा रही है, और दूसरे कूड़ा वायु, मिट्टी और जल-प्रदूषण का सम्भावित कारण भी है। अपशिष्ट पदार्थ पैदा करने वालों की यह जिम्मेदारी बनती है कि वे कूड़े की छंटाई करें, जो ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की मूल आवश्यकता है ठोस अपशिष्ट प्रबंधन भारत में बहुत बड़ी समस्या का रूप ले चुका है क्योंकि शहरीकरण, औद्योगिकरण और आर्थिक विकास के परिणाम स्वरूप शहरी कूड़े-करकट की मात्रा बहुत बढ़ गई है। बेतहाशा बढ़ती जनसंख्या और लोगों के जीवन स्तर में सुधार से यह समस्या और भी जटिल हुई है ठोस कूड़े-करकट का समुचित निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रबंधन और निपटान नियमावली, 2000 और पुनर्गठित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2000 अधिसूचित किए हैं विभिन्न भागों में इस दिशा में पहल की जा रही हैं। लेकिन ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से सम्बन्धित मसलों के व्यापक समाधान के लिए अब भी बहुत-कुछ किया जाना बाकी है। इस लेख में में कारगर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए आवश्यक कानूनी ढाँचे, इसके महत्त्वपूर्ण घटकों और इसकी स्थिति, अब तक उठाए गए कदमों तथा चुनौतियों और आगे के रास्ते की चर्चा की गई है ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली 2016, वन और जलवायु परिवर्तन, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों, राज्यों के शहरी मामलों के विभागों, स्थानीय निकायों और ग्राम पंचायतों तथा कूड़ा उत्पन्न करने वालों समेत विभिन्न भागीदारों की जिम्मेदारी रेखांकित करती है। दूसरी ओर आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, राज्यों के शहरी मामलों के विभागों और स्थानीय निकायों को मुख्य रूप से अपशिष्ट प्रबंधन के लिए बुनियादी ढाँचे के विकास का उत्तरदायित्व सौंपा गया है। इसके अलावा पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राज्यों के प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों और प्रदूषण नियंत्रण समितियों को नियमों पर अमल की निगरानी करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कूड़ा उत्पन्न करने वालों की मूल जिम्मेदारी यह है कि वे कूड़े की छंटाई करें क्योंकि यह ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की मुख्य आवश्यकता है। ये नियम ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली के महत्त्वपूर्ण घटकों की आवश्यकताओं को रेखांकित करने के साथ ही लक्ष्यों को प्राप्त करने की समय-सीमा भी निर्धारित करते हैं कार्यक्रम के दौरान पूरनपुर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता, समाजसेवी हर्ष गुप्ता, वार्ड सभासदगण, अधिशासी अधिकारी एजाज अहमद, मण्डल कार्यक्रम प्रबंधक अंकित सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अंशुल गुप्ता तथा सोशियोवाइटल नेटवर्क फाउंडेशन के निदेशक रजत तिवारी , लेखाकार दिनेश भारती की विशेष उपस्थिति रही हैं।

# अमेठी में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर कार सवार तीन लोगों की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । थाना शुकुल बाजार क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर बुधवार की सुबह करीब तीन बजे एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ब्रेजा कार कैंटीन की कट पर मुड़ रहे ट्रक में घुस गई है जिसके चलते कार के परखच्चे उड़ गये।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ब्रेजा कार में सवार चालक सहित सभी तीन लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को वाहन से बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।थाना क्षेत्र से गुजरने वाले पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के 60.1 किलोमीटर पर गाजीपुर से लखनऊ की पटरी पर जा रही तेज रफ्तार ब्रेजा कर सामने कैंटीन की तरफ मुड़ रही ट्रक में घुस गई जिसके चलते कार पर सवार चालक सहित सभी तीन लोगों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार से तीनों लोगों को निकाल कर एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शुकुल बाजार भेजवाया जहां पर चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। स्थानीय पुलिस द्वारा की गई जांच के दौरान इन लोगों के प्राप्त पास प्राप्त आईडी से एक मृतक का नाम अर्पित विश्वकर्मा पुत्र बसंत लाल निवासी आई 1184 वर्ल्ड बैंक बर्रा जनपद कानपुर तथा दूसरे का नाम विमल पुत्र राम सुंदर पांडेय निवासी एलडी 113/114 ए सेक्टर एफ कानपुर रोड पराग डेयरी लखनऊ तथा तीसरे का नाम विनय दुबे पुत्र राम किशोर दुबे निवासी आई ब्लॉक 124 थाना बर्रा जनपद कानपुर के रूप में हुई है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष अभिनेष कुमार ने बताया कि इन सभी मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है और तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से दुर्घटनाग्रस्त वाहन को तत्काल हटवा दिया गया है जिससे पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर यातायात व्यवस्था पूरी तरह से बहाल हो गई है।

## न्यूज 3 युवा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के संरक्षक बने परवेज खा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। युवा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल शेरपुर कला के नगर अध्यक्ष पद पर जिला अध्यक्ष अफरोज जिलानी के निर्देश पर संरक्षक पद पर परवेज खान एवं शादाब कुरैशी को नगर अध्यक्ष मनोनीत किया किया है। शादाब कुरैशी को एक सप्ताह के अंदर अपनी नगर कार्यकारिणी बनाकर युवा जिला अध्यक्ष शैली एवं जिला अध्यक्ष अफरोज जिलानी को प्रस्तुत करने की अपेक्षा की गई है।सभी नवनियुक्त पदाधिकारियो को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल पूरनपुर बहुत–बहुत हार्दिक शुभकामनाएं दी है।उक्त जानकारी प्रदीप शुक्ला नगर अध्यक्ष उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल पूरनपुर ने दी है।

## वृद्ध महिला की कीमती जमीन हड़पने का आरोप

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बमनपुरी की रहने वाली उर्मिला देवी पत्नी ओम प्रकाश वर्मा ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र मे कहा उसकी कमजोर, बुद्ध मां से प्रॉपर्टी के लालच मे उसकी भाभी मिलने नहीं दे रही है।और संपत्ति को हड़पने की नीयत से फर्जी दस्तावेज तैयार कर वसीयत करा ली है। संपत्ति स्वामी वृद्ध महिला ने जब इसका विरोध किया तो महिला को डरा,धमकाकर उसके साथ मारपीट की मामले में महिला की पुत्रियों ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई है आरोप है कि उमिला देवी व मुन्नी देवी दोनो सगी बहने हैं दिनांक 17.08.2025 को सगे चाचा नेवाराम की स्वाभाविक मृत्यु हो गई जिसकी सूचना मिलने पर दोनों बहने अपने मायके स्थित ग्राम कुंवरपुर थाना माधौटांडा जिला पीलीभीत गई थी।जहां पर दोनों के साथ पूर्व की भांति व्यवहार न करके घोर उपेक्षा की गई और कोई भी तब्ज्जों नहीं दी गई यहां तक कि भाभी तारावती व भाभी के सगे भाई मैंकूलाल निवासी ग्राम कढैरचौरा थाना पूरनपुर ने हमें अपनी 70 वर्षीय बृद्ध, कमजोर व बीमार मां से मिलने तक नही दिया गया। लेकिन इस दुखद घड़ी को देखते हुए कोई भी शिकवा शिकायत नहीं की मां से मिलने का मौका मिला तो पता चला कि वह भी अपनी बहू व उसके मायके वालों के हस्तक्षेप से काफी परेशान हैं फिर भी बहू के साथ रहना मजबूरी बताकर चुप हो गयी लेकिन उनकी डरी सहमी आंखे और चेहरे पर व्याप्त दहशत से सब कुछ स्पष्ट झलक रहा था कि वह बृहत परेशान हैं। इससे पहले मां से उनकी परेशानी पूछ पाती कि भाभी तारावती व उसका भाई मैकूलाल मां को जबरिया उठा ले गया कमजोर मां की जमीन की वसीयत भी करा ली और बूढ़ी मां को कहीं छिपा रखा है ढूंढने के बाद भी वह कही भी नही मिल रही हैं। जो कि चिंता का विषय है किसी अनहोनी घटना की आंशका को लेकर दहशत में हैं।

## अमेठी में नौ से तेरह सितम्बर तक प्रशिक्षु लेखपालों की होगी अर्हकारी परीक्षा : एडीएम

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने बताया कि राजस्व परिषद द्वारा सीधी भर्ती के माध्यम से चयनित,नियुक्त किये गये लेखपालों की नौ सितम्बर से चल रहे प्रशिक्षण सत्र की अर्हकारी परीक्षा कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं जिसके क्रम में उन्होंने बताया कि जनपद अमेठी में प्रशिक्षु लेखपालों की परीक्षा नौ से तेरह सितम्बर के मध्य कराई जायेगी। उन्होंने बताया कि नौ सितम्बर को नियम एवं कर्तव्य विषय के लिये प्रातः आठ से ग्यारह बजे तक, नियोजन एवं विकास विषय के लिये सांय दो बजे से पांच बजे तक, दस सितम्बर को कागजात तैयारी विषय के लिये प्रातः आठ बजे से ग्यारह तक, अधिनियम व प्रक्रिया विषय के लिए सांय दो बजे से पांच बजे तक, ग्यारह सितम्बर को क्षेत्रमिति व अंकगणित विषय के लिये आठ से ग्यारह तक, भूचित्र कार्य के लिये दो से पांच तक, बारह सितम्बर को सर्वेक्षण विषय के लिए प्रातः आठ बजे से तथा तेरह सितम्बर को सदाचार एवं व्यवहार विषय की परीक्षा प्रातः आठ बजे से कराई जायेगी। इसके लिये उन्होंने सीधी भर्ती के माध्यम से चयनित,नियुक्त किये गये प्रशिक्षु लेखपालों को निर्देश दिये हैं कि राजस्व परिषद द्वारा निर्धारित उपरोक्त समय सारणी के अनुसार दिनांक नौ सितम्बर से प्रारंभ हो रही परीक्षा में समय से उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

## गौरीगंज पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित युवक को भेजा जेल

अमेठी । थाना गौरीगंज पुलिस ने चोरी के अभियोग में वांछित एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर चोरी के मामले में वांछित राज कुमार जाटव पुत्र उदयराज निवासी गुरुदत्तगंज मजरे जूठीपुर थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार युवक ने बताया कि उसने अपने चार अन्य साथियों के साथ मिलकर सुपर स्पेलेण्डर यूपी 36 क्यू 6099 को अठारह जुलाई को संस्कार ग्लोबल स्कूल के पास से व सुपर स्पेलेण्डर बिना नम्बर प्लेट को इक्कीस जुलाई को भटगवां बाजार के पास से चोरी किये थे।थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा बीती पच्चीस जुलाई को प्रमोद लोधी एवं आशीष यादव को चोरी की दोनो मोटरसाइकिलों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी श्याम नारायण पाण्डेय ने बताया कि पुलिस टीम ने पकड़े गये युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## जिला पंचायत सदस्य द्वारा बाबा दतेहरेश्वर धाम के सगरा का कराया जायेगा सौंदर्यीकरण

तिलोई अमेठी । विकास क्षेत्र सिंहपुर की ग्राम पंचायत रामपुर पंवारा स्थित प्राचीनतम बाबा दतेहरेश्वर धाम प्रांगण में स्थित सगरा का जिला पंचायत द्वारा तेइस लाख रुपये की लागत से सौंदर्यीकरण कराया जायेगा इसके अलावा अहोरवा भवानी चौराहे से गांव तक चौदह लाख रुपये की लागत से नाला निर्माण कराया जायेगा। क्षेत्रीय नागरिकों ने आभार जताया है। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि कौशलेंद्र सिंह उर्फ बंटी सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत फूला से पूरे फंदा तक सत्ताइस लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण कराया जायेगा जो कि बीते कई सालों से प्रस्तावित थी। इससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी सहूलियत प्रदान होगी। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत रामपुर पंवारा में स्थित प्राचीनतम बाबा दतेहरेश्वर धाम मंदिर प्रांगण में सगरा का तेइस लाख रुपये की लागत से सौंदर्यीकरण कराया जायेगा। यह मंदिर आम जनमानस की आस्था का केंद्र बिंदु है और यहां पर नियमित सैकड़ों भक्तों द्वारा पूजन के साथ ही जलाभिषेक किया जाता है। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि कौशलेंद्र सिंह उर्फ बंटी सिंह ने बताया कि अहोरवा भवानी चौराहे से गांव तक चौदह लाख रुपये की लागत से नाला निर्माण कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि जिला पंचायत द्वारा कराये जाने वाले इन कार्यों की शुरुआत आगामी शारदीय नवरात्र से होगी। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही सम्भ्रांत नागरिकों ने जिला पंचायत अध्यक्ष और सदस्य के प्रति आभार जताया है।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से लोगों से मिले सचिव एवं प्रधान वितरण की खाद्य सामग्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। विकासखंड की ग्राम पंचायत नगरिया खुर्द कला सहित अन्य गांव में आई भीषण बाढ़ को देखते हुए ग्राम पंचायत सचिव आर के गौतम एवं नगरिया खुर्द कला के ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार ने बाढ़ पीड़ितों के पास पहुंचकर उनको खाद्य सामग्री वितरण की है। ग्राम पंचायत सचिव आर के गौतम और ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर बाढ़ पीड़ितों को खाद्य सामग्री वितरित की। उन्होंने ग्राम पंचायत नगरिया खुर्द कला सहित अन्य गांव में बाढ़ पीड़ितों की समस्याओं को समझा और उनकी मदद के लिए खाद्य सामग्री वितरित की। ग्राम पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान ने बाढ़ पीड़ितों को खाद्य सामग्री वितरित की, जिसमें खाने के सामान और अन्य आवश्यक सामग्री शामिल थी।उन्होंने बाढ़ पीड़ितों की समस्याओं को समझा और उनकी मदद के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं। ग्राम पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों की मदद के लिए हर संभव प्रयास किया और उन्हें बाढ़ की स्थिति से निपटने में सहायता प्रदान की हैं।ग्राम पंचायत सचिव आर के गौतम और ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार की इस पहल से बाढ़ पीड़ितों को राहत मिली और उन्हें अपनी समस्याओं का समाधान करने में मदद मिली। उनकी इस पहल की सराहना की जा रही है और बाढ़ पीड़ितों ने उनका आभार व्यक्त किया है। ग्राम प्रधान और सचिव लगातार कई दिनों से बाढ़ पीड़ित क्षेत्र में घूम-घूम कर पानी में घुसकर ग्रामीणों की मदद कर रहे हैं।

# परिषदीय विद्यालय के छात्र सीख रहे हैं रोजगारपरक शिक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। विकास खंड मरौरी के अंतर्गत स्थित कंपोजिट विद्यालय बिथरा में लर्निंग वाई डूइंग करके सीखो अभियान के तहत छात्र-छात्राओं को रोजगारपरक शिक्षा प्रदान की जा रही है। खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार के दिशा निर्देशों में विकासखंड मरौरी के अंतर्गत स्थित कंपोजिट विद्यालय में बच्चों को व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें।कंपोजिट विद्यालय के बच्चों ने ''मृदा एवं जल परीक्षण'' की जांच की है।जिसमें बच्चों ने मिट्टी और पानी के नमूने लिए हैं और उनकी गुणवत्ता, पोषक तत्वों और अन्य मापदंडों का विश्लेषण किया है।साथ ही ''जैविक उर्वरक'' जो प्राकृतिक स्त्रोतों से बनती है और मिट्टी की गुणवत्ता सुधारती है। पौधों को पोषक तत्व प्रदान करती है और नमी बनाए रखने में मदद करती है। इसके बारे में भी शिक्षा प्राप्त की है। इस शिक्षा के माध्यम से छात्र आत्मनिर्भर बन सकेंगे और अपने पैरों पर खड़े हो सकेंगे और छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर मिल सकेंगे।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का ब्लॉक प्रमुख ने किया दौरा

पीलीभीत।विकास खंड मरौरी की ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया और उनकी समस्याओं को समझने का प्रयास किया।ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और प्रभावित परिवारों से मुलाकात की है। ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने बाढ़ प्रभावित लोगों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया और उनकी समस्याओं को समझने का प्रयास किया। ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने बाढ़ प्रभावित लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत की और आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा की इस पहल से बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत मिली और उन्हें अपनी समस्याओं का समाधान करने में मदद मिली है। ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा की इस पहल की चारों तरफ सराहना की जा रही है और बाढ़ प्रभावित लोगों ने उनका आभार व्यक्त किया है।

# सत्यसांई चंदौर आश्रम के महंथ दाता अनमोल शाह का निधन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुल्तानपुर। सत्यसांई पंथ के प्रख्यात संत, वीतरागी महात्मा और चंदौर आश्रम के महंथ दाता अनमोल शाह अब हमारे बीच नहीं रहे। मंगलवार की देर रात 109 वर्ष की आयु में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर जैसे ही फैली, न केवल सुल्तानपुर जनपद, बल्कि देश-विदेश तक फैले लाखों अनुयायियों में गहरा शोक व्याप्त हो गया। श्रद्धालुओं ने इसे अपूरणीय क्षति बताते हुए कहा कि दाता अनमोल शाह का जीवन सेवा, साधना और समाज के कल्याण को समर्पित था।

अचानक बिगड़ा स्वास्थ्य, लखनऊ में निधन

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दो सितंबर की सुबह अचानक उनका स्वास्थ्य बिगड़ गया। शिष्यों ने तत्काल उन्हें लखनऊ स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। यहां चिकित्सकों ने लगातार प्रयास किया, किंतु बीती रात ग्यारह बजकर अठावन मिनट पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। इस समाचार के बाद शिष्यगण उन्हें अर्जुनगंज स्थित साईं दाता आश्रम लेकर पहुंचे, जहां भक्तों की उपस्थिति में उन्होंने अंतिम सांस ली।

चंदौर आश्रम में उमड़ा जनसैलाब



दाता अनमोल शाह के ल्लपर्दाल्ल (मृत्यु) की खबर मिलते ही चंदौर आश्रम परिसर में अनुयायियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालु अपने प्रिय गुरु के अंतिम दर्शन के लिए उमड़े और वातावरण पूरी तरह शोकमग्न हो गया। भक्तों की आंखें नम थीं और हर कोई उन्हें याद कर भावुक हो उठा। लोगों का कहना था कि दाता अनमोल शाह ने अपना संपूर्ण जीवन मानवता और साईं धर्म की सेवा में न्योछावर कर दिया।

साईं पंथ का सबसे बड़ा केंद्र चंदौर आश्रम

वर्तमान समय में साईं पंथ का सबसे बड़ा और प्रतिष्ठित आश्रम चंदौर ही माना जाता है। इसकी शाखाएं न केवल सुल्तानपुर जनपद में, बल्कि उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों, अन्य राज्यों और यहां तक कि पड़ोसी देश नेपाल तक फैली हुई हैं। करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था इस आश्रम से गहराई से जुड़ी हुई है। यही कारण है कि उनके निधन की खबर सुनकर दूर-दराज़ से लोग अंतिम दर्शन के लिए चंदौर पहुंच रहे हैं।

मानवता और भाईचारे का संदेश

आश्रम से जुड़े शिष्यों ने बताया कि दाता अनमोल शाह ने सदैव मानवता, परोपकार और भाईचारे का संदेश दिया। वे अक्सर अपने शिष्यों को यही उपदेश देते थेकृ ल्लमाता-पिता की सेवा करो, साईं-साईं करो।ङ्क उनकी शिक्षा समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंची और लाखों लोगों को धर्म, सेवा और त्याग की ओर प्रेरित किया। उनके मार्गदर्शन में चंदौर आश्रम न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बना, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान देता रहा।

अंतिम संस्कार की तैयारी कल

शिष्यों और ग्रामवासियों के अनुसार, दाता अनमोल शाह के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार (मिट्टी) चार सितंबर को किया जाएगा। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राज सिंह एवं दिव्यराज सिंह (लकी) प्रधान खारा सहित सैकड़ों ग्रामवासी और शिष्य अंतिम संस्कार की तैयारियों में जुटे हुए हैं। सेवाभाव और अनुशासन के साथ श्रद्धालु गुरु की अंतिम यात्रा को भव्य और गरिमामयी बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

## जमीन पर अवैध कब्जा कर दबंगों ने बनाईं पक्की दुकाने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

पूरनपुर।तहसील क्षेत्र के गांव चंदिया हजारा में बंगाली समुदाय के व्यापारियों द्वारा कई वर्षों से सब्जी की बाजार लगाते चले आ रहे है जो कि एक सार्वजनिक है उस जमीन पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है कुछ दबंग लोग जमीन पर पक्का निर्माण कर दुकानें बना रहे हैं। इससे ग्रामीणों को बाजार लगाने की जगह नहीं मिल पा रही है पीड़ित व्यापारियों ने चंदिया हजारा व्यापारी कल्याण समिति के बैनर तले पूरनपुर तहसील पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने अवैध निर्माण रोकने और बने निर्माण हटाने की मांग की है व्यापारियों ने कहा है कि अगर कब्जा नहीं हटा तो वे आंदोलन करेंगे। यह जमीन लंबे समय से सब्जी बाजार के रूप में इस्तेमाल होती आई है अवैध कब्जे से छोटे व्यापारियों और ग्राहकों को परेशानी हो रही है और व्यापारियों का अस्तित्व खतरे मे है गरीब व्यापारियों ने एसडीएम से न्याय गुहार लगाई है।

# कमला नेहरू संस्थान के रोवर्स रेंजर्स को प्राचार्य ने किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। दिन बुधवार को कमला नेहरू संस्थान के आठ रोवर्स रेंजर्स प्राचार्य प्रोफ़ेसर आलोक कुमार सिंह द्वारा सम्मानित किए गए। यह सम्मान इनको भारत स्काउट गाइड ज्ञान प्रतियोगिता-2025 मे मिले पुरस्कार के लिए हुआ। संस्थान के रोवर्स रेंजर्स की संयोजिका प्रोफ़ेसर सुनीता राय ने बताया कि फरवरी माह 2025 मे एक जनपद स्तरीय भारत स्काउट गाइड ज्ञान प्रतियोगिता - 2025 आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता मे कमला नेहरू संस्थान के धर्मवीर सुभाष रोशन गौतम प्रिंस महिमा दीपिका अनन्या व रिया आदि रोवर्स रेंजर्स प्रतिभाग किए। सभी आठों प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विजेता घोषित हुए। इस प्रतियोगिता में रोवर्स संवर्ग के अन्तर्गत प्रथम स्थान पर धर्मवीर, द्वितीय स्थान पर सुभाष तथा तृतीय स्थान पर रोशन और प्रिंस ने संयुक्त रूप से अपना स्थान सुनिश्चित किया। वहीं रेंजर संवर्ग में महिमा प्रथम, दीपिका एवं अनन्या द्वितीय तथा रिया ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि पर संस्थान के आठो रोवर्स रेंजर्स प्रमाणपत्र व प्रतीक चिन्ह के साथ पुरस्कृत किए गए। आज इन्हें सम्मानित कर उत्साहवर्धन करते हुए संस्थान प्राचार्य प्रोफ़ेसर आलोक कुमार सिंह ने बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की । इस मौके पर इन्होंने कहा कि संस्थान अपने अकादमिक गतिविधियों के साथ साथ सांस्कृतिक एवं सामाजिक सहभागिता तथा सरोकार के लिए पूर्णतया प्रतिबद्ध है। संस्थान में रोवर एवं रेंजर्स की इकाई क्रियाशील है। छात्रों की सफलता ने इस कार्यक्रम को एक नयी गति प्रदान की है। अंग्रेजी विभाग की अध्यक्षा एवं रोवर्स एवं रेंजर्स की संयोजिका प्रोफ़ेसर सुनीता राय ने हर्ष व्यक्त किया व कहा कि यह सफलता प्रेरणा का प्रतिफल है। रोवर्स एवं रेंजर्स छात्रों के भीतर समाज और राष्ट्र निर्माण के तत्वों पर गंभीरता से चिन्तन करने एवं इसकी पूर्णता के लिए एक विचार देता है। इस मौके पर संस्थान उपप्राचार्य डॉ शक्ति सिंह व बर्सर अनिल सिंह ने भी विजेता रोवर्स रेंजर्स को शुभकामनायें देते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक ने की समीक्षा बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में बुधवार को विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक रिया केजरीवाल ने राजस्व वसूली और विद्युत कार्यों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने राजस्व वसूली में लापरवाही बरतने वाले अभियंताओं को फटकार लगाई।

एमडी ने बताया कि प्रत्येक सब स्टेशन के लिए मानक निर्धारित हैं। फीडर की संख्या के अनुसार संविदा कर्मियों की नियुक्ति की जाती है। निर्धारित संख्या से अधिक कर्मियों को हटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभाग को सबसे अधिक शिकायतें संविदा कर्मियों से ही मिल रही हैं। उपभोक्ताओं को परेशान करने और बिल चोरी की शिकायतें सामने आई हैं। केजरीवाल ने कहा कि पहले अधिक संविदा कर्मी होने के बावजूद 24 घंटे बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही थी। इसी कारण यह बदलाव किया जा रहा है। बैठक में हरीश बंसल (निदेशक तकनीकी), बृजेश कुमार (मुख्य अभियंता अयोध्या क्षेत्र), हरीश चंद्र वर्मा (मुख्य अभियंता पी एंड ए), विपुल कुमार जैन (अधीक्षण अभियंता) सहित जिले के सभी अधिशासी अभियंता, उपखंड अधिकारी और अवर अभियंता उपस्थित रहे।

# जंक फूड को ना, पोषण को कहें हां

भारत में प्रतिवर्ष लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के लिए संतुलित आहार सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से 01 से 07 सितम्बर के बीच 'राष्ट्रीय पोषण सप्ताह' मनाया जाता है। भारत सरकार के महिला और बाल विकास मंत्रालय के अंतर्गत खाद्य और पोषण बोर्ड प्रतिवर्ष एक विशेष थीम के साथ इसका आयोजन करता है, जो पूरे सप्ताह के दौरान होने वाली गतिविधियों और कार्यक्रमों की दिशा निर्धारित करती है। 2025 के राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का विषय है 'बेहतर जीवन के लिए सही भोजन करें' जो समग्र कल्याण को बढ़ावा देने और कुपोषण को रोकने के लिए सभी आयु समूहों के लिए संतुलित आहार और स्वस्थ खाने की आदतों के महत्व पर जोर देता है। दरअसल स्वस्थ रहने के लिए पौष्टिक और संतुलित आहार के सेवन की आवश्यकता है लेकिन आज की बिगड़ी जीवनचर्या और गलत खानपान के कारण लोगों में तरह-तरह की बीमारियां पनप रही हैं। एक स्वस्थ और संतुलित आहार हमारे शरीर के विभिन्न अंगों को पोषण प्रदान करता है और हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक होता है। पोषण सप्ताह के अवसर पर बेहतर स्वास्थ्य के लिए लोगों को शरीर को पोषण देने वाली खानपान की चीजों के बारे में जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। दरअसल, स्वास्थ्य के मोर्चे पर भारत द्वारा बेहतर कार्य करने के बावजूद लोगों में सेहत को लेकर जागरूकता के अभाव के चलते रोगियों का आंकड़ा बढ़ रहा है, जो उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं पर बहुत भारी पड़ रहा है। पोषण के महत्व को समझते हुए लोगों को खानपान, पोषण की पूर्ति और सेहत को लेकर जागरूक करने के लिए मार्च 1975 में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाए जाने की घोषणा सर्वप्रथम 'अमेरिकन डायटेटिक्स एसोसिएशन' द्वारा की गई थी, जिसे अब 'न्यूट्रिशन एंड डाइट साइंस एकेडमी' के नाम से जाना जाता है। 1980 में भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय पोषण सप्ताह एक सप्ताह के बजाय पूरे एक माह तक मनाया जाने लगा लेकिन 1982 में निर्णय लिया गया कि इसे पूरे एक महीने के बजाय सितम्बर महीने के पहले सप्ताह में ही मनाया जाएगा। तभी से 01 से 07 सितम्बर तक 'राष्ट्रीय पोषण सप्ताह' मनाया जा रहा है। पोषण सप्ताह के अवसर पर लोगों को शरीर को पोषण देने वाले फल, सब्जियों और अन्य पौष्टिक खाद्य सामग्रियों को आजमाने के लिए प्रेरित किया जाता है। कुपोषण का मनुष्य के स्वास्थ्य और विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिसके परिणामस्वरूप उत्पादकता में कमी और आर्थिक पिछड़ेपन की समस्या भी उत्पन्न होती है। पोषण स्वास्थ्य और कल्याण का केन्द्र बिंदु है, जो कार्य करने के लिए शक्ति एवं ऊर्जा प्रदान करता है और तंदुरुस्त एवं बेहतर महसूस करने में भी मददगार होता है। पर्याप्त पोषण का सेवन करने वाले व्यक्ति अधिक कार्य करते हैं जबकि खराब पोषण प्रतिरक्षा में कमी, बीमारी के जोखिम को बढ़ाने, शारीरिक एवं मानसिक विकास को क्षीण करने तथा कार्यक्षमता में कमी पैदा करने का कार्य करता हैं। अच्छे पोषण का उत्पादकता, आर्थिक विकास तथा अंततः राष्ट्रीय विकास पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है और अच्छा पोषण लोगों को स्वस्थ बनाए रखते हुए स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण भी करता है। इसीलिए नियमित शारीरिक गतिविधियों के साथ अच्छे पोषण को अच्छे स्वास्थ्य की आधारशिला माना जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार पोषण का संबंध शरीर की आवश्यकतानुसार आहार के सेवन को माना गया है और कुपोषण को अपर्याप्त या असंतुलित आहार द्वारा खराब पोषण के रूप में परिभाषित किया गया है। अच्छे पोषण से स्वस्थ बच्चे बेहतर तरीके से सीखते हैं लेकिन आज के दूषित खानपान और फास्ट फूड वाली जीवनशैली में कुपोषण खासकर विकासशील देशों की प्रमुख स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। एक अनुमान के अनुसार दुनियाभर में एक तिहाई से भी ज्यादा बच्चों की मृत्यु में कुपोषण का बड़ा योगदान है और पूरी दुनिया में हर तीन कुपोषित बच्चों में से एक भारत में है। भारत को कुपोषण से मुक्ति दिलाने के लिए 8 मार्च 2018 को पोषण अभियान भी शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य खासतौर से 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं तथा स्तनपान कराने वाली माताओं की पोषण स्थिति में सुधार करना था और वर्ष 2022 के अंत तक देश से कुपोषण खत्म करने का लक्ष्य रखा गया था लेकिन पोषण अभियान फंड के इस्तेमाल में जिस तरह की उदासीनता देखी जाती रही है, उसे देखते हुए यह लक्ष्य हासिल करना अभी दूर की कौड़ी प्रतीत होता है।

# अमेरिकी टैरिफ, मजबूत भारत, इक्विटी बाजार की आत्मनिर्भरता और नए बाजार

**असल में भारतीय इक्विटी बाजार की असली ताकत अब घरेलू निवेशकों की बढ़ती भागीदारी है। पहले विदेशी संस्थागत निवेशक यानी एफआईआई भारतीय बाजार का मूड तय करते थे। उनकी भारी खरीद या बिकवाली से बाजार झूल जाता था। लेकिन बीते कुछ वर्षों में तस्वीर बदल गई है। वित्त वर्ष 2024-25 में घरेलू संस्थागत निवेशकों ने लगभग 71.6 अरब डॉलर का निवेश किया, जिसमें से करीब 55 अरब डॉलर सिर्फ म्यूचुअल फंड्स से आए। दूसरी ओर, विदेशी निवेशकों ने इसी दौरान लगभग 15.6 अरब डॉलर की बिकवाली की। इसके बावजूद बाजार स्थिर बना रहा। जुलाई 2025 में घरेलू म्यूचुअल फंडों में सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के माध्यम से 28,464 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड निवेश हुआ। यह आँकड़ा दर्शाता है कि भारतीय बचत और निवेश की धाराएँ अब देश के पूँजी बाजार को संभालने में सक्षम हो चुकी हैं। यही कारण है कि अमेरिकी टैरिफ या विदेशी निवेशकों की बिकवाली का असर सीमित रहा।**

अमेरिका द्वारा भारत से निर्यातित वस्तुओं पर 50 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाए जाने की घोषणा वैश्विक स्तर पर एक बड़ी खबर रही। आम तौर पर ऐसे कदम किसी भी उभरती अर्थव्यवस्था को गहरे स्तर पर प्रभावित कर सकते हैं। व्यापारिक रिश्तों में तनाव, कंपनियों की आय पर दबाव और विदेशी निवेशकों की सतर्कता, ये सभी ऐसे हालात में सामने आते हैं, किंतु भारतीय इक्विटी बाजार ने इस निर्णय पर जिस संतुलित और आत्मविश्वासी ढंग से प्रतिक्रिया दी है, वह आज की नई आर्थिक हकीकत को सामने लाती है।

इसे देखते हुए यही कहना होगा कि अब भारत केवल बाहरी कारकों पर निर्भर नहीं है, वह अपने भीतर ऐसी ताकतें पैदा कर चुका है जो उसे वैश्विक झटकों से बचाने में सहायक हैं। यही बदलते भारत की कहानी है, एक ऐसा भारत जो निवेशकों के भरोसे से मजबूत है और अपनी घरेलू क्षमता से टिकाऊ वृद्धि की राह पर बढ़ रहा है। वस्तुतः दो सितंबर 2025 को जारी एचएसबीसी ग्लोबल इन्वेस्टमेंट रिसर्च की रिपोर्ट में साफ कहा गया कि अमेरिकी टैरिफ का भारतीय इक्विटी बाजार पर कोई बड़ा असर नहीं होगा।

रिपोर्ट के अनुसार बीएसई-500 की सूचीबद्ध कंपनियों में से चार प्रतिशत से भी कम कंपनियाँ अमेरिकी निर्यात पर निर्भर हैं। इसका मतलब है कि व्यापक स्तर पर भारतीय कॉरपोरेट जगत की कमाई पर इन टैरिफ का सीधा प्रभाव न के बराबर है। यही नहीं, फार्मास्यूटिकल जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र को इन टैरिफ से छूट दी गई है, जिससे भारत की सबसे प्रतिस्पर्धी और वैश्विक स्तर पर सबसे मान्यता प्राप्त उद्योग शाखा सुरक्षित बनी हुई है। स्पष्ट है कि इस कदम से भारतीय बाजार को झटका भले लगा हो, लेकिन उसकी जड़ें हिलाने वाली स्थिति नहीं बनी।

असल में भारतीय इक्विटी बाजार की असली ताकत अब घरेलू निवेशकों की बढ़ती भागीदारी है। पहले विदेशी संस्थागत निवेशक यानी एफआईआई भारतीय बाजार का मूड तय करते थे। उनकी भारी खरीद या बिकवाली से बाजार झूल जाता था। लेकिन बीते कुछ वर्षों में तस्वीर बदल गई है। वित्त वर्ष 2024-25 में घरेलू संस्थागत निवेशकों ने लगभग 71.6 अरब डॉलर का निवेश किया, जिसमें से करीब 55 अरब डॉलर सिर्फ म्यूचुअल फंड्स से आए। दूसरी ओर, विदेशी निवेशकों ने इसी दौरान लगभग 15.6 अरब डॉलर की बिकवाली की। इसके बावजूद बाजार स्थिर बना रहा। जुलाई 2025 में घरेलू म्यूचुअल फंडों में सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के माध्यम से 28,464 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड निवेश हुआ। यह आँकड़ा दर्शाता है कि भारतीय बचत और निवेश की धाराएँ अब देश के पूँजी बाजार को संभालने में सक्षम हो चुकी हैं। यही कारण है कि अमेरिकी टैरिफ या विदेशी निवेशकों की बिकवाली का असर सीमित रहा। यहां रिपोर्ट यह भी बताती है कि भारतीय बाजार के लिए नौ में से पाँच प्रमुख जोखिम कारकों में सुधार हो रहा है। इनमें मुद्रास्फीति का थमना, सरकारी कर प्रोत्साहन, उपभोग की संभावनाओं में बढ़ोत्तरी और वेतन वृद्धि की उम्मीदें शामिल हैं। मुद्रास्फीति का थमना सबसे अहम है, क्योंकि यह सीधे उपभोक्ता की क्रय शक्ति को बढ़ाता है। जब रोजमर्रा की जरूरतों पर खर्च कम होता है, तो उपभोक्ता अन्य वस्तुओं और सेवाओं पर अधिक खर्च कर सकता है। इससे खपत बढ़ती है और कंपनियों की बिक्री तथा मुनाफ़े पर सकारात्मक असर पड़ता है। हालाँकि एचएसबीसी ने यह भी चेतावनी दी है कि 2025 में आय वृद्धि घटकर 8ऽ9 प्रतिशत रह सकती है, जबकि कैलेंडर वर्ष के लिए यह अनुमान 11 प्रतिशत का है। यह विरोधाभासी तस्वीर बताती है कि चुनौतियाँ अब भी बनी हुई हैं। टैरिफ का असर वास्तव में कितना बड़ा है, इसे समझने के लिए आँकड़ों पर नजर डालना आवश्यक है। भारत का अमेरिकी निर्यात लगभग 81 अरब डॉलर का है, जो सकल घरेलू उत्पाद का करीब 2.1 प्रतिशत है। अतिरिक्त टैरिफ का असर जीडीपी वृद्धि पर लगभग 0.3 प्रतिशत अंक तक हो सकता है। यह निश्चित रूप से अप्रिय है लेकिन किसी बड़ी तबाही जैसा नहीं। इसका सबसे अधिक दबाव टेक्सटाइल, जेम्स एंड ज्वेलरी और समुद्री उत्पाद जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों पर होगा। ये क्षेत्र न केवल निर्यातक हैं बल्कि बड़ी संख्या में रोजगार भी प्रदान करते हैं। इसलिए वहाँ पर चिंताएँ अधिक गंभीर हैं। इसके विपरीत, फार्मा और स्मार्टफोन जैसे सेक्टर को छूट मिलने से यह स्पष्ट है कि अमेरिका की नीति पूरी तरह से व्यापक नहीं है, बल्कि सर्जिकल है, जहाँ दबाव डालना है वहाँ टैरिफ लगाया गया और जहाँ अमेरिका की अपनी सप्लाई-चेन निर्भर है, वहाँ राहत दी गई। यदि व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो यह पूरी स्थिति भारत के आर्थिक लचीलेपन को दर्शाती है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भारत की विकास दर 2025 और 2026 दोनों वर्षों के लिए 6.4 प्रतिशत आँकी है। विश्व बैंक ने भारत को ''सबसे तेज़ी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था'' करार दिया है। मूडीज़ और एसएंडपी जैसी रेटिंग एजेंसियों ने भी भारत की साख को स्थिर बनाए रखा है। ये सभी टिप्पणियाँ इस बात का संकेत हैं कि वैश्विक संस्थाएँ भारत को अब एक विश्वसनीय और दीर्घकालिक निवेश गंतव्य मानती हैं। भारतीय इक्विटी बाजार की तुलना




अगर चीन से की जाए तो एक दिलचस्प समानता सामने आती है। चीन का बाजार भी स्थानीय निवेशकों से संचालित है और वहाँ भी विदेशी भागीदारी सीमित है। लेकिन चीन की नीतिगत अपारदर्शिता और भू-राजनीतिक जोखिमों ने विदेशी निवेशकों को सतर्क बना दिया है। इसके विपरीत, भारत का लोकतांत्रिक ढाँचा, पारदर्शी नीतियाँ और आईटी तथा सेवाक्षेत्र की बढ़त उसे निवेशकों के लिए अधिक आकर्षक बनाती हैं। यही कारण है कि एचएसबीसी ने भी माना कि भारतीय और चीनी दोनों बाजार एक साथ अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं, लेकिन भारत की स्थिति अपेक्षाकृत मजबूत है। अमेरिकी टैरिफ या किसी भी बाहरी दबाव के बीच भारत की यह मजबूती केवल आर्थिक कहानी नहीं है। यह उस आत्मनिर्भरता की ओर इशारा है जिसकी चर्चा पिछले कुछ वर्षों से लगातार होती रही है। सरकार की प्रोत्साहन योजनाएँ, डिजिटल और हरित ऊर्जा की ओर बढ़ते कदम और घरेलू निवेशकों का भरोसा मिलकर भारत को एक नई आर्थिक स्थिरता दे रहे हैं। फिर भी आज की सच्चाई यही है कि भारतीय इक्विटी बाजार अब वैश्विक झटकों का केवल शिकार नहीं रहा। वस्तुतः कहना होगा कि अमेरिकी टैरिफ इसका हालिया उदाहरण है। इस निर्णय ने भारत के बाजार को हिलाया नहीं, बल्कि उसकी लचीलापन और आत्मनिर्भरता को और उजागर किया है। निवेशकों का भरोसा, बचतों की मजबूत धारा और नीतिगत स्थिरता भारत को उस मुकाम पर पहुँचा रही है जहाँ वह वैश्विक ताकतों की चालों से डरने के बजाय अपने दम पर आगे बढ़ सकता है। इसके साथ ही इस नई चुनौती का सामना करने के लिए मोदी सरकार ने विश्व के नए 40 बाजार और खोज लिए हैं, जल्द ही यहां भारतीय माल की खपत आरंभ कर दी जाएगी, स्वभाविक है कि इससे जो रोजगार पैदा होंगे वह वर्तमान से बहुत अधिक होंगे। वास्तव में यही ''मज़बूत भारत'' की असली झलक है, जो आने वाली चुनौतियों को एक अवसर के रूप में स्वीकार्य करता है।

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

# शिक्षा का अधिकार, सुप्रीम कोर्ट और अल्पसंख्यक संस्थाएं

**डॉ. निवेदिता शर्मा**

भारत का लोकतांत्रिक संविधान नागरिकों को केवल राजनीतिक अधिकार ही नहीं देता, बल्कि उन्हें गरिमामय जीवन जीने की बुनियादी गारंटी भी प्रदान करता है। शिक्षा इस गारंटी की केंद्रीय धुरी है। अनुच्छेद 21ए के तहत छह से चौदह वर्ष तक के सभी बच्चों के लिए मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान इसीलिए किया गया था ताकि कोई भी बच्चा वर्ग, धर्म या आर्थिक स्थिति के कारण ज्ञान के अवसर से वंचित न रह जाए। लेकिन दुर्भाग्य यह है कि शिक्षा के इस सार्वभौमिक अधिकार की सबसे मजबूत दीवार को ही वर्षों पहले एक न्यायिक निर्णय ने दरका दिया। 2014 में सुप्रीम कोर्ट ने प्रमति एजुकेशनल एंड कल्चरल ट्रस्ट बनाम भारत संघ प्रकरण में यह कह दिया गया कि अल्पसंख्यक संस्थान आरटीई अधिनियम से मुक्त रहेंगे। यानी निजी स्कूलों की तरह उन्हें 25 प्रतिशत सीटें वंचित बच्चों के लिए आरक्षित करने की बाध्यता नहीं होगी। देखा जाए तो यह फैसला अपने आप में शिक्षा के अधिकार की सार्वभौमिकता पर प्रश्नचिह्न था।

अब, ग्यारह वर्ष बाद, शीर्ष अदालत ने स्वयं यह महसूस किया है कि उस निर्णय से व्यापक अन्याय हुआ है। 1 सितंबर 2025 को न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने बेहद गंभीर टिप्पणी करते हुए इस मुद्दे को संविधान पीठ के पास भेजने की सिफारिश की है। पीठ ने साफ कहा, यह फैसला अनजाने में अनुच्छेद 21ए के मकसद को कमजोर करता है और समान स्कूल प्रणाली की अवधारणा को चोट पहुँचाता है।ङ्क आज न्यायालय ने यह भी इंगित किया कि आरटीई केवल सीट आरक्षण भर नहीं है, बल्कि इसके साथ कई आवश्यक प्रावधान जुड़े हैं; बच्चों को मुफ्त यूनिफॉर्म, किताबें, मिड-डे मील, प्रशिक्षित शिक्षक और बुनियादी ढाँचा उपलब्ध कराना। इन सबसे अल्पसंख्यक संस्थानों को छूट देकर अब तक न जानें कितने लाख बच्चों को इन बुनियादी सुविधाओं से वंचित किया गया है। अभी 2025 तक का इस संबंध में कोई आंकड़ा उपलब्ध नहीं है, हालांकि सरकारी आँकड़ों (यूडीआईएसई+ 2021-22) के अनुसार, देश में 51,627 अल्पसंख्यक प्रबंधित स्कूल हैं। इनमें मुस्लिम संस्थान; 27,259, ईसाई संस्थान; 15,808, जैन संस्थान; 1,140, बौद्ध संस्थान; 720, पारसी संस्थान;126 और शेष में अन्य शामिल हैं। पिछले तीन साल में इस संख्या में और अधिक इजाफा हुआ है। अनुमान है कि उक्त संख्या 55 हजार तक पहुंच गई होगी। ऐसे में यह स्वभाविक है कि यह संख्या अपने आप में बहुत बड़ी है। जब इतने बड़े हिस्से को आरटीई की बाध्यता से छूट मिल जाए, तो स्पष्ट है कि लाखों वंचित बच्चों को समान शिक्षा का अवसर नहीं मिल पाया। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने 23,487 अल्पसंख्यक स्कूलों का विश्लेषण किया था। यह रिपोर्ट बताती है कि इन विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों में केवल 38% विद्यार्थी संबंधित अल्पसंख्यक समुदाय से हैं, शेष 62% गैर-अल्पसंख्यक। महज 8.76% विद्यार्थी सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित पृष्ठभूमि से आते हैं। स्पष्ट है कि अधिकांश अल्पसंख्यक संस्थान अपने ही समुदाय के उत्थान के बजाय शिक्षा को व्यवसाय बना चुके हैं। यदि वे सचमुच अपने वर्ग के बच्चों को प्राथमिकता देते, तो न केवल अपने समुदाय का बड़ा भला करते, बल्कि संविधान की भावना के अनुरूप भी चलते।

यहां उदाहरण स्वरूप सबसे छोटा एक आंकड़ा मान लें कि एक औसत स्कूल में 200ऽ300 विद्यार्थी पढ़ते हैं। यदि 25 प्रतिशत सीटें वंचित वर्ग के लिए आरक्षित होतीं, तो प्रति स्कूल लगभग 50 सीटें आरटीई के अंतर्गत आतीं। 51,627 स्कूलै 50 सीटें = लगभग 25.8 लाख सीटें प्रति वर्ष। 2010 से 2025 तक यानी 15 वर्षों में यह संख्या करीब 3.8 करोड़ अवसरों के बराबर है। इस मोटे अनुमान से ही स्पष्ट है कि कितने विशाल पैमाने पर वंचित बच्चों को शिक्षा से अब तक इन स्कूलों द्वारा अल्पसंख्यक के नाम पर वंचित रखा गया!

राजस्थान के जयपुर में ही इस साल 2025 में 30,000 बच्चों को आरटीई के तहत दाखिला नहीं मिला, जबकि 80,000 सीटों पर 3.8 लाख आवेदन आए। देश की राजधानी दिल्ली में 2023-24 में 2.09 लाख परिवारों ने 35,000 सीटों के लिए आवेदन किया, लेकिन 6,500 सीटें खाली रह गईं।

## सेहत मंत्र

# वजन घटाने से लेकर पेट के रोगों को दूर करने में कारगर है बथुआ, हृदय रोग भी होते हैं दूर

विटामिन ए, आयरन, कैल्शियम, फास्फोरस और पोटैशियम, कार्बोहाइड्रेट, फाइबर, विटामिन सी भरपूर बथुआ हर घर में खाया जाने वाला एक आम साग है। बथुआ न केवल कई बीमारियों को दूर रखने में फायदेमंद है बल्कि बालों का ओरिजनल कलर बनाए रखने में भी मददगार है। इतना ही नहीं अगर कोई व्यक्ति वजन घटाना चाहता है तो वह बथुआ खाकर बड़ी आसानी से वजन भी घटा सकता है। बथुआ का प्रयोग सदियों से कई बीमारियों को दूर करने मे होता रहा है हालांकि ज्यादा मात्रा में बथुआ खाने से डायरिया भी हो सकता है क्योंकि इसमें ऑक्जेलिक एसिड का लेवल बहुत ज्यादा होता है। अगर आप भी उन लोगों में हैं, जो बथुआ खाने के फायदे से अंजान हैं तो हम आपको इसके ऐसे कुछ स्वास्थ्य लाभ बताने जा रहे हैं, जो आपकी सेहत को दुरुस्त रख सकते हैं। वे व्यक्ति, जो अपना वजन कम करने के लिए दुनिया भर के नुस्खे आजमाकर थक चुके हैं उनके लिए बथुए का साग बेहद ही फायदेमंद है। बथुए में पाए जाने वाले पौष्टिक तत्व बाहर निकले हुए पेट की चर्बी को कम करने में मदद करते हैं और जल्द ही वजन भी घटाते हैं। वे लोग, जो जोड़ों में दर्द से परेशान रहते हैं उन्हें बथुआ आराम देने के लिए काफी है। इसके लिए आपको 10 ग्राम बथुए के बीजों को करीब 200 मिलीलीटर पानी में उबालना है। जब पानी 50 मिलीलीटर रह जाए तो उस पानी को गर्म-गर्म पी लीजिए। नियमित रूप से 1 महीने तक सुबह-शाम इस पानी को पीएं और आप पाएंगे कि आपके जोड़ों का दर्द धीरे-धीरे दूर हो रहा है। इतना ही नहीं आप इसकी ताजी पत्तियों को पीसकर हल्का गर्म कर लें और जिस जगह दर्द हो रहा हैं वहां लगा लें। ऐसा करने से दर्द से राहत भी मिलेगी। पेट के रोगों से परेशान लोग बथुए का उबला हुआ पानी पीएं। बथुए का पानी पेट से संबंधित सभी प्रकार के रोग, पुरानी कब्ज, गैस, पेट के कीड़े, दर्द, बवासीर और पथरी जैसे रोगों को ठीक करने में लाभाकारी है।

## धर्म मंत्र

# ओरछा अपने भव्य मंदिरों, महलों और किलों के लिए सर्वाधिक प्रसिद्ध है

मध्य प्रदेश में बेतवा नदी के किनारे बसा ओरछा अपने भव्य मंदिरों, महलों और किलों के लिए सर्वाधिक प्रसिद्ध है। झांसी से मात्र 16 किमी. की दूरी पर स्थित यह जगह अतीत की कई कहानियों को बयां करती है। हरा-भरा और पहाड़ियों से घिरा ओरछा राजा बीरसिंह देव के काल में बुंदेलखण्ड की राजधानी हुआ करता था। परिहार राजाओं के बाद ओरछा चन्देलों और फिर बुंदेलों के अधिकार में रहा। हालांकि चन्देल राजाओं के पराभव के बाद ओरछा श्रीहीन हो गया, लेकिन जब बुंदेलों का शासन आया तो ओरछा ने पुनः अपना गौरव प्राप्त किया। बुंदेला राजा रुद्रप्रताप ने 1531 ई. में नए सिरे से इस नगर की स्थापना की। उन्होंने नगर में मंदिर महल और किले का निर्माण करवाया। यही नहीं, उनके बाद के राजाओं ने भी सौंदर्य से परिपूर्ण कलात्मक इमारतें और भवन बनवाए। मुगल शासक अकबर के समय यहां के राजा मधुकर शाह थे जिनके साथ मुगल सम्राट ने कई युद्ध किए थे। जहांगीर ने वीरसिंहदेव बुंदेला को, जो ओरछा राज्य की बड़ौनी जागीर के स्वामी थे, पूरे ओरछा राज्य की गद्दी दी थी। इसके बदले में वीरसिंहदेव ने जहांगीर के कहने से अकबर के शासन काल में अकबर के विद्वान दरबारी अबुलफजल की हत्या करवा दी थी। वहीं जब शाहजहां का शासन काल आया तो मुगलों ने बुन्देलों से कई असफल लड़ाइयां लड़ीं। किंतु अंत में जुझार सिंह को ओरछा का राजा स्वीकार कर लिया गया।

## पर्यटन



# बेहतरीन किस्म की वाइन के लिए मशहूर हैं कैलिफोर्निया

घूमने-फिरने की चाहत रखने वालों के लिए हर एक जगह खास होती है और उन्हें हमेशा किसी नई जगह की तलाश होती है। तो अगर आप हिल्स स्टेशन्स, बीच और डेजर्ट्स से बोर हो चुके हैं और कुछ नया एक्सप्लोर करना चाहते हैं तो कैलिफोर्निया के वाइन कंट्री आएं। जहां आकर आप खूबसूरत नजारों को देखने के साथ ही बेहतरीन किस्म की वाइन को भी एन्जॉय कर सकते हैं। नापा वैली को शानदार प्रॉपर्टीज, महंगे टेस्टिंग रूम, पुराने ढंग के कस्बों और भव्य लॉज वाली जगह के रूप में जाना जाता है। सैन फ्रांसिस्को से नार्थ की ओर तकरीबन एक घंटे की ड्राइव कर आप पहुंच सकते हैं यहां। जहां 400 भी ज्यादा मशहूर वाइनरी मौजूद है। नापा वैली शराब के पारखियों का स्वर्ग है, जहां टूरिस्ट्स को खासतौर से इस जगह की पहचान कैबरनेट सोविन्यॉन और शाडुर्ने के अलावा दूसरी वाइन्स को चखने के लिए आमंत्रित किया जाता है। यह अपनी प्रीमियम वाइन के लिए तेजी से मशहूर हो रही है, जैसे कि किस्टलर वाइनयार्ड्स, ए. रफानेली और किर्क। जिनकी पीने और खरीदने के लिए काफी लंबा इंतजार करना पड़ता है। लेकिन सोनोमा काउंटी में पहुंचकर आप काफी अलग-अलग तरह के वाइन को एन्जॉय कर सकते हैं। जिनको बैकयार्ड में बनी वाइनरी में तैयार किया जाता है। मेंडोसिनो कोस्ट के किनारे हरे-भरे लाल रंग के जंगलों से घिरे शांत वाइनयार्ड से लेकर, बीहड़ लेक काउंटी की धूप से चमकती पहाड़ियों तक, नॉर्थ कोस्ट उतना ही विविध है जितना कि यहां की वाइन कंट्री। आप लोकल वाइनमेकर्स (वाइन बनाने वालों) के साथ अंगूरों, उन्हें उगाने और वाइन बनाने के प्रोसेस तक के बारे में बातचीत कर सकते हैं, जो ज्यादातर टेस्टिंग रूम्स में आराम से वाइन डालते पाए जाते हैं। वाइन पीने और झूमने के लिए कैलिफ़ोर्निया के सबसे सुंदर और कम भीड़-भाड़ वाली जगह के लिए तैयार हो जाएं। मेंडोकिनो काउंटी वाइन न केवल खूबसूरत है, बल्कि लेटेस्ट टेक्निक से भी लैस है। यह जगह कैलीफोर्निया के सबसे डेवलप्ड वाइनमेकर्स का घर है, जो वाइनयार्ड में लेटेस्ट टेक्निक से वाइन तैयार करते हैं।

# जन संवाद की नई मिशाल, पुलिस चौपाल में हल हो रहे पुराने विवाद !

## बेटियों को पढ़ाइए, आगे बढ़ाइए सुश्री गरिमा पंत एसपी के निर्देश पर बाराबंकी में हर बुधवार लग रही पुलिस चौपालें



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जनपद बाराबंकी में पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करने और उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान कराने के उद्देश्य से शुरू की गई नई पहल 'पुलिस चौपाल' रंग ला रही है। इस अनूठी परंपरा के तहत जिले के सभी थानों की एक-एक ग्राम पंचायत में प्रत्येक बुधवार चौपाल आयोजित की जा रही है, जिसमें पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा ग्रामवासी एक साथ बैठकर अपनी समस्याओं को रखते हैं और उनका तत्काल निस्तारण कराया जाता है। चौपालों में भूमि विवाद, पैसों के लेन-देन, चकमार्ग और नाली जैसी स्थानीय शिकायतों को मौके पर ही सुलझाया गया। थाना सतरिख क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बीजेमऊ में दो वर्ष पुराने रास्ते के विवाद को संवाद से समाप्त कराया गया, थाना बड्डूपुर क्षेत्र के ग्राम बड़ागांव में रुपये के लेन-देन का मामला आपसी सहमति से निपटाया गया, वहीं थाना रामनगर क्षेत्र के ग्राम लैन में बकरियों को खुला छोड़ देने के विवाद का समाधान भी चौपाल में ही करा दिया गया। ग्रामीणों ने इस प्रयास की जमकर सराहना की और इसे पुलिस-जन संवाद की मजबूत कड़ी बताया। चौपाल में ग्राम अपराध रजिस्टर का अवलोकन कर विवादित मामलों की जानकारी ली गई, शस्त्र धारकों और हिस्ट्रीशीटरों की स्थिति पर नजर डाली गई, साथ ही ग्रामीणों को चौपाल के महत्व, साइबर क्राइम और यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने उपस्थित लोगों को हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 1076, 108 और 1930 की जानकारी देकर सतर्क और सुरक्षित रहने का संदेश दिया। इसी क्रम में थाना रामनगर क्षेत्र के ग्राम लैन में आयोजित चौपाल में पुलिस उपाधीक्षक सुश्री गरिमा पंत ने विशेष रूप से महिलाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में बेटियां किसी भी मामले में बेटों से पीछे नहीं हैं, जरूरत है तो सिर्फ उन्हें पढ़ाने और आगे बढ़ाने की। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं से आह्वान किया कि वे अपनी बेटियों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ें और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आगे बढ़ाएं। सुश्री गरिमा का यह संदेश चौपाल में मौजूद महिलाओं और ग्रामीणों के बीच गहरी छाप छोड़ गया। बाराबंकी पुलिस की यह पहल न केवल विवादों और शिकायतों का मौके पर समाधान कर रही है बल्कि समाज में विश्वास, संवाद और जागरूकता की नई मिसाल भी कायम कर रही है।

# तीन दिवसीय विलेज अटैचमेंट प्रोग्राम

## प्रसिद्ध अफसरों का बीडीओ संग ओदार व दीनपनाह पंचायतों का भ्रमण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में कार्यरत 75 सहायक अनुभाग अधिकारियों का तीन दिवसीय विलेज अटैचमेंट कार्यक्रम के तहत आज बुधवार को विकासखंड निंदूरा की ग्राम पंचायत ओदार व दीनपनाह के भ्आरमण से प्रारंभ हुआ। टीम ने गांवों का भ्रमण कर पंचायत स्तर की व्यवस्थाओं और योजनाओं की जानकारी ली।

भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य गांव की वास्तविक समस्याओं को समझना और उनके समाधान के लिए कार्य करना है।ग्राम पंचायत सचिव महमूद अंसारी ने बताया कि अब पंचायत भवन के डिजिटलीकरण से ग्रामीणों को ब्लॉक के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं रहती।

मनरेगा में भुगतान समय से न मिलने की समस्या सामने आई। सचिव ने कहा कि मजदूरों को छह-छह महीने तक भुगतान नहीं मिलता, जिससे वे मजबूर होकर प्राइवेट कार्य करने लगते हैं। सचिव ने मोबाइल नंबर और ओटीपी संबंधी समस्या भी उठाई। उन्होंने मांग की कि पोर्टल पर मोबाइल नंबर बदलने का विकल्प दिया जाए।

आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री ने गांव में नेटवर्क की खराबी को लेकर शिकायत दर्ज की। ओदार में एडीओ (कृषि) हरि प्रकाश चौधरी, बीओ (पीआरडी) सोहित मिश्रा व बीएमएम (एनआरएलएम) बद्री प्रसाद ने योजनाओं की जानकारी दी। वहीं, दीनपनाह में एडीओ (समाज) कुशाग्र सिंह, एपीओ (मनरेगा) मोनिका वर्मा तथा बीएमएम पूजा सिंह ने प्रशिक्षु अधिकारियों को योजनाओं की जानकारी दी। टीम ने ग्राम पंचायत दीनपनाह में अमृत सरोवर का अवलोकन किया और पौधारोपण किया। साथ ही पंचायत भवन व जनसेवा केंद्र की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। अधिकारियों ने कौशल विकास केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व आईटीआई की दूरी की भी जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान ओदार, पंचायत सचिव महमूद अंसारी, रेनू पांडेय, आनंद सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

# रक्तदान कर शिक्षक मनाएंगे, शिक्षक दिवस



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन का जन्मदिन जिले के शिक्षक शिक्षक दिवस को इस बार कुछ अलग अंदाज में मनायेगे। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी रक्तदान का निर्णय लिया है। जिलाध्यक्ष ने कहा राधा कृष्णन शिक्षक समाज के मार्गदर्शक होने के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने में भी पीछे नहीं रहते थे। संगठन के जिला प्रवक्ता निजाम खान ने बताया कि अब शिक्षक केवल सम्मान की अपेक्षा नहीं करते, बल्कि अपने सामुदायिक दायित्व को आगे रखते हुए शिक्षक दिवस को सेवा का पर्व मानने लगे हैं। इसी क्रम में जनपदीय अध्यक्ष दिलीप कुमार पांडेय के नेतृत्व में सैकड़ों शिक्षकों ने रक्तदान के लिए अपना नाम दर्ज कराया है। उनका मानना है कि रक्तदान से न केवल जीवन बचाने में मदद मिलेगी, बल्कि समाज को भी सकारात्मक संदेश जाएगा। शिविर की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शिक्षकों को प्रेरित करने और उनके उत्साहवर्धन के लिए जिलाधिकारी को आमंत्रित किया गया है। साथ ही जनपद के वरिष्ठ चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. ए.के. सिंह ने भी शिविर का उद्घाटन करेगे। शिक्षक संघ का यह अनूठा प्रयास न सिर्फ शिक्षक दिवस की गरिमा को बढ़ाएगा बल्कि समाज में सेवा और सहयोग का संदेश भी देगा।इस मौके पर वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र नारायण मिश्रा, जिला मंत्री डॉ हृषिकेष भानु सिंह, संयुक्त मंत्री प्रशांत पाण्डेय जिला उपाध्यक्ष विनोद यादव, डॉ रीतेश सिंह, अखिलेश सिंह, नरेंद्र पाण्डेय, कांशी नाथ तिवारी, संजय सिंह, मुजफ्फर कलीम खान, इत्यादि मौजूद रहे।

# हत्यारोपितों को मिली आजीवन कारावास की सज़ा

## दोनों आरोपितों पर गैंगस्टर एक्ट में भी मुकदमा दर्ज किया गया था

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी : विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट,कोर्ट संख्या 8, अमित सिंह प्रथम ने थाना फतेहपुर से संबंधित एक मामले में महिला की हत्या करने ,विस्फोटक पदार्थ का इस्तेमाल करने एवं गैंगस्टर एक्ट के दो आरोपितों रामचंदर एवं रामनरेश को दोषी करार देते हुए दोनों को आजीवन कारावास के दंड से दंडित किया साथ ही प्रत्येक पर 38000 का अर्थदंड भी लगाया। विशेष लोक अभियोजक, गैंगस्टर एक्ट, रमेश चंद्र वर्मा ने बताया कि मामला फतेहपुर थाना अंतर्गत सैदनपुर गांव का है।जहां के वादी मुकदमा राजकुमार ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि 25/ 26 अगस्त 2003 की रात में मैं,मेरी बहन सरस्वती,बड़ा भाई राजेंद्र ,भतीजा राजेश कुमार और माता जग्गा देवी छप्पर के बने मकान के नीचे खुली जगह पर सो रहे थे। रात के करीब 11:30 बजे हमारे गांव के ही रामचंदर और रामनरेश हाथ में डंडा लाठी लेकर गालियां देते हुए हमारे छप्पर पर चढ़ाई कर दी।गाली गलौज के शोर से हम लोगों के नींद खुल गई,तो छप्पर में टंगी लालटेन की रोशनी में देखा कि रामचन्दर और रामनरेश गालियां दे रहे थे।रामनरेश ने कहा जान से मार दो सालों को और रामनरेश तथा रामचन्दर मेरे भाई राजेंद्र को मारने लगे, मेरी बहन सरस्वती, मां जग्गा देवी उसको बचाने के लिए दौड़ी तो इन लोगों ने मेरी मां और बहन को लाठी डंडों से बुरी तरह से मारा।मेरे चिल्लाने पर गांव के लोग बीच बराव करने और रामचंद्र व रामनरेश को पकड़ने के लिए दौड़े।हम लोगों ने उनका नाम लेकर ललकारा।इस पर रामनरेश रामचंद्र ने झोले में पहले से रखे हुए तीन बम जान से मारने की नीयत से हमारी तरफ फेंका। जिसमें से दो बम फट गए गांव वाले इससे गांव वाले अपनी जान बचाकर भाग गए गांव में भय और आतंक फैल गया था। तभी दोनों आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए बाग़ की तरफ भाग गए। दरअसल यह लोग हमारी जमीन में चबूतरा बनाकर दो पेड़ लगाए थे जिसको हमने उखाड़ दिया था और चबूतरा बनाने से रोका था। इसी रंजीश के कारण इन लोगों ने हमारे साथ यह घटना किया। लाठी डंडों की मार से मेरी बहन सरस्वती और भाई राजेंद्र तथा मां जग्गा देवी को गंभीर चोटें आई थी ,जिन्हें ट्रैक्टर से इलाज के लिए भिजवाया गया और पुलिस को सूचना की गई। इलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल मेरी बहन सरस्वती की मृत्यु हो गई थी।पुलिस में दोनों आरोपितों पर आईपीसी की विभिन्न धाराओं के साथ विस्फोटक अधिनियम और गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया था।जहां सशपथ बयान के दौरान चोटिल भाई राजेंद्र कुमार और माता जग्गा देवी के साथ अन्य गवाहों के बयान दर्ज होने के पश्चात कोर्ट ने दोनों पक्षों को बहस सुनने के बाद मेडिकल रिपोर्ट व अन्य साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्तगणों रामचन्द्र व राम नरेश को घटना का दोषी पाते हुए दोनों को आजीवन कारावास के दण्ड से दण्डित किया साथ ही प्रत्येक पर जुर्माना भी लगाया।

## मिट्टी तेल की कालाबाजारी पर बड़ा वार: आरोपी को पांच साल की कैद, जुर्माना भी ठोका

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रुचि तिवारी ने मिट्टी तेल की कालाबाजारी के मामले में सख्त फैसला सुनाते हुए आरोपी सतीश कुमार को दोषी करार दिया। न्यायालय ने उसे पांच वर्ष के कारावास और दो हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। विशेष लोक अभियोजक अमरेश विक्रम सिंह ने बताया कि 6 जनवरी 2006 को गुप्त सूचना पर बद्दूपुर थाना क्षेत्र के गोड़ाईचा मोड़ स्थित सतीश की दुकान पर पूर्ति निरीक्षक रफी अहमद ने उपजिलाधिकारी फतेहपुर की मौजूदगी में छापा मारा था। छापेमारी में 400 लीटर अवैध मिट्टी तेल बरामद हुआ था। पूर्ति निरीक्षक ने स्थानीय पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने आरोपी को आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत दोषी ठहराया और कड़ा दंड दिया। संदेश साफ है ऽ कालाबाजारी करने वालों को अब न्यायालय से कोई राहत नहीं मिलेगी।

## तीन बोरी सुतली बम बरामद, दहशत

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ के बेहटा में एक मकान में हुए विस्फोट के बाद सुतली बम का जखीरा देवा क्षेत्र के एक गांव के पास मिला। नहर किनारे सुतली बम से भरी करीब तीन बोरियां लावारिस पड़ी हुई मिली हैं।
बुधवार को देवा थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव के बाहर निकली शारदा नहर के किनारे झाड़ियों में तीन बोरियों में सुतली बम (पटाखे) मिले। ग्रामीणों ने लावारिस बोरियां देखा जिनमें सुतली बम भरे थे।सुतली बम मिलने की सूचना होते ही हड़कंप मच गया। उधर जानकारी पर आस-पास गांव के लोगों की भीड़ मौके पर पर लग गई।इसी बीच लोगों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी मशीन मंगाकर सुतली बमों को खड्डा खोदवाकर उसी में बंद करा दिया।

## ब्लॉक दिवस में बीडीओ ने सुनी जन समस्याएं

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को सिद्धौर ब्लाक में ब्लाक दिवस का आयोजन किया गया। आयोजित ब्लाक दिवस में ब्लाक क्षेत्र कि ग्राम पंचायत बसंतपुर, गहा के रामनारायण द्विवेदी ने खंड विकास अधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि दो वर्सेष इंडिया मार्का हैंडपंप खराब है।जिसे ठीक कराएं जाने के संबंध में कई बार ग्राम प्रधान व सचिव से कहा गया।परंतु कोई ध्यान नहीं दिया गया। बताया कि शिकायत करने पर रिबोर लायक नल को यूं ही सही कर खाना पूर्ति की गई ?।जिससे नल का पानी पीने योग्य नहीं है। नल रिबोर कराए जाने कि मांग पर खंड विकास अधिकारी ने संबंधित सचिव से जांच कर समस्या का निस्तारण कराए जाने का निर्देश दिया।खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह ने जन समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कराए जाने के संबंध में संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिए। ब्लाक दिवस में ग्राम पंचायत सचिव संजय चौधरी, प्रमोद कुमार वर्मा, जनार्दन चौहान, रविन्द्र कुमार वर्मा,अजय नाथ गौड़, गीता वर्मा, समेत ब्लाक के संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे?।

## संजय सेतु की मरम्मत से स्थिति सामान्य की ओर

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग 927 पर स्थित 44 वर्ष पुराने संजय सेतु में कई बार दरार आने से आमजन की दुश्वारियों बढी है। कई कई किलोमीटर तक जाम लग जाता है।पुल के दोनो ओर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया।पुल एप्रोच पर गहरी दरारें बन गई थीं समाचार पत्रों में खबरें छापने के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने बुधवार सुबह मरम्मत कार्य शुरू कराया।जिससे लंबा जाम लग गया यात्रियों को घंटों परेशानी झेलनी पड़ी।राहगीरों ने बार बार की अस्थायी मरम्मत पर नाराजगी जताते हुए स्थायी समाधान के लिए नया पुल बनाने की मांग की है।वहीं घाघरा नदी खतरे का निशान पर कर तेजी से बह रही है जिसको देखकर मुसाफिरों व उनके बच्चों को खासी घबराहट हुई।बुधवार शाम पांच बजे घाघरा नदी का जलस्तर 106.520 दर्ज किया गया जो खतरे के निशान से 45 सेंटीमीटर ऊपर है।

## जगह-जगह साए हैं विघ्निनहर्ता के दरबार

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्थानीय नगर पंचायत सिद्धौर में गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर नगर के विभिन्न स्थलों पर स्थापित गणेश प्रतिमाओं का पावन स्थल श्रद्धा एवं भक्ति भाव से भावविभोर हो रहा है। नगर के पश्चिम कटरा में उमेश यादव,लंबौआ में राजू नाग, मालवीयनगर में गिरवर सोनी, बरगदहा में कपूर रावत के यहां रखी गई गणेश प्रतिमा स्थल का भक्तिमय वातावरण जहां हर किसी को आनंदित कर रहा है।वही कीर्तन भजन के माध्यम से श्रद्धालु भक्त जन पुण्य के भागी बन रहे ।

## आज सजेगा दरबार

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बा सिद्धौर के लंबौआ मोहल्ले में गणेश चतुर्थी के अवसर पर राजू नाग के यहां रखी गई गणेश प्रतिमा स्थल पर आगामी *पांच* सितम्बर को भक्तिमय झांकियों का दृश्य लखनऊ के कलाकारों द्वारा दिखाया जाएगा। उक्त जानकारी सिद्धौर के श्रवण मिश्रा ने दी।

## दबंग ने रोका बरसाती पानी का निकास, ग्रामीण परेशान

हैदरगढ़ बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। लोनीकटरा थाना क्षेत्र के गौरी गांव में एक दबंग द्वारा बरसाती पानी के निकास में अवरोध डाला जा रहा है। इस संबंध में गांव निवासी सोनू विश्वकर्मा ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर जल निकासी सुनिश्चित कराने की मांग की है। बताया गया कि अब तक गांव के सभी घरों का पानी नाले से होकर तालाब में जाता था, लेकिन अब गांव निवासी अटल बिहारी द्वारा पानी का निकास रोक दिए जाने से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

पूर्व सांसद उपेंद्र रावत ने छात्राओं को बांटे टैबलेट

त्रिवेदीगंज बाराबंकी। क्षेत्र के अलादादपुर स्थित श्री बैजनाथ गर्ल्स इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट स्कूल प्रांगण में बीए तृतीय वर्ष की छात्राओं को टैबलेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व सांसद उपेंद्र रावत ने 45 छात्राओं को टैबलेट वितरित किए।
उन्होंने छात्राओं को टैबलेट की उपयोगिता व डिजिटल भारत में इसके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर प्रधान संजय वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सचिन वर्मा, भाजपा नेता बचान रावत, प्रदीप सिंह, प्रमोद वर्मा, विद्यालय प्राचार्य रवि शंकर शुक्ला, कार्यक्रम प्रभारी डॉ. मंजू वर्मा समेत पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## कामरेड की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

सुल्तानपुर। ऑल इंडिया रेलवे मेंस फ़ेडरेशन और नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के पूर्व महामंत्री कामरेड जीपी चौबे की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सहायक मंडल मंत्री कामरेड अशोक चौबे मुख्य अतिथि थे। श्रद्धांजलि सभा के बाद एनआरएमयू के सदस्य जुलूस के रूप में जिला अस्पताल के ब्लड बैंक पहुंचे। यहां राकेश मणि यादव, शीतला प्रसाद दुबे, कमलेश कुमार, राहुल अवस्थी, अरुणजय कुमार, इंद्रजीत दुबे, कैलाश चंद्र मीना और हरि मोहन चौबे ने रक्तदान किया।

# ई रिक्शा चालकों का छलका दर्द , पुलिसिया पहरे से निजात दिलाने की मांग

## चालकों ने नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी से लगाई गुहार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

फोटो बथ 0010

हैदरगढ़ बाराबंकी नगर क्षेत्र में हाइवे पर ई-रिक्शा संचालन को लेकर पुलिसिया सख्ती और पहरेदारी से नाराज ई-रिक्शा चालकों ने गुरुवार को नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी के आवास पर पहुंचकर अपनी समस्याओं को खुलकर सामने रखा। ई-रिक्शा चालकों ने श्री तिवारी को बताया कि नगर के लगभग सभी प्रमुख सरकारी कार्यालय, बैंक और शैक्षणिक संस्थान हाइवे पर ही स्थित हैं, जहाँ आमजन को आने-जाने के लिए ई-रिक्शा ही सबसे बड़ा सहारा है। चालकों ने कहा कि वे बाकायदा नगर पंचायत का टोकन शुल्क जमा करते हैं, बावजूद इसके पुलिस उन्हें बेवजह रोकती-टोकती और परेशान करती है। चालकों ने यह भी कहा कि पुलिसिया कार्रवाई के चलते उनकी रोज़ी-रोटी पर संकट खड़ा हो गया है। स्थानीय जनता को भी भारी परेशानी उठानी पड़ रही है, क्योंकि हाइवे पर आवागमन का सबसे सस्ता और सुलभ साधन ई-रिक्शा ही है। ई-रिक्शा चालकों की व्यथा सुनकर नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी ने आश्वासन दिया कि वे उनकी समस्याओं का समाधान कराने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने तुरंत ही उपजिलाधिकारी से वार्ता कर ई-रिक्शा चालकों को पुलिसिया उत्पीड़न से निजात दिलाने की मांग रखी।श्री तिवारी ने कहा कि जनता की सुविधा और रोज़ी-रोटी दोनों का संतुलन बनाना प्रशासन की जिम्मेदारी है, और इस मामले को गंभीरता से उठाया जाएगा।

## महिला कल्याण से जुड़ी जानकारियां की साझा

सुल्तानपुर। जिला महिला चिकित्सालय में 'संकल्प हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन योजना' के तहत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत कन्या जन्मोत्सव और पीसीपीएनडीटी अधिनियम पर चर्चा की गई। जिला प्रोबेशन अधिकारी और डॉ. आरिफ खान ने नवजात बालिकाओं के परिवारों को उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर महिला कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इनमें निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष, और मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना शामिल हैं। डॉ. आरिफ खान ने पीसीपीएनडीटी अधिनियम के बारे में स्टाफ और महिलाओं को जागरूक किया। उन्होंने कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए इस कानून के पालन पर जोर दिया। जिला मिशन समन्वयक रेखा गुप्ता ने बताया कि सरकार कन्याओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए विभिन्न कार्यक्रम चला रही है।

## इग्नू ने नये प्रवेश तथा पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि 15 सितम्बर तक बढ़ाई

मुरादाबाद। इग्नू अध्ययन केंद्र हिन्दू कालेज मुरादाबाद के समन्वयक डॉ एके सिंह ने बताया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली ने जनवरी सत्र 2025 के लिए नए प्रवेश और अगली कक्षा-सेमेस्टर हेतु पुनः पंजीकरण (री-रजिस्ट्रेशन) की तिथि भी आगे बढ़ा दी है। पहले दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त थी। डॉ एके सिंह ने आगे बताया कि अब नए अथवा पुराने दोनों प्रकार के अभ्यर्थी इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर समर्थ पोर्टल के माध्यम से 15 सितम्बर तक आवेदन कर सकते हैं। ध्यातव्य हो कि इस बढ़ी हुई तिथि में सर्टिफिकेट कोर्स शामिल नहीं हैं, जबकि स्नातक, परास्नातक, एक वर्षीय डिप्लोमा और पीजी डिप्लोमा में प्रवेश जारी रहेंगे। वर्तमान में इग्नू का पंजीकरण पोर्टल भारतीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों छात्रों के लिए खुला हुआ है। इग्नू स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा और प्रमाणपत्र कार्यक्रमों सहित विभिन्न विषय क्षेत्रों में 300 से अधिक पाठ्यक्रम में पढ़ने की सुविधा प्रदान करता है।

# विश्वविद्यालय की अनियमितताओं और पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में जनसत्ता दल ने सौंपा ज्ञापन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी, रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय देवा रोड बाराबंकी में पाठ्यक्रम की बिना मान्यता सैकड़ों विद्यार्थियों से प्रवेश लेकर करोड़ों रुपये की अवैध फीस वसूली की गई और जब विद्यार्थी इस अन्याय के खिलाफ शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे थे, तभी पुलिस ने उन पर बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज कर दिया। इस घटना के विरोध में जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर रघुराज प्रताप सिंह ''राजा भैया'' जी के निर्देश पर जिलाध्यक्ष कुंवर भूपेंद्र सिंह बाबी और प्रधान महासचिव अधिवक्ता मनोज सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने माननीय मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिलाध्यक्ष कुंवर भूपेंद्र सिंह बाबी ने कहा कि पुलिस प्रशासन ने शिक्षा माफियाओं से यह सवाल तक नहीं पूछा कि जब उनके पाठ्यक्रम की मान्यता ही स्पष्ट नहीं थी तो उन्होंने हजारों बच्चों से बड़े पैमाने पर फीस वसूलकर उनका प्रवेश क्यों लिया और उन्हें समय से सच्चाई क्यों नहीं बताई। यह सीधे-सीधे विद्यार्थियों के साथ अक्षम्य धोखाधड़ी है। ऐसा प्रतीत होता है कि सत्ता से गठजोड़ करके निजी विश्वविद्यालय चलाने वाले अरबपतियों ने पुलिस प्रशासन को भी अपने प्रभाव में ले रखा है।प्रधान महासचिव अधिवक्ता मनोज सिंह ने कहा कि शिक्षा माफिया बिना मान्यता के प्रवेश लेकर बच्चों से फीस वसूलकर करोड़ों रुपये का मुनाफा कमाते हैं और जब विद्यार्थी अपने अधिकार की आवाज उठाते हैं तो उन पर पुलिस से लाठीचार्ज कराया जाता है। यह घटना सरकार के लिए एक कलंक है और यह साबित करती है कि पुलिस प्रशासन को गरीब छात्रों के हितों से ज्यादा शिक्षा माफियाओं के हितों की चिंता है। जनसत्ता दल की संवेदनाएं सभी घायल विद्यार्थियों के साथ हैं और हमारी सरकार से मांग है कि उत्तर प्रदेश में संचालित सभी निजी विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम और उनकी फीस की जांच की जाए, विद्यार्थियों का शोषण बंद हो, लाठीचार्ज की जांच कर सभी दोषियों पर कठोर कार्रवाई हो तथा पाठ्यक्रम की बीसीआई से मान्यता लेकर विद्यार्थियों का प्रवेश सुनिश्चित किया जाए जिससे छात्रों का भविष्य सुरक्षित हो सके। ज्ञापन देने के इस कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष कुंवर भूपेंद्र सिंह बाबी, प्रधान महासचिव अधिवक्ता मनोज सिंह, मीडिया प्रभारी प्रमोद सिंह राठौड़, राहुल शुक्ला, कलीम खान, नरेंद्र प्रताप सिंह सोनू (जिला महासचिव), प्रदीप जायसवाल (कोषाध्यक्ष), छात्र प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण जायसवाल, प्रधान महासचिव प्रेम प्रकाश सिंह, किसान प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रवींद्र मिश्रा, उपाध्यक्ष उदय भान सिंह, दीपक सिंह, हरगोविंद यादव, महेंद्र सिंह, विमलेश वर्मा, सुभान्कर सिंह, अधिवक्ता प्रकोष्ठ से अधिवक्ता संतोष कुमार श्रीवास्तव, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ से इम्तियाज अहमद प्रधान महासचिव सहित दीपचंद सोनी, अजय सिंह, अरविंद प्रताप सिंह, विपिन सिंह राजपूत, महेंद्र प्रताप सिंह, हेमराज रावत, आकाश कश्यप, शशांक वर्मा, दुर्गेश वर्मा, अभय सोनी, अभय प्रताप सिंह, अर्पित सिंह (जिला सचिव, छात्र प्रकोष्ठ), मोहम्मद अली, अजीत सिंह, पंचायत सदस्य संघ के प्रदेश संगठन मंत्री ध्रुव सिंह, ब्लाक अध्यक्ष सूरतगंज राहुल सिंह समेत सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दक्षिण अफ्रीका ने वर्ल्ड कप के लिए घोषित की टीम, वैन नीकेर्क बाहर

एजेंसी

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका की पूर्व कप्तान डेन वैन नीकेर्क को महिला वर्ल्ड कप की टीम में जगह नहीं मिली है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने बुधवार को 15 सदस्यीय मजबूत टीम का ऐलान किया। वैन नीकेर्क ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय संन्यास से वापसी की थी और तैयारी कैंप के लिए 20 सदस्यीय स्क्वॉड में शामिल थीं, लेकिन आखिरकार अंतिम चयन से बाहर हो गईं।

टीम की कमान लॉरा लौरा वोल्वार्ड्ट संभालेंगी। उनके साथ क्लोई ट्रायन, मरिजाने कप्प, सुने लूस और आयाबोंगा खाका जैसी अनुभवी खिलाड़ी टीम में शामिल हैं। विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी साइनलो जाफ्टा और कराबो मेसो निभाएंगी। खास बात यह है कि कराबो मेसो



पहली बार सीनियर वर्ल्ड कप खेलेंगी। युवा ऑलराउंडर मियाने स्मिट को ट्रैवलिंग रिजर्व के रूप में चुना गया है। वे पिछले साल टी20 वर्ल्ड कप में भी इसी भूमिका में थीं। टूर्नामेंट से पहले दक्षिण अफ्रीका की टीम पाकिस्तान का दौरा करेगी और वहां तीन वनडे खेलेगी। इसके बाद टीम 3 अक्टूबर को इंग्लैंड के खिलाफ वर्ल्ड कप अभियान की शुरुआत करेगी। इसके अलावा वे न्यूजीलैंड, भारत, बांग्लादेश, श्रीलंका, पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया से भी भिड़ेंगी।

हेड कोच मांडला मशिंबयी ने कहा, ल्लजब से मैंने इस टीम के साथ काम करना शुरू किया, हमारा लक्ष्य वर्ल्ड कप के लिए मजबूत तैयारी करना रहा है। हमें भरोसा है कि यह टीम दक्षिण अफ्रीका को गर्व महसूस कराएगी। अब बस जरूरत है इस विश्वास को हर कदम पर बनाए रखने की।

दक्षिण अफ्रीका की टीम

लौरा वोल्वार्ड्ट (कप्तान), आयाबोंगा खाका, क्लोई ट्रायन, नादिन डी क्लर्क, मरिजाने कप्प, ताजमिन ब्रिट्स, साइनलो जाफ्टा, नोंकुलुलेको मलाबा, एनेरी डेरक्सन, एनेके बॉश, मसाबाता क्लास, सुने लूस, कराबो मेसो, तूमी सेखुखुने, नोंडुमिसो शांगासे।

# भारत के सुकांत कदम एसएल4 पैरा बैडमिंटन श्रेणी में बने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय पैरा बैडमिंटन स्टार सुकांत कदम ने एसएल 4 कैटेगरी में वर्ल्ड नंबर-1 रैंकिंग हासिल कर नया इतिहास रच दिया है। यह पहली बार है, जब वे वैश्विक रैंकिंग के शीर्ष पर पहुंचे हैं। सुकांत ने पिछले कुछ वर्षों में वर्ल्ड पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप और एशियन पैरा गेम्स में कई पदक जीते हैं। हाल ही में उन्होंने स्पेनिश पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2025 में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी रैंकिंग और आत्मविश्वास को और मजबूती दी। अब उनका अगला लक्ष्य चाइना पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2025 है, जहां वे अपनी वर्ल्ड नंबर-1 स्थिति बरकरार रखने और 2026 एशियन गेम्स के लिए तैयारी करने उतरेंगे।

अपनी सफलता पर खुशी जताते हुए सुकांत कदम ने कहा, ल्लवर्ल्ड नंबर-1 बनना मेरे लिए किसी सपने के पूरे होने जैसा है। यह मुझे रोजाना और मेहनत



करने की प्रेरणा देता है। मेरा ध्यान अब चाइना पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल और अगले साल एशियन गेम्स पर है, जहां मैं भारत के लिए गोल्ड जीतना चाहता हूं।

उन्होंने आगे कहा, ल्लमैं चाहता हूं कि मेरी यह उपलब्धि भारत को गर्व महसूस कराए और आने वाली पीढ़ी के पैरा एथलीट्स को प्रेरित करे। मैं अपने कोच निखिल कानेतकर और मयंक गोले का आभारी हूं, जिन्होंने हमेशा मेरा मार्गदर्शन किया। साथ ही अपनी टीम को भी धन्यवाद, जो इस सफर में मेरे साथ खड़ी रही।

जुलाई, 2025 में सुकांत ने ब्रिटिश और आयरिश पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल में भी शानदार प्रदर्शन किया था। एसएल4 कैटेगरी के सेमीफाइनल में उन्होंने भारत के नवीन शिवकुमार को सीधे सेटों में हराया। हालांकि फाइनल में वे फ्रांस के पैरा ओलंपिक चैंपियन लुकास माजुर से कड़े मुकाबले में हारकर रजत पदक पर सिमट गए।

# मिडिल डिस्टेंस धावक परवेज़ खान पर डोपिंग के कारण 6 साल का बैन

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय मिडिल डिस्टेंस धावक परवेज़ खान को डोपिंग में पकड़े जाने और 12 महीने के भीतर तीन डोप टेस्ट मिस करने के चलते 6 साल का प्रतिबंध झेलना होगा।पिछले साल परवेज़ ने अमेरिकी कॉलेजिएट एथलेटिक्स में शानदार प्रदर्शन कर सबका ध्यान खींचा था, लेकिन इसके तुरंत बाद पंचकूला (हरियाणा) में आयोजित नेशनल इंटर-स्टेट चैम्पियनशिप में उनके सैंपल में प्रतिबंधित दवा एरिथ्रोपोएटिन (ईपीओ) पाई गई। इसके बाद उन्हें अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया था।ईपीओ क्या है? ईपीओ एक ऐसी दवा है जो लाल रक्त कोशिकाओं को बढ़ाती है और एथलीट्स की स्टैमिना बढ़ाने के लिए डोपिंग में इस्तेमाल की जाती है। मेडिकल क्षेत्र में इसका उपयोग कैंसर रोगियों के इलाज में किया जाता है। परवेज़ ने सैंपल उ की जांच नहीं करवाई और सैंपल इ की रिपोर्ट को ही स्वीकार कर लिया। इस अपराध के लिए सामान्य तौर पर 4 साल का प्रतिबंध लगता है। लेकिन इसके अलावा उन्होंने 12 मई, 10 जुलाई और 5 दिसंबर 2023 को तीन डोप टेस्ट भी मिस किए, जो अपने आप में दो साल का बैन लाता है। नेशनल एंटी-डोपिंग एजेंसी (नाडा) की एंटी-डोपिंग डिसिप्लिनरी पैनल (एडीडीपी) ने 6 अगस्त को दिए फैसले में कहा,ल्लखिलाड़ी का सैंपल ईपीओ पॉजिटिव पाया गया है। साथ ही उसने 12 महीने की अवधि में एक और एंटी-डोपिंग नियम का उल्लंघन किया है। इसलिए दोनों उल्लंघनों की सजा मिलाकर प्रतिबंध की अवधि 6 साल तय की जाती है। यह प्रतिबंध 28 अगस्त 2024 से लागू माना जाएगा, जब उन्हें अस्थायी निलंबन दिया गया था। इस दौरान 27 जून 2024 के बाद उनके सभी प्रतिस्पर्धी परिणाम रद्द कर दिए जाएंगे और जीते हुए पदक, अंक व पुरस्कार वापस लेने होंगे।

# आईओए और आईओसी की साझेदारी बहाल, अब खिलाड़ियों को मिलेगा सीधा फायदा

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के साथ साझेदारी के दोबारा शुरु होने और ओलंपिक सॉलिडेरिटी कार्यक्रमों की बहाली का स्वागत किया है। यह उपलब्धि भारतीय खेलों में हाल ही में हुए महत्वपूर्ण शासन सुधारों और प्रगति का प्रतीक मानी जा रही है।

आईओसी ने आईओए अध्यक्ष को भेजे एक पत्र में संघ और भारत सरकार के उठाए गए सकारात्मक कदमों की सराहना की, जिनका उद्देश्य जमीनी स्तर से लेकर एलीट स्तर तक खिलाड़ियों को सहयोग और समर्थन प्रदान करना है। आईओसी ने आईओए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीइओ) के रूप में रघुराम अय्यर की औपचारिक नियुक्ति और राष्ट्रीय खेल शासन




अधिनियम (नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस एक्ट) अपनाने को भारतीय खेल व्यवस्था की नींव मजबूत करने के लिए अहम माना है। ओलंपिक सॉलिडेरिटी कार्यक्रमों की बहाली से भारत के खिलाड़ियों को सीधा लाभ मिलेगा। इस पहल से खिलाड़ियों को प्रशिक्षण, तैयारी और ओलंपिक खेलों सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भागीदारी के लिए प्रत्यक्ष फंडिंग और विकास के अवसर उपलब्ध होंगे।

आईओए अध्यक्ष डॉ. पी.टी. उषा ने इस घोषणा को भारतीय खेलों के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया। उन्होंने कहा, ल्लयह आईओए और भारत सरकार के साझा संकल्प को दर्शाता है कि नई और परिवर्तनकारी खेल नीति के तहत खेल शासन में उच्चतम मानकों को बनाए रखा जाए। आईओसी के साथ यह नई साझेदारी हमारे खिलाड़ियों को उनके ओलंपिक सपनों को साकार करने में बड़ी भूमिका निभाएगी।

भारतीय ओलंपिक संघ ने आश्वासन दिया है कि वह आईओसी के साथ मिलकर भारत में ओलंपिक आंदोलन को और सशक्त बनाने और खिलाड़ियों को सतत समर्थन देने की दिशा में काम करता रहेगा।

# भारत में टिकाऊ विमान ईंधन का निर्यातक बनने की क्षमता: राममोहन नायडू

नई दिल्ली । केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने बुधवार को कहा कि भारत में न केवल सतत विमानन ईंधन (एसएएफ) की अपनी मांग को पूरा करने की क्षमता है, बल्कि वह एक निर्यातक के रूप में भी उभर सकता है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (आईसीएओ) के साथ साझेदारी में और यूरोपीय संघ के समर्थन से यहां भारत के लिए सतत विमानन ईंधन (एसएएफ) व्यवहार्यता अध्ययन को जारी करने के अवसर पर यह बात कही। नायडू ने कहा कि भारत के पास टिकाऊ विमानन ईंधन (एसएएफ) का निर्यातक बनने की क्षमता है, जो कार्बन उत्सर्जन कम करने का एक व्यावहारिक समाधान है। उन्?होंने कहा कि देश में 75 करोड़ टन से अधिक बायोमास और करीब 23 करोड़ टन अतिरिक्त कृषि अवशेष उपलब्ध हैं।

# त्रिकोणीय टी-20 सीरीज: अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को 18 रन से हराया, इब्राहिम, अतल ने लगाया अर्धशतक

एजेंसी

नई दिल्ली। शारजाह में खेले जा रहे त्रिकोणीय टी-20 सीरीज़ के तहत मंगलवार रात खेले गए मुकाबले में अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को 18 रन से हरा दिया। श्रृंखला में तीसरी टीम यूएई की है। अफगानिस्तान की जीत के नायक रहे इब्राहिम ज़ादरान (65) और सिदीकुल्लाह अतल (64), जिन्होंने शानदार अर्धशतक जमाए। इसके बाद गेंदबाज़ों ने सामूहिक प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान की पारी को दबाव में रखा। पाकिस्तान की ओर से फ़हीम अशरफ़ (4/27) सबसे सफल गेंदबाज़ रहे, लेकिन उनकी मेहनत टीम को जीत नहीं दिला सकी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। रहमानुल्लाह गुरबाज़ 8 रन बनाकर सैम अयूब का शिकार बने। इसके बाद अतल और इब्राहिम ने पारी संभाली और कई शानदार शॉट्स लगाए। दोनों ने नौवें ओवर में 50 रनों की साझेदारी पूरी की। 14वें ओवर में सूफ़ियान मुकीम के खिलाफ 20 रन लेकर मैच का रुख पलट दिया। इसी ओवर में अतल ने अपना दूसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक पूरा किया। दोनों के बीच 113 रनों की साझेदारी हुई।

अशरफ़ ने शानदार गेंदबाज़ी करते हुए इब्राहिम, उमरज़ई और करीम जन्नत को आउट किया। हालांकि, मोहम्मद नबी ने तेज़ पारी खेलकर अफगानिस्तान को 169/5 तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की शुरुआत ठीक रही। साहिबज़ादा फ़रहान ने छक्का जड़ा, लेकिन दूसरे छोर से सैम अयूब पहली ही गेंद पर फ़ज़लहक़ फ़ारूकी के शिकार हो गए। फ़खर ज़मान और फ़रहान ने रनगति तेज की, मगर जल्द ही दोनों आउट हो गए। सलमान अली आगा के रन-आउट होने से पाकिस्तान पर दबाव और बढ़ गया।

इसके बाद अफगान गेंदबाज़ों ने नियमित अंतराल पर विकेट झटके। नूर अहमद और मोहम्मद नबी ने दो-दो विकेट लिए, जबकि राशिद खान ने लगातार दो गेंदों पर दो विकेट लेकर पाकिस्तान की उम्मीदें पूरी तरह तोड़ दीं। आख़िर में हारिस रऊफ़ ने चार छक्के लगाकर थोड़ी चमक जरूर बिखेरी, लेकिन पाकिस्तान 20 ओवर में 151/9 तक ही पहुंच सका।

संक्षिप्त स्कोरःअफगानिस्तानः 169/5 (20 ओवर) – इब्राहिम ज़ादरान 65, सिदीकुल्लाह अतल 64; फ़हीम अशरफ़ 4/27, साइम अय्यूब 1/18 पाकिस्तानः 151/9 (20 ओवर) – हारिस रऊफ़ 34*, फ़खर ज़मान 25; नूर अहमद 2/20, मोहम्मद नबी 2/20

परिणामः अफगानिस्तान 18 रन से विजयी।

# स्टॉक मार्केट में अनलोन हेल्थकेयर की सपाट शुरुआत, निवेशक निराश

एजेंसी

नई दिल्ली। फार्मास्युटिकल इंटरमीडिएट्स और एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रेडिएंट्स का उत्पादन करने वाली कंपनी अनलोन हेल्थकेयर के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में सपाट स्तर पर एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 91 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई पर इसकी लिस्टिंग बिना किसी बदलाव के 91 रुपये के स्तर पर ही हुई, जबकि एनएसई पर 1 प्रतिशत प्रीमियम के साथ कंपनी के शेयर 92 रुपये के स्तर पर लिस्ट हुए।

लिस्टिंग के बाद भी कंपनी के शेयर सीमित दायरे में कारोबार करते रहे। पूरे दिन का कारोबार होने के बाद अनलोन हेल्थकेयर के शेयर बीएसई पर 91.66 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर 91.73 रुपये के स्तर पर बंद हुए। इस तरह पहले दिन के कारोबार के बाद अनलोन हेल्थकेयर के आईपीओ निवेशकों को करीब 0.8 प्रतिशत का ही मुनाफा हो सका।

अनलोन हेल्थकेयर का 121 करोड़ रुपये का आईपीओ 26 से 29 अगस्त के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 7 गुना सब्सक्राइब हुआ था। कंपनी ने अपने आईपीओ के लिए 86 से 91 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया था। इस आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपनी मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी का विस्तार करने, पुराने कर्जों को चुकाने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी।

# दो दिन के बाद शेयर बाजार में लौटी तेजी, शुरुआती कमजोरी के बाद उछले सेंसेक्स और निफ्टी

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार बुधवार को दिन के दूसरे सत्र में हुई खरीदारी के सपोर्ट से मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। आज के कारोबार की शुरुआत भी तेजी के साथ हुई थी। हालांकि, दिन के पहले सत्र में लिवालों और बिकवालों के बीच लगातार खींचतान चलती रही। इसके बाद दिन के दूसरे सत्र में बाजार में जोरदार खरीदारी देखने को मिली, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने भी बढ़त हासिल कर ली। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.51 प्रतिशत और निफ्टी 0.55 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज दिन भर के कारोबार के दौरान मेटल, फार्मास्यूटिकल, पीएसयू बैंक और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह एफएमसीजी, रियल्टी, इंफ्रास्ट्रक्चर, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल, ऑयल एंड गैस और एनर्जी इंडेक्स में भी तेजी का रुख बना




रहा। दूसरी ओर आईटी, टेक और मीडिया सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज खरीदारी का जोर बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.63 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.90 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब तीन लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 452.87 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 449.90 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.97 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,270 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,640 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,463 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 167 शेयर बिना किसी उतार

### बाजार की मजबूती से निवेशकों को 2.97 लाख करोड़ का मुनाफा

चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,778 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,884 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 894 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 22 शेयर बढ़त के साथ और 8 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 35 शेयर हरे निशान में और 15 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 138.11 अंक की मजबूती के साथ 80,295.99 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल भी ऊपर नीचे होने लगी। बिकवाली के दबाव में सेंसेक्स 153.28 अंक की कमजोरी के साथ 80,004.60 अंक तक गिर गया। हालांकि, दिन के दूसरे सत्र में खरीदारों ने पूरी तरह से बाजार पर अपना कब्जा जमा लिया। लगातार हो रही लिवाली के सपोर्ट से आज का कारोबार खत्म होने के कुछ देर पहले ये सूचकांक 513.40 अंक की मजबूती के साथ 80,671.28 अंक तक पहुंचने में सफल रहा। अंत में इंट्रा-डे सेटलमेंट के कारण हुई मामूली बिकवाली की वजह से सेंसेक्स ऊपरी स्तर से करीब 100 अंक फिसल कर 409.83 अंक की बढ़त के साथ 80,567.71 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 36.90 अंक उछल कर 24,616.50 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के बाद पहले सत्र के दौरान इस सूचकांक की चाल में लगातार उतार चढ़ाव होता रहा। बिकवाली के दबाव में निफ्टी 46.40 अंक टूट कर 24,533.20 अंक तक गिर गया। इसके बाद दिन के दूसरे सत्र में खरीदारी शुरू हो जाने की? वजह से इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई।

## संक्षिप्त समाचार

### यूएस ओपन 2025: जोकोविच ने फ्रिट्ज़ को हराकर सेमीफाइनल में किया प्रवेश

नई दिल्ली। न्यूयॉर्क के आर्थर ऐश स्टेडियम में मंगलवार को 38 वर्षीय नोवाक जोकोविच ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज़ को 6–3, 7–5, 3–6, 6–4 से हराकर यूएस ओपन 2025 के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अब उनका मुकाबला स्पेनिश स्टार कार्लोस अल्कराज से होगा।फ्रिट्ज़ के खिलाफ अपने अब तक के सभी 10 मुकाबले जीत चुके जोकोविच को इस बार भी कड़ी टक्कर मिली। पहले सेट में उन्होंने नौवें गेम में पांच ब्रेक प्वॉइंट बचाते हुए बढ़त बनाई और फिर दमदार क्रॉसकोर्ट शॉट के साथ दूसरा सेट भी अपने नाम किया। हालांकि चौथे सीड फ्रिट्ज़ ने संघर्ष करते हुए तीसरा सेट अपने पक्ष में किया और घरेलू दर्शकों में उम्मीद जगाई। लेकिन जोकोविच ने अपनी लय वापस हासिल करते हुए चौथे सेट में 5–4 की बढ़त बनाई और आखिरकार मैच को अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ जोकोविच का यूएस ओपन में अमेरिकी खिलाड़ियों के खिलाफ अपराजेय रिकॉर्ड 16–0 हो गया है। अब वह रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की राह पर मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं।

### एमएसपी पर कपास खरीद के लिए देशभर में 550 केंद्र स्थापित, गिरिराज सिंह ने की तैयारियों की समीक्षा

नई दिल्ली। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कपास की खरीद के लिए खरीफ विपणन सीजन 2025–26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को लागू करने से जुड़ी तैयारियों का जायजा लेने के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में सिंह ने कपास किसानों के हितों की रक्षा के लिये सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि एमएसपी दिशानिर्देशों के तहत मंडियों में आने वाली समूची कपास की खरीद बिना किसी व्यवधान के की जाएगी।कपड़ा मंत्रालय ने बुधवार को जानकारी दी कि केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने 2 सितंबर को नई दिल्ली में एक उच्च–स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में उन्होंने कहा कि 'डिजिटल इंडिया' दृष्टिकोण के अनुरूप एमएसपी के तहत कपास की खरीद से लेकर भंडार की बिक्री तक सभी प्रक्रियाएं अब पूरी तरह 'चेहरा–रहित' और 'कागज–रहित' हैं, जिससे किसानों एवं हितधारकों का विश्वास मजबूत हुआ है। इस बैठक में वस्त्र मंत्रालय की सचिव नीलम शमी राव, संयुक्त सचिव (फाइबर) पद्मिनी सिंगला, भारतीय कपास निगम (सीसीआई) के सीएमडी ललित कुमार गुप्ता और वस्त्र मंत्रालय तथा भारतीय कपास निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कपड़ा मंत्रालय के मुताबिक इस सत्र से कपास किसान 'आधार' पर आधारित पंजीकरण खुद कर सकेंगे, सात दिन की रोलिंग स्लॉट बुकिंग भी 'कपास–किसान' मोबाइल ऐप के जरिए की जा सकेगी। मंत्रालय ने कहा कि इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और नेशनल ऑटोमेटेड क्लियरिंग हाउस के जरिये किसानों के बैंक खातों में सीधे भुगतान होगा। पिछले साल शुरू की गई एसएमएस–आधारित भुगतान सूचना सेवा भी जारी रहेगी। मंत्रालय ने कहा कि प्रमुख कपास उत्पादक राज्यों में रिकॉर्ड 550 खरीद केंद्र स्थापित किए गए हैं। एमएसपी पर कपास की खरीद एक अक्टूबर से उत्तरी राज्यों में, 15 अक्टूबर से मध्य भारत में और 21 अक्टूबर से दक्षिणी राज्यों में शुरू होगी। मंत्रालय ने बताया कि पर्याप्त जनशक्ति, लॉजिस्टिक समर्थन और ढांचागत व्यवस्था कपास विपणन सत्र शुरू होने से पहले ही उपलब्ध करा दी जाएगी।

### कोयला और लिग्नाइट खदानों के लिए 4 सितंबर को मुंबई में दिया जाएगा स्टार रेटिंग पुरस्कार

नई दिल्ली,। कोयला मंत्रालय 4 सितंबर को मुंबई में कोयला और लिग्नाइट खदानों के लिए स्टार रेटिंग पुरस्कार समारोह आयोजित करेगा। इस कार्यक्रम में भारत भर की कोयला और लिग्नाइट खदानों को परिचालन उत्कृष्टता, पर्यावरण संरक्षण, सुरक्षा और सामुदायिक विकास में उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया जाएगा। कोयला मंत्रालय के मुताबिक स्टार रेटिंग पुरस्कार समारोह में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी मुख्य अतिथि के रूप में और केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे उपस्थित रहेंगे। उनके अलावा कोयला मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, कोयला क्षेत्र की सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के प्रतिनिधि और उद्योग जगत के हितधारकों की भी इस अवसर पर मौजूदगी रहेगी।

# शहरी क्षेत्रों में यातायात सुगम बनाना प्राथमिकता : गडकरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शहरों में भीड़भीड़ को देखते हुए यातायात की व्यवस्था को सुचारू बनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा है कि इसके लिए प्राथमिकता के आधार पर ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि शहरों में यातायात के संचालन के लिए रिंग रोड तथा बाईपास जैसी व्यवस्था पर ध्यान केंद्रित कर ऐसे उपाय किये जाने चाहिए कि शहरी क्षेत्र में बाहरी वाहनों का दबाव कम हो लम्बी दूरी के वाहनों को शहर के बाहरी इलाके से ही अपने गंतव्य तक भेजा जा सके। उनका कहना था कि इस बारे में वह सहयोगी मंत्रियों तथा अधिकारियों से चर्चा कर रहे हैं।



श्री गडकरी ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा, शहरी क्षेत्रों के आसपास राष्ट्रीय राजमार्गों के सतत विकास के लिए नवीन नीतिगत उपायों पर एक परामर्श कार्यशाला की अध्यक्षता की। मंत्रालय में राज्य मंत्री अजय टम्टा जी तथा हर्ष मल्होत्रा जी, राज्य सरकार के अधिकारी और नगर निगम आयुक्त इसमें शामिल हुए। कार्यशाला के दौरान की चर्चा में रिंग रोड और बाईपास का निर्माण कर शहरी राष्ट्रीय राजमार्गों पर भीड़भाड़ कम करने, नवीन मूल्य ग्राही वित्तपोषण मॉडल अपनाने और शहर के मास्टर प्लान के साथ निर्बाध संरेखण सुनिश्चित करने पर विचार किया गया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार की योजना प्राथमिकता के अनुरूप इन उपायों के अनुरूप शहरी विकास के लिए यातायात कम करने पर फोकस कर रिंग रोड के प्रभाव क्षेत्रों में नियोजित और विनियमित विकास को गति दी जाएगी तथा भीड़भाड़ कम कर टिकाऊ एवं भविष्य के लिए तैयार बुनियादी ढाँचे के प्रति उनकी सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप कनेक्टिविटी बढ़ाएंगे।

# नौसेना का युद्धपोत त्रिकंद 'ब्राइट स्टार' अभ्यास में दिखायेगा अपना जौहर

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय नौसेना का स्टील्थ युद्धपोत आईएनएस त्रिकंद बहुराष्ट्रीय अभ्यास 'ब्राइट स्टार' में हिस्सा लेने के लिए मिस्र पहुंच गया है जहां वह रण कौशल के अपने जौहर दिखाने के लिए तैयार है। दस सितम्बर तक चलने वाले इस अभ्यास में नौसेना के साथ-साथ भारतीय वायु सेना और सेना की टुकड़ियां भी हिस्सा ले रही हैं। आईएनएस त्रिकंद

भूमध्य सागर में तैनात था जहां से वह इस अभ्यास में हिस्सा लेने के लिए मिस्र गया है।

'ब्राइट स्टार 2025' वायु, थल और समुद्री क्षेत्रों में अमेरिकी मध्य कमान का एक बहुपक्षीय अभ्यास है जो क्षेत्रीय सुरक्षा और सहयोग को बढ़ावा देने के साथ साथ उसे मज़बूत करता है। यह हाइब्रिड ख़तरे



के परिदृश्यों के विरुद्ध अनियमित युद्ध में अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाता है। अमेरिका, मिस्र और भारत के अलावा, सऊदी अरब, कतर, ग्रीस, साइप्रस और इटली की सेनाओं के भी इस अभ्यास में भाग लेने की उम्मीद है।

मिस्र के अलेक्जेंड्रिया में बंदरगाह प्रवास के दौरान आईएनएस त्रिकंद द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग को बढ़ाने के लिए कई गतिविधियों में भी शामिल होगा। इनमें वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ चर्चा, क्रॉस-डेक दौरे, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और लोगों के बीच संबंधों को बढ़ावा देने के लिए खेलों का आयोजन शामिल हैं।

इस क्षेत्र में आगामी बंदरगाह यात्राओं के साथ त्रिकंड की परिचालन तैनाती का मुख्य उद्देश्य भूमध्य सागर में पेशेवर नौसैनिक गतिविधियाँ हैं ताकि साझेदार समुद्री देशों के साथ अंतर-संचालन को बढ़ावा दिया जा सके। इन संवादों का उद्देश्य प्रक्रियाओं में समानताओं को मज़बूत करना और सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान करना है जो पारंपरिक और गैर-पारंपरिक समुद्री खतरों के विरुद्ध संयुक्त अभियानों में सहायक होंगी।

## भूटान के जे खेंपो और प्रधानमंत्री तोबगे राजगीर में शाही मंदिर समारोह के लिए भारत यात्रा पर

**नयी दिल्ली।** भूटान के जे खेंपो, मुख्य मठाधीश ट्रुलकु जिग्मे चोएद्रा और भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे बुधवार को चार दिन की आधिकारिक यात्रा पर भारत आ रहे हैं जहां वे गुरुवार को बिहार के राजगीर में शाही भूटान मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे। भूटान के प्रधानमंत्री के साथ उनकी पत्नी ओम ताशी डोमा भी आ रही हैं। ये सभी आज सीधे बिहार के गयाजी पहुंचेंगे। विदेश मंत्रालय ने आज बताया कि प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के बाद भूटान के प्रधानमंत्री अयोध्या स्थित श्री राम मंदिर भी जाएँगे। राजगीर स्थित शाही भूटान मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा भारत और भूटान के बीच बौद्ध धर्म की साझा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। इस मंदिर के लिए भूमि बिहार सरकार द्वारा प्रदान की गई है। परम

## बाढ़ प्रभावित राज्यों के लिए विशेष पैकेज घोषित करें सरकार-राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश तथा उत्तराखंड में भारी बारिश से मची तबाही पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इन राज्यों के लिए विशेष राहत पैकेज घोषित करने की मांग की है। श्री गांधी ने कहा कि इन राज्यों की स्थिति आपदाओं के कारण अत्यंत वीभत्स हो गई है और वहां जन जीवन संकट में आ गया है इसलिए सरकार को प्रभावित राज्यों के लिए और विशेषकर किसानों के हित में विशेष राहत पैकेज की घोषणा करनी चाहिए। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने सोशल मीडिया एक्स पर बुधवार को एक पोस्ट में प्रधानमंत्री को संबोधित करते हुए कहा ''मोदी जी, पंजाब में बाढ़ ने भयंकर तबाही मचाई है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में भी स्थिति बेहद चिंताजनक है। ऐसे मुश्किल समय में आपका ध्यान और केंद्र सरकार की सक्रिय मदद अत्यंत आवश्यक है। हज़ारों परिवार अपने घर, जीवन और अपनों को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा ''मैं आग्रह करता हूं कि इन राज्यों के लिए, खासतौर पर किसानों के लिए विशेष राहत पैकेज की तत्काल घोषणा की जाए और राहत एवं बचाव कार्यों को तेज़ किया जाए।

# मध्यप्रदेश से फिलहाल कहीं नहीं जाएंगे चीते, सरकार का अभी दूसरे राज्यों को नहीं देने का निर्णय

एजेंसी

भोपाल, श्योपुर। दक्षिण अफ्रीका से मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले स्थित कूनो नेशनल पार्क में लाए गए चीतों को मध्यप्रदेश सरकार फिलहाल किसी और राज्य को नहीं सौंपने जा रही है, ऐसे में ये चीते अभी मध्यप्रदेश में ही अपना कुनबा बढ़ाएंगे।

वन विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अशोक बर्णवाल ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि फिलहाल चीतों की शिफ्टिंग नहीं होगी। उच्च स्तर पर हुई बातचीत के बाद यह तय हो सका है।

दरअसल प्रशासन ने तय किया है कि जब तक कूनो में चीतों का कुनबा नहीं बढ़ता, तब तक दूसरे राज्यों के साथ उनकी आवाजाही नहीं की जाएगी। सूत्रों के अनुसार यह प्रक्रिया फिलहाल रोक दी गई है। चीतों की राजस्थान के साथ आवाजाही को लेकर मध्यप्रदेश और राजस्थान सरकार के बीच एक सहमति पत्र हुआ था, जिसमें चीतों के लिए दोनों राज्यों के बीच एक कॉरिडोर बनाने की बात कही गई थी। इसके तहत चीतों को राजस्थान के मुकंदरा रिजर्व के क्षेत्र में भेजने की बात थी। इसके लिए विशेषज्ञों ने गोलमेज बैठक में चर्चा की थी, पर अब मध्यप्रदेश ने तय किया है कि जब तक एक लक्ष्य के तहत प्रदेश में चीतों की संख्या नहीं बढ़ जाती, तब तक इनकी आवाजाही को दूसरे राज्य के साथ साझा नहीं किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक यद्यपि चीते स्वेच्छा से अगर आवाजाही करते हैं तो उन्हें बाड़ाबंदी कर रोका भी नहीं जाएगा, बल्कि निगरानी बढ़ाई जाएगी। चीतों के लिए अच्छा माहौल तैयार करने और दूसरे राज्यों के साथ समझौता फिलहाल स्थगित कर दिया है। सूत्रों का कहना है कि प्रोजेक्ट चीता के तहत चीतों को विभिन्न स्थानों पर स्थापित करने का एक प्रस्ताव है। इस प्रस्ताव के तहत चीतों के लिए एक बड़ा कॉरिडोर बनाया जाना शामिल है।

नवंबर 2024 में मध्यप्रदेश सहित राजस्थान के कुछ हिस्से को मर्ज कर 17000 वर्ग किमी का एक कॉरिडोर प्रस्तावित किया गया था। इसका उद्देश्य चीतों को अपना क्षेत्र स्थापित करने और आवागमन को सुरक्षित बनाने में उनकी मदद करना था, लेकिन फिलहाल ऐसा नहीं होगा। वन विभाग का मानना है कि एक से दूसरे राज्य के बीच चीतों की आवाजाही होने का फायदा शिकारी उठा सकते हैं। हालांकि चीतों की ट्रेकिंग के लिए निगरानी तंत्र विकसित करने की योजना है। बताया गया है कि दूसरे राज्यों के बीच चीतों का मूवमेंट बढ़ने से बाघ और तेंदुओं के साथ उनके संघर्ष में किसी को भी नुकसान हो सकता है। कूनो में चीते नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से भारत लाए गए थे।

# कांग्रेस पार्टी की मोहब्बत की दुकान फर्जीवाड़े और फरेब का बाजार है: भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को कंांग्रेस नेता पवन खेड़ा पर दो वोटर कार्ड के आरोप लगाने के बाद उनकी पत्नी पर भी दो वोटर कार्ड रखने आरोप लगाया है।

भाजपा प्रवक्ता शाजिया इल्मी ने कहा कि कंांग्रेस पार्टी, जो अपने को मोहब्बत की दुकान कहती है, असल में फर्जीवाड़े और फरेब का बाजार है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में कंांग्रेस की वोटर अधिकार यात्रा सिर्फ जनता को भरमाने के लिए की गयी थी।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि कंांग्रेस पार्टी के नेता श्री खेड़ा के पास दो-दो ईपीआईसी कार्ड मिलने के बाद उनकी पत्नी 2023 में 60 खैरताबाद विधानसभा तेलंगाना में उम्मीदवार थीं, उनके पास भी दो ईपीआईसी कार्ड मिले हैं।

उन्होंने कहा कि सुश्री नीलिमा के पास नयी दिल्ली का भी एक ईपीआईसी कार्ड भी है। सुश्री इल्मी ने कहा कि जैसा कि आप लोग जानते हैं इटली की नागरिक होने के बाद भी कंांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अपने आप को 1980 में वोटर लिस्ट में शामिल किया था यानी की वह भारतीय नागरिक बाद में बनीं, वोटर लिस्ट में उनका नाम पहले शामिल हो गया। उन्होंने कहा कि कंांग्रेस ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि उसे लोकतंत्र से मतलब नहीं है, उसे वोट छलावे से मतलब है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि हम मांग करते हैं, चुनाव आयोग इसकी उच्च स्तरीय जांच करे और दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करे।

# पेज एक का शेष

## दीपोत्सव के अवसर...

जा रहे दीपोत्सव कार्यक्रम को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए पर्यटन विभाग कोई कसर नहीं छोड़ रहा। दीपोत्सव कार्यक्रम से पूर्व ड्रोन शो का रिहर्सल भी किया जाएगा, जिससे ड्रोन शो के सही क्रम को परखा जाएगा। राम की पैड़ी पर इस ड्रोन शो का आयोजन किया जाएगा। पर्यटन मंत्री ने बताया कि अयोध्या दीपोत्सव केवल प्रदेश ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण भारत की आस्था, संस्कृति और आध्यात्मिकता का विश्वस्तरीय प्रतीक बन चुका है। प्रभु श्रीराम की नगरी में दीपोत्सव का यह पर्व हमारे लिए गर्व का अवसर है, जहां परंपरा और आधुनिकता का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। दीपों की यह श्रृंखला न केवल श्रीराम के आदर्शों का स्मरण कराती है, बल्कि विश्व बंधुत्व और सबका साथ-सबका विश्वास और सबका प्रयास का संदेश भी देती है। उल्लेखनीय है कि कल 02 सितम्बर को पर्यटन भवन में दीपोत्सव अयोध्या तथा देव दिपावली काशी को भव्य ढंग से आयोजित करने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक मा0 पर्यटन मंत्री जी की अध्यक्षता में की गई थी।

## 2021 के दरोगा भर्ती में ...

से ज्यादा नंबर मिले थे। इस चयन प्रकिया में अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षा तथा शारीरिक दक्षता परीक्षा के समय सैकड़ों दरोगा के पद पर चयनित अभ्यर्थियों को भर्ती केन्द्र से ही एफआईआर 07 मई 2022 को अन्तर्गत धारा 420, 120बी0 आईपीसी व 9/10 उप्र सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम 1998 व 66 डी आईटी एक्ट, थाना महानगर जनपद लखनऊ में दर्ज कराने के बाद गैर कानूनी तरीके से जेल भेज दिया गया था। दरोगा पद के अभ्यर्थियों को शारीरिक मानक परीक्षा एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा में भाग नहीं लेने दिया गया। कई अभ्यर्थी भर्ती केन्द्र से ही जेल जाने के डर से बगैर शारीरिक मानक परीक्षा एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा दिये ही अपने-अपने घर वापस चले गये। याचियों की तरफ से पेश हुये वरिष्ठ अधिवक्ताओं का कहना था कि उक्त दरोगा पद की भर्ती प्रक्रिया राज्य सरकार द्वारा सभी नियम एवं कानून को ताक पर रख की गयी है एवं दरोगा पद के अभ्यर्थियों को नियम एवं कानून के विरूद्ध शारीरिक मानक परीक्षा एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा के परीक्षा केन्द्र से ही जेल भेज दिया गया। तथा याचियों के ऊपर जो आरोप लगाये गये है, उसके सम्बन्ध में कोई भी जांच सम्पादित नहीं करायी गयी। याचियों को कोई सुनवाई का अवसर नहीं प्रदान किया गया तथा नियम एवं कानून के विरूद्ध उनको शारीरिक मानक परीक्षा एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा में सम्मिलित नही होने दिया गया था।

## जातीय रैलियों को ...

आयोग एवं चार राजनीतिक दलों कंाग्रेस, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), समाजवादी पार्टी (सपा) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) से जवाब मांगा था। याचिकाकर्ता ने यह याचिका वर्ष 2013 में दायर की थी। उसका कहना था कि उत्तर प्रदेश में जातियों पर आधारित राजनीतिक रैलियों की बाढ़ आ गयी है। सियासी दल ब्राहमण रैली, क्षत्रिय रैली, वैश्य सम्मेलन आदि नाम देकर अंधाधुंध जातीय रैलियां कर रहे हैं, जिन पर रोक लगाई जानी चाहिए।

## जैसी मनोदशा...

और 2027 तक तीसरी बनेगा। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। अगर यही गति रही, तो 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य संभव है। उत्तर प्रदेश के संदर्भ में सीएम ने कहा कि 1947 और 1960 तक यूपी का राष्ट्रीय जीडीपी में योगदान 14% था, लेकिन 2016-17 तक यह 8% हो गया और यूपी आठवीं अर्थव्यवस्था बन गया। बीते आठ वर्षों में हमने निराशा को उत्साह में बदला। आज उत्तर प्रदेश देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रकृति और परमात्मा की कृपा से यूपी के पास सब कुछ है, बस संकल्प की जरूरत है। सीएम ने प्रख्यात वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु का जिक्र करते हुए कहा कि जैसी मनोदशा होगी, वैसा विकास होगा। बसु ने दो पौधों पर प्रयोग किया, एक को प्रेरित किया, तो वह बड़ा वृक्ष बना, जबकि दूसरे को धिक्कारा, तो वह मुरझा गया। उन्होंने कहा कि यह जीव मात्र पर लागू होता है। मनुष्य ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति है। यूपी और भारत की स्थिति भी यही थी। नकारात्मकता से निराशा बढ़ी, लेकिन अब उत्साह का माहौल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2016-17 से पहले यूपी बीमारू कहलाता था, लेकिन अब सकारात्मक बदलाव आया है। जीएसडीपी 13 लाख करोड़ से बढ़कर इस वर्ष 35 लाख करोड़ होने जा रही है। प्रति व्यक्ति आय में भी वृद्धि हुई है। कोविड काल में वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना से एमएसएमई को बढ़ावा मिला, जिससे निर्यात 2 लाख करोड़ तक पहुंचा। कोविड में 1 करोड़ लोगों को रहने-खाने की व्यवस्था दी गई, जिसमें 40 लाख यूपी के कारीगर थे। एक भावुक किस्सा साझा करते हुए सीएम योगी ने कहा कि बिहार चुनाव के दौरान एक गरीब व्यक्ति ने खाली डिब्बा दिखाकर उन्हें धन्यवाद दिया, जो कोविड के समय में यूपी में मिले भोजन का था। उन्होंने कहा कि यह सेवा का भाव है, जो लोगों के मन में विश्वास जगाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अभियान का पहला चरण प्रबुद्धजनों के साथ अकादमिक संस्थानों में गोष्ठियों से शुरू होगा। इसके बाद इसमें प्रदेश के मंत्री, सांसद, विधायक व केंद्रीय मंत्री भी शामिल होंगे। हर ग्राम पंचायत और नगर निकाय के वार्ड में संकल्प लिया जाएगा। सुझाव क्यूआर कोड के माध्यम से लिए जाएंगे, जो शॉर्ट, मीडियम और लॉन्ग टर्म प्लानिंग पर आधारित होंगे। उन्होंने कहा कि विधानसभा में सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल पर 36 घंटे और विकसित उत्तर प्रदेश पर 27 घंटे चर्चा हुई, जिसमें सभी दलों ने हिस्सा लिया। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की बात का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि विकसित परिवार और गांव से विकसित भारत बनेगा।

## एआई साइबर सिक्योरिटी...

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज हम जिस विषय पर एकत्र हुए हैं, वह केवल इंडस्ट्रीएकेडमिया सहयोग का 'समन्वय' ही नहीं है, बल्कि पूरी दुनिया के सामने खड़ी चुनौतियों से जुड़ा हुआ है। ये चुनौतियां सीधे-सीधे आम नागरिक के जीवन स्तर को प्रभावित करती हैं। इसीलिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), साइबर सिक्योरिटी और सतत विकास (सस्टेनेबिलिटी) जैसे तीन महत्वपूर्ण स्तंभों पर तकनीकी सत्र होंगे और चर्चा होगी। न्होंने कहा कि कभी 17वीं शताब्दी तक भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। वैश्विक जीडीपी में हमारा योगदान 25 प्रतिशत तक था लेकिन 150-200 वर्षों में ऐसा क्या कुछ हुआ कि यह लगातार गिरता गया और 1947 तक आते-आते भारत का योगदान केवल दो प्रतिशत रह गया। सीएम योगी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में हमने भारत को बदलते हुए देखा है। आज भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और अगले दो वर्षों में तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। आगे चलकर हमें दूसरी अर्थव्यवस्था बनने का अवसर भी मिलेगा। यह यात्रा केवल आर्थिक विकास की नहीं है, बल्कि विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आईआईटी कानपुर का गौरवशाली इतिहास है। पिछले छह दशकों में इस संस्थान ने देश को तकनीक की दिशा में बहुत कुछ दिया है। हाल ही में मैंने नोएडा में ड्रोन टेक्नोलॉजी केंद्र का दौरा किया। वहां आईआईटी कानपुर से जुड़े लोग भी मिले। मैंने देखा कि हमारे युवा नई सामरिक चुनौतियों का सामना करने के लिए कैसे तैयार हो रहे हैं। आईआईटी कानपुर भी उसमें अपना योगदान दे रहा है। हमें हमेशा यह विश्वास रखना चाहिए कि हम कर सकते हैं। दुनिया का सबसे प्राचीन विश्वविद्यालय तक्षशिला भी भारत में था। वहीं से चरक और सुश्रुत जैसे आयुर्वेदाचार्य निकले। यही हमारी परंपरा है कि हर अक्षर, हर वनस्पति और हर मनुष्य में कुछ बनने की क्षमता होती है। बस एक जोड़ने वाले की आवश्यकता होती है। मुझे विश्वास है कि आईआईटी जैसे संस्थान वही जोड़ने का काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि 1947 में उत्तर प्रदेश का योगदान राष्ट्रीय जीडीपी में 14 प्रतिशत तक था। लेकिन 2017 तक यह घटकर केवल सात से आठ प्रतिशत रह गया। निराशा का माहौल था, उद्योग निवेश नहीं करना चाहते थे, युवा पलायन कर रहे थे। कभी समृद्ध रहा प्रदेश बीमारू कहलाने लगा। पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदली है। आज प्रदेश, देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। बेहतर सुरक्षा, निवेश, बुनियादी ढांचा और सुशासन के साथ यूपी ने नए मानक स्थापित किए हैं। हर क्षेत्र में परिवर्तन दिखाई दे रहा है। सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स के क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश ने नेतृत्व किया है। प्रदेश की विधान सभा देश की पहली विधान सभा है, जिसने लगातार 36 घंटे चर्चा कर यह तय किया कि कैसे सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स पूरे किए जा सकते हैं। आज शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, जल प्रबंधन हर क्षेत्र में ठोस काम हो रहा है। मुख्यमंत्री ने बुंदेलखंड का उदाहरण देते हुए कहा कि कभी यह इलाका सूखे, पलायन और डकैतों की समस्या से जूझता था। आज यहां हर घर नल से जल पहुंच रहा है, खेतों तक सिंचाई हो रही है और डिफेंस कॉरिडोर के दो महत्वपूर्ण नोड (चित्रकूट और झांसी) में निवेश आ रहा है। पहले जहां किसान सालाना 5000 रुपये कमाता था, आज वही किसान 50,000 रुपये तक कमा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण की दिशा में भी प्रदेश ने मिसाल कायम की है। पिछले आठ वर्षों में 240 करोड़ पौधरोपण कर एक नया रिकॉर्ड बनाया गया है। फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टिट्यूट भी मान चुका है कि उत्तर प्रदेश में वन क्षेत्र बढ़ा है। यही सतत विकास की ओर हमारे प्रयासों का प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि साइबर सुरक्षा आज की सबसे बड़ी चुनौती है। 2017 में केवल दो साइबर थाने थे, वह भी सक्रिय नहीं थे। आज प्रदेश के 75 जिलों में साइबर थाने हैं, 1500 से अधिक थानों में साइबर डेस्क है और राज्य साइबर एवं फॉरेंसिक संस्थान की स्थापना भी हो चुकी है लेकिन अभी और बहुत कुछ करना बाकी है। इसी दिशा में हम आईआईटी कानपुर के साथ मिलकर कार्य करना चाहते हैं। मेरा मानना है कि भारत का पहला डीप-टेक भारत 2025 मॉडल तैयार करने में आईआईटी कानपुर इसका केंद्र बने। गौतमबुद्धनगर में हमने इसके लिए कुछ भूमि भी अलॉट की है। इस अवसर पर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री राकेश सचान,आईआईटी कानपुर के डायरेक्टर प्रो. मणींद्र अग्रवाल, चीफ टेक्नोलॉजी अफसर टीसीएस डॉ. हैरी क्वीन, डिप्टी डायरेक्टर आईआईटी कानपुर प्रो. ब्रजभूषण मौजूद रहे।

## पाक-अफगानिस्तान...

नहीं है लेकिन अगर वे नेपाल या भूटान के अलावा किसी अन्य देश से भारत लौटते हैं (चीन, मकाऊ, हॉन्गकॉन्ग और पाकिस्तान को छोड़कर), तो उन्हें मान्य पासपोर्ट दिखाना होगा। भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना के कर्मियों को जो ड्यूटी पर भारत में एंट्री या बाहर जा रहे हैं, उनके परिवार के सदस्यों को (अगर वे सरकारी परिवहन के साथ यात्रा कर रहे हों) पासपोर्ट या वीजा की जरूरत नहीं होगी।

## नायब तहसीलदार...

अस्पताल बिजनौर में भर्ती कराया गया जहां कुछ घंटे के बाद ही डॉक्टर ने उनको मृत घोषित कर दिया। इस दौरान डीएम,एसपी सहित अस्पताल में जिला प्रशासन के अधिकारियों की भीड़ लगी रही। बताया गया कि नायब तहसीलदार राजकुमार सिंह आज सवेरे ही इलाहाबाद से बिजनौर वापस लौटे थे, उसके कुछ समय बाद ही उन्होंने स्वयं को कमरा बंद कर कनपटी पर गोली मार ली। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है चर्चा के अनुसार घरेलू कलह इसका मुख्य कारण हो सकता है।

## वाहन चेकिंग के दौरान...

व्यक्ति देश/प्रदेश के विभिन्न वरिष्ठ अधिकारीगण का नाम गिनाते हुए देख लेने की धमकी देते हुए इधर-उधर झांकने लगा। गहनता से पूछताछ करते हुए वाहन पर सवार व्यक्ति से उसका नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली गयी तो वाहन के पीछे सीट पर बैठे व्यक्ति द्वारा अपना नाम सौरभ त्रिपाठी पुत्र डा विनोद कुमार तिवारी बताया। सौरभ ने अपना पता निवासी ए-101- गरिमा विहार सेक्टर 35 नोएडा थाना सेक्टर 24 गौतमबुद्ध नगर, वर्तमान पता बी-1-1301 बिलगेडियर कोट-1 शालीमार वन वर्ड गोमती नगर विस्तार मूल निवासी नियर फातिमा अस्पताल इमलिया मऊ बीटीसी स्कूल के सामने थाना सराय लखन्सी जनपद मऊ बताया। उक्त व्यक्ति के पास से बरामद वाहनो पर लगे हुए वाहन पास के बारे में सम्बन्धित विभाग से जरिये दूरभाष जानकारी की गयी तो सभी पास फर्जी एवं कूटरचित पाये गये। जो उक्त व्यक्ति द्वारा स्वतः तैयार किये थे तथा कूटरचित स्वीकार किया जाना बताया गया। उक्त व्यक्ति से बरामद गाडियो के प्रपत्र मांगने पर नही दिखा सका। इतना ही नही उक्त व्यक्ति के आधार कार्ड एवं ड्राइविंग लाइसेंस व पूछताछ के दौरान बताये गये नाम पता में भिन्नता पायी गयी, जो सही प्रतीत नहीं हुई। उक्त व्यक्ति से जब उसके पास मौजूद सामान एवं उसके संबंध में की गयी पता चला कि कि यह व्यक्ति कोई आईएएस आफिसर नही बल्कि फर्जी व्यक्ति है। जो कि कूटरचित सचिवालय पास कूटरचित आईएएस का परिचय पत्र तथा विजिटिंग कार्ड एवं एनआईसी की फर्जी मेल आईडी बनाकर उसका प्रयोग कर भिन्न भिन्न प्रदेशो के विभिन्न जिलो में अनुचित आर्थिक लाभ, आदि प्राप्त किया गया है। गहनता से पूछताछ के दौरान उसने बताया कि मेरे पास कुछ अन्य गाड़ियां भी है। जिनमें लाल नीली बत्ती व फर्जी कूटरचित पास तथा उत्तर प्रदेश शासन एवं भारत सरकार आदि लिखा है। गाडियो के बारे में पूछने पर बताया कि गाड़ियां गोमती नगर विस्तार लखनऊ स्थित मेरे आवास पर खड़ी है। अभियुक्त सौरभ त्रिपाठी की निशादेही पर पाँच अन्य चारपहिया वाहन क्रमशः वाहन सं0 यूपी 32 पीएक्स 9928 इन्नोवा क्रिस्टा बारंग सफ़ेद पर लाल नीली बत्ती तथा संयुक्त सचिव भारत सरकार की कूटरचित नम्बर प्लेट लगी है। इसी तरह वाहन सं बीआर 01 एफजी 0028 रेंज रोवर डिफ़ेन्डर बारंग सफ़ेद जिस पर सचिवालय पास लगा मिला। वाहन सं यूपी 32 क्यूटी 5060 इन्नोवा क्रिस्टा बारंग सफ़ेद जिस पर उत्तर प्रदेश शासन लिखा है। वाहन सं यूपी 32 पीके 2800 मर्सिडिज बेन्ज सी 220 डी बारंग सिल्वर जिस पर सचिवालय पास लगा है। वाहन सं यूपी 32 पीएच 0065 इन्नोवा क्रिस्टा बारंग सफ़ेद जिस पर उत्तर प्रदेश शासन लिखा हुआ मिला। उक्त वाहनो पर लगे हुए वाहन पास के बारे में पुलिस ने जब सम्बन्धित विभाग से जरिये दूरभाष जानकारी की गयी तो सभी पास फर्जी एवं कूटरचित पाये गये। जिसके बाद पुलिस ने फर्जी अधिकारी को गिरफ्तार कर लिया है।

## भारत और जर्मनी...

विशेष रूप से फायदा होगा। उन्होंने अपनी एक दिन पहले की बेंगलुरू यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने नवाचार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की छलांग को स्वयं देखा है। उन्होंने कहा कि तेजी से बढती अर्थव्यव्था और सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत का दुनिया में विशेष महत्व है जो रणनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। जर्मन विदेश मंत्री ने कहा कि जहां तक आतंकवाद का मुद्दा है तो आत्मरक्षा से जुड़े इस मामले में जर्मनी दृढ़ता से भारत के पक्ष में खड़ा है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि अंतर्राष्ट्रीय नियमों पर आधारित व्यवस्था के मामले में भी जर्मनी, भारत और कई अन्य देशों से सहमत है। डा. जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों ने राजनीतिक सहयोग, सुरक्षा और प्रतिरक्षा, आर्थिक संबंध, अनुसंधान और भविष्य की प्रौद्योगिकि, जलवायु और ऊर्जा के साथ-साथ शिक्षा, कौशल विकास, गतिशीलता और लोगों के बीच आदान-प्रदान जैसे मुद्दों पर विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध भारत की लड़ाई के संबंध में जर्मनी की समझ का भी भारत स्वागत करता है।

## जब तक सारे...

बंद कर दिए तथा सरकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचने से रोका। लेकिन अब नक्सल विरोधी अभियानों के परिणामस्वरूप पशुपतिनाथ से लेकर तिरुपति तक के क्षेत्र में साढ़े छह करोड़ लोगों के जीवन में नया सूर्योदय हुआ है। उन्होंने आश्वस्त किया कि नक्सलविरोधी अभियानों में गंभीर शारीरिक क्षति झेलने वाले सुरक्षाबल जवानों और उनके परिवारों के जीवन को सुचारू रूप से चलाने के लिए मोदी सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार हरसंभव सहायता प्रदान कर रही है।

# यूपीएससी शताब्दी वर्ष पर बनेगा 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस', 'प्रतिभा सेतु' पोर्टल को मिली सराहना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली । संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने अपनी शताब्दी वर्ष (1 अक्टूबर 2025 से 1 अक्टूबर 2026) के अवसर पर 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' (सीओई) स्थापित करने का प्रस्ताव रखा है। यह यूपीएससी और विभिन्न राज्य लोक सेवा आयोगों (पीएससी) की श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों का भंडार होगा। यह घोषणा यूपीएससी के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार ने राज्य लोक सेवा आयोगों के अध्यक्षों और सदस्यों के साथ हुई वर्चुअल बैठक की अध्यक्षता करते हुए की।




डॉ. कुमार ने बताया कि यह 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी), नवाचारों और महत्वपूर्ण सीखों का ज्ञान केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि यूपीएससी इस पहल की अगुवाई करेगा, लेकिन राज्य पीएससी की सक्रिय भागीदारी और सुझाव अहम होंगे। यह केंद्र न केवल यूपीएससी और राज्य पीएससी बल्कि अन्य राष्ट्रीय भर्ती संस्थाओं के लिए भी उपयोगी साबित होगा। बैठक में डॉ. कुमार ने 'प्रतिभा सेतु' पोर्टल की सफलता का भी उल्लेख किया, जिसके माध्यम से इंटरव्यू तक पहुंचे लेकिन अंतिम सूची में जगह न बना सके अभ्यर्थियों को अर्ध-सरकारी, निजी और अन्य संगठनों में अवसर प्रदान किए गए। उन्होंने कहा कि यह पहल आयोग की व्यापक प्रतिभा उपयोग के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। बैठक में राज्य पीएससी की ओर से कई अहम सुझाव सामने आए, जिनमें आकांक्षी जिलों में परीक्षाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता प्रमुख रही। सदस्यों ने कहा कि इन क्षेत्रों की प्रतिभा को मार्गदर्शन और संसाधनों की कमी बाधित करती है, ऐसे में जागरूकता अभियान और मेंटरिंग कार्यक्रम जरूरी हैं ताकि हर वर्ग और क्षेत्र के युवाओं को समान अवसर मिल सके। यूपीएससी सदस्य डॉ. दिनेश दासा ने राज्य पीएससी को शताब्दी समारोहों के अंतर्गत अपने-अपने राज्यों में अपनाई गई श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों की प्रदर्शनी लगाने और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने बताया कि पहली बार राज्य पीएससी के अध्यक्षों और सदस्यों को यूपीएससी शताब्दी समारोह में भागीदारी के लिए आमंत्रित किया गया है।

इस बैठक में 27 राज्य लोक सेवा आयोगों के अध्यक्षों और सदस्यों ने भाग लिया और शताब्दी वर्ष आयोजनों में पूरे उत्साह और सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में यूपीएससी के सचिव शशि रंजन कुमार, अतिरिक्त सचिव जयप्रकाश पांडेय, संयुक्त सचिव संतोष अजमेरा और हंसा मिश्रा भी उपस्थित रहे।

# एमसीडी में स्थायी समिति की अध्यक्ष ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों व राहत शिविरों में कीटनाशकों के छिड़काव के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली,। दिल्ली नगर निगम में स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने बुधवार को जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को यमुना के आस पास बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों एवं राहत शिविरों में मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए कीटनाशकों का छिड़काव करने के निर्देश दिए।



सत्या शर्मा ने कहा कि राहत शिविरों में अतिरिक्त डोमेस्टिक ब्रीडिंग चेकर्स (डीबीसी) कर्मचारियों की तैनाती की जाए ताकि मच्छरों के लार्वा की समय पर रोकथाम हो सके और डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया जैसी बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके।

शर्मा ने यह भी निर्देश दिया कि मच्छर जनित बीमारियों के रोकथाम के लिये डीबीसी कर्मचारियों की विशेष टीम गठित की जाए। जो प्रभावित क्षेत्रों में नियमित रूप से जाकर समन्वित तरीके से कार्य करे।

साथ ही उन्होंने राहत शिविरों में रहने वाले नागरिकों के बीच क्लोरीन की बोतलें एवं ओआरएस पैकेट वितरित करने के भी निर्देश दिए।

शर्मा ने अधिकारियों से कहा कि दिल्ली सरकार के साथ समन्वय कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में हरसंभव सहायता प्रदान की जाए और स्थानीय स्तर पर लोगों को जागरूक करने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। साथ ही स्वास्थ्य संदेशों वाले पोस्टर, स्टिकर और बैनर भी लगाए जाए।

# बिहार बंद को सफल बनाने को लेकर एनडीए नेता हुए एकजुट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूर्वी चंपारण । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां को लेकर किये गये अभद्र शब्दों के प्रयोग के विरोध में आहुत बिहार बंद को सफल बनाने को लेकर बुधवार को मोतिहारी के गांधी कॉम्प्लेस स्थित भाजपा के संसदीय कार्यालय में एनडीए की एक संयुक्त प्रेसवार्ता आयोजित किया गया,जिसमे विधायक प्रमोद कुमार,लोजपा के जिलाध्यक्ष धरणीधर मिश्रा, भाजपा प्रवक्ता प्रकाश अस्थाना, उप मेयर डॉ लालबाबू प्रसाद, साजिद रजा, संगीता चित्रांश, रालोमो के प्रदेश महासचिव डॉ दीपक कुमार,जिला मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद एवं जदयू प्रवक्ता संजीव कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य एनडीए के नेतागण उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पवन राज ने कहा कि इंडी गठबंधन के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां को लेकर अभद्र शब्दों का प्रयोग किया गया है वह काफी आपत्तिजनक है। उन्होंने कहा कि जो औरों की मां का सम्मान नहीं कर सकता, वो अपनी मां का भी सम्मान नहीं कर सकता।

घटना के विरोध में 04 सितंबर को मोतिहारी बंद रहेगा। उन्होंने सभी व्यवसायियों से अपनी-अपनी दुकानों को बंद रखने का आह्वान करते हुए कहा कि अनिवार्य सेवाओं के साथ अनंत चतुर्दशी के मद्देनजर कांवर यात्रा का मार्ग खुला रहेगा।उन्होने सभी संस्थाओ से आग्रह किया कि प्रधानमंत्री और देश की सभी माताओ के सम्मान में अपना अपना प्रतिष्ठान बंद रख कर इस निंदनीय घटना के विरूद्ध अपना रोष प्रकट करे।

# देश और बिहार में मोदी–नीतीश की विकासोन्मुख जोड़ी का कोई विकल्प नहीं: उमेश सिंह कुशवाहा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने पार्टी कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की विकासपरक जोड़ी के पक्ष में एक बार फिर से बढ़-चढ़कर मतदान करने का आह्वान किया है। वे मुजफ्फरपुर के सकरा विधानसभा में आयोजित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।



जदयू के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बिहार में राजग को और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए आगामी चुनाव में सकरा से पुनः राजग उम्मीदवार की प्रचंड जीत सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अब विधानसभा चुनाव में बहुत दिन बचे हैं। ऐसे समय में गठबंधन दलों के प्रत्येक कार्यकर्ता को आपसी समन्वय और तालमेल स्थापित करते हुए बूथ स्तर पर सघन अभियान चलाना होग और बीते 20 वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियों तथा डबल इंजन सरकार की विकासोन्मुखी नीतियों को घर-घर पहुंचाना होगा।

उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बिहार में नीतीश कुमार का कोई विकल्प नहीं है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार प्रतिदिन विकास की नई सीढ़ियां चढ़ रहा है। हाल ही में लागू की गई 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' आधी आबादी को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम है। इसके साथ ही 125 यूनिट मुफ्त बिजली, 1 करोड़ रोजगार का सृजन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन में वृद्धि तथा विभिन्न विभागों के सरकारी कर्मियों के मानदेय में बढ़ोतरी जैसे कल्याणकारी फैसले प्रदेश की बड़ी आबादी को लाभान्वित कर रहे हैं।

कुशवाहा ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस के राजनीतिक युवराजों के पास जनहित से जुड़ा कोई ठोस मुद्दा नहीं है। यही कारण है कि उन्होंने 'वोटर अधिकार यात्रा' के नाम पर जनता में भ्रम फैलाने की कोशिश की। लेकिन जनता ने उनकी इस चाल को पूरी तरह नाकाम कर दिया। उन्होंने महागठबंधन के मंच से प्रधानमंत्री की दिवंगत माँ के प्रति की गई असम्मानजनक टिप्पणी की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि हार की घबराहट में विपक्ष राजनीतिक मर्यादा तक भूल चुका है।

## दीदी अधिकार केंद्र' का उद्घाटन, जीविका दीदियों को मिलेगी कानूनी सहायता

फारबिसगंज/अररिया। अररिया जिले के फारबिसगंज प्रखंड में जीविका से जुड़ी महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण पहल 'दीदी अधिकार केंद्र' की शुरुआत की गई है। इस केंद्र का उद्घाटन फारबिसगंज की मुख्य पार्षद वीणा देवी, प्रेरणा सीएलएफ की लीडर्स, प्रखंड परियोजना प्रबंधक आशीष रंजन, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी शशि रंजन, प्रबंधक सामुदायिक वित्त वीरेंद्र कुमार दास और प्रबंधक सामाजिक विकास चंदा कुमारी ने संयुक्त रूप से किया।

इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य जीविका दीदियों को घरेलू हिंसा, छेड़खानी और अन्य लैंगिक उत्पीड़न के मामलों में सहायता, परामर्श और कानूनी समाधान प्रदान करना है। इस पहल से अब महिलाओं को कानूनी सहायता के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा, बल्कि सभी समस्याओं का समाधान एक ही छत के नीचे मिल सकेगा।यह केंद्र ग्रामीण और शहरी महिलाओं को वित्तीय, कानूनी और सामाजिक सहायता प्रदान करेगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और सामाजिक

## भाजपा ने खजूरी चौक पर फूंका कांग्रेस का पुतला, किया प्रदर्शन

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उत्तर पूर्वी लोकसभा से सांसद मनोज तिवारी के नेतृत्व में बुधवार को भाजपा विधायकों ने कांग्रेस के खिलाफ खजूरी चौक पर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने प्रधानमंत्री की मां के साथ देश की सभी माताओं को अपमान किया है। मनोज तिवारी ने कहा कि कांग्रेस ने प्रधानमंत्री की मां को अपशब्द कह कर हर मां का अपमान किया है। निंदा करते हुए कहा कि कांग्रेस के नकारात्मकसोच के नेता आज प्रधानमंत्री की मां को अपशब्द कह कर पूरे देश की माताओं का अपमान कर रहे है। इसके लिए देश की जनता और कानून माफ नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा माताओं का सम्मान करती है और उनसे आशीर्वाद लेती है, परन्तु कांग्रेस ना तो मां का सम्मान करती ना नारी का।प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल ने कहा कि कांग्रेस अराजकता फैलाने का काम करती है और साथी दलों के साथ मिलकर सस्ती राजनीति करने में माहिर है।

# ठगी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी जिले की साइबर थाना पुलिस ने दूसरे के खाते से रुपये निकालने वाले एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान परशुराम (29) के रूप में हुई है। सड़क पर एक राहागीर ने आरोपित को मोबाइल बेच दिया था। मोबाइल लॉक था, लेकिन उसके डिस्प्ले पर खाते में मोटी रकम होने का मैसेज आया हुआ था।

काफी कोशिश के बाद भी आरोपित से मोबाइल तो नहीं खुला, लेकिन आरोपित ने फोन की सिम निकालकर उसे अपने मोबाइल में डाला। बाद में पीड़ित की सिम से यूपीआई पिन जनरेट कर खाते से तीन लाख रुपये निकाल लिए। पुलिस ने आरोपित के पास से वारदात में इस्तेमाल मोबाइल फोन बरामद किया है।




उत्तर-पूर्वी जिले के डीसीपी आशीष मिश्रा ने बुधवार को बताया कि पिछले दिनों सबोली एक्सटेंशन निवासी पप्पू सिंह ने साइबर ठगी की एक शिकायत दी थी। पीड़ित ने बताया कि 26 जून को उनका मोबाइल किसी ने चोरी कर लिया था। इस बीच उनको पता चला कि किसी ने उनकी बेटी के खाते से 26 जून से 28 जून के बीच तीन लाख रुपये निकाल लिए।

दरअसल पप्पू सिंह का मोबाइल नंबर बेटी के खाते से लिंक था। पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की। टेक्निकल सर्विलांस की मदद से इस बात का पता लगाया गया कि ठगी की रकम किस खाते में पहुंची है। इस आधार पर पुलिस ने आरोपित झिलमिल कालोनी निवासी परशुराम को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपित ने बताया कि वह पेशे से ई-रिक्शा चालक है। 26 जून को सड़क पर उसने एक अज्ञात व्यक्ति से मोबाइल खरीदा था। उससे आरोपित ने पीड़ित के खाते से रकम निकाल ली। आरोपित ने बताया कि पीड़ित का मोबाइल उसने नाले में फेंक दिया था।

# रुपये के लेनदेन में बदमाशों ने चलाई गोली, गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। उत्तर-पश्चिम जिले के आदर्श नगर इलाके में रुपये के लेनदेन में दो बदमाशों ने हवा में कई राउंड गोलियां चला दीं। वारदात के बाद आरोपित पीड़ित को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपितों की पहचान ऋतिक उर्फ गोगी उर्फ उदय (22) और इसका साथी उमेश उर्फ ब्रिजेश (22) के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल पिस्टल, दो कारतूस और स्कूटी बरामद कर ली है।

जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपित ऋतिक उर्फ गोगी उर्फ उदय पहले से हत्या के एक मामले में शामिल रहा है। पुलिस पकड़े गए आरोपितों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

उत्तर-पश्चिम जिले के डीसीपी भीष्म सिंह ने बुधवार को बताया कि सोमवार रात को आदर्श नगर इलाके में गोली चलने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर शिकायतकर्ता राजेश कुमार मिले। उन्होंने बताया कि उनके बेटे आवेश ने गोगी नामक युवक को पांच लाख रुपये उधार दिए हुए थे। उनके बेटे ने जब अपने पैसे मांगे तो आरोपित धमकी देने लगे। सोमवार रात को आरोपितों ने उनके घर के बाहर गोली चलाकर भाग गया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर आरोपितों को गिरफ्तार किया।

# कई जगहो पर आधा से तीन फीट तक धंस चुकी सड़क

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रुद्रप्रयाग। ऋषिकेश-बदरीनाथ और रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड राजमार्ग को जोड़ने वाला रैंतोली-जवाड़ी बाईपास भूधंसाव की चपेट में आ गया है। यहां, कई जगहों पर गहरी दरारें पड़ गई हैं, जो निरंतर बढ़ रही हैं। यहां कई जगहों पर आधा फीट से दो फीट तक दरारें पड़ गई हैं। वहीं, एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है।

इधर, विधायक भरत सिंह चौधरी ने बाईपास का स्थलीय निरीक्षण किया है। उन्होंने बाईपास के स्थायी ट्रीटमेंट के लिए केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गड़करी और केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा को पत्र भेजा है। पिछले बीस दिनों से बाईपास भूधंसाव की चपेट में है। यहां प्राकृतिक जलस्रोत से सड़क धंस रही है। यहां पर सड़क आधा से ढाई फीट तक धंसी हुई हैं। वहीं, इको पार्क के समीप सड़क तीन फीट तक धंस चुकी है, जिसे समतल करने के लिए एनएच ने पत्थर व मिट्टी बिछाई हुई है।



बाईपास का लगभग दो सौ मीटर हिस्सा धंस रहा है, जो कभी भी बड़ी समस्या बन सकता है। अगर, इस प्रभावित हिससे की स्थायी मरम्मत नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में ऑलवेदर रोड परियोजना के तहत निर्मित 900 मीटर सुरंग का महत्व भी शून्य हो जाएगा। क्योंकि यात्राकाल में इसी बाईपास से वाहन सुरंग के रास्ते बदरीनाथ हाईवे तक पहुंचेंगे। वहीं, जनपद चमोली से आने वाले वाहन भी सुरंग के सहारे बाईपास होकर श्रीनगर, पौड़ी के लिए भेजे जाने की योजना है। लेकिन, मौजूदा समय में बाईपास दिनोंदिन दरक रहा है। इधर, मंगलवार को रुद्रप्रयाग विस के विधायक भरत सिंह चौधरी ने बाईपास का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि बाईपास में हो रहे धंसाव से जखोली ब्लॉक के भरदार पट्टी के गांवों को जोड़ने वाला जवाड़ी-दरमोला मोटर मार्ग, इको पार्क और डिग्री कॉलेज परिसर को भी खतरा हो रहा है। बताया कि बाईपास के ठीक नीचे बह रही

**जल्द सुरक्षा नहीं होने से बढ़ सकती हैं मुश्किलें**

**विधायक ने किया बाईपास का निरीक्षण**

**केंद्रीय मंत्री गडकरी को भेजा पत्र**

अलकनंदा के तेज बहाव से हो रहे भू-कटाव के चलते ऊपरी तरफ भूधंसाव हो रहा है। उन्होंने बाईपास के जल्द स्थायी ट्रीटमेंट पर जोर देते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा सहित मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र भेजकर स्थिति से अवगत कराया है। उन्होंने पत्र में केंद्र सरकार से जल्द से जल्द बाईपास को सुरक्षित करने के लिए अलकनंदा नदी किनारे सुरक्षात्मक कार्य कराने की बात कही है। निरीक्षण के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष भारत भूषण भट्ट, निवर्तमान जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुमंत तिवारी, सतेंद्र बत्र्वाल, कुंवर सत्यार्थी, संदीप कप्रवाण मौजूद थे।

## बिहार बंद को लेकर प्रचार वाहन को किया गया रवाना,कल दुकान और प्रतिष्ठान बंद रखने की अपील

अररिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां को गाली देने के विरोध में भाजपा समेत एनडीए के सहयोगी दलों की आहुत बिहार बंद को लेकर सड़कों पर उतरेंगे। बिहार बंद को लेकर बुधवार को फारबिसगंज विधायक जनसंपर्क कार्यालय से प्रचार वाहन को रवाना किया गया।भाजपा समेत एनडीए के घटक दल के नेता राहुल गांधी और तेजस्वी से माफी मांगने की मांग कर रहे है।

मौके पर विधायक विद्यासागर केशरी उर्फ मंचन केशरी ने प्रधानमंत्री की मां को गाली देने की घटना की निंदा की।उन्होंने कहा एनडीए के कार्यकर्ताओं में काफी रोष है,जिसको लेकर आगामी 4 सितंबर को बिहार बंद करने का आह्वान किया गया है।जिसमें भाजपा कार्यकर्ता बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा बंद अति आवश्यक सेवाओं जैसे रेल, अस्पताल, नेशनल हाईवे, एंबुलेंस आदि को मुक्त रखा जाएगा। विधायक श्री केसरी ने सभी दुकानदारों, व्यापारिक प्रतिष्ठान के मालिकों से बंद में सहयोग की अपील की। मौके पर बीजेपी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष मनोज झा ने कहा कि भाजपा समेत एनडीए के सहयोगी दल सड़कों पर उतरेंगे। बंद सुबह 7 से दोपहर 12 बजे तक रहेगा। इमरजेंसी सेवाएं, रेल आदि बंद के दौरान भी चालू रहेंगी।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063